# भाकृअनुप – राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
# ICAR - NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES, PUNE

## वार्षिक प्रतिवेदन
## ANNUAL REPORT 2015-16

मुखपृष्ठ (1) केंद्र में विकसित संकर मेडिका की अंगूरलता, (2) मेडिका का परिरक्षित जूस, (3) बिक्री काऊंटर पर विशिष्ट आगंतुक मेडिका के ताजे जूस का आनंद लेते हुए, (4) मेडिका जूस से निष्कर्षित स्प्रे शुष्क एंथोसाइनिन पाउडर और कैप्सुल।

Cover page illustrates (1) Grapevine of Medika, a hybrid developed at the Centre (2) Preserved juice from Medika, (3) Distinguished visitors enjoying the fresh Medika juice served at sale counter, (4) Spray dried anthocyanin extracted from Medika juice in powder and capsule form.

# वार्षिक प्रतिवेदन
# ANNUAL REPORT 2015-16

## भाकृअनुप – राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र

(आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित संस्थान)

डाक पेटी सं 3, मांजरी फार्म डाक घर, सोलापुर मार्ग, पुणे – 412307

## ICAR-NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES

(An ISO 9001:2008 Certified Institute)

P.B. No.3, Manjri Farm P.O., Solapur Road, Pune - 412307.

## सही उद्धरण / Correct Citation:

वार्षिक प्रतिवेदन 2015-16, भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे. पृ. 138

Annual Report 2015-16. ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune. Pp. 138

## संपादन / Edited by:

डॉ. सं.दी. सावंत Dr. S.D. Sawant

डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay

डॉ. अ.कु. शर्मा Dr. A.K. Sharma

डॉ. दी.सिं. यादव Dr. D.S. Yadav

## फोटो क्रेडिट्स / Photo Credits:

डॉ. सं.दी. सावंत Dr. S.D. Sawant

डॉ. अ.कु. शर्मा Dr. A.K. Sharma

डॉ. अ.कु. उपाध्याय Dr. A.K. Upadhyay

## हिन्दी अनुवाद / Hindi Translation:

डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay

डॉ. अ.कु. शर्मा Dr. A.K. Sharma

डॉ. दी.सिं. यादव Dr. D.S. Yadav

## वर्ड प्रोसेसिंग / Word Processing:

सुश्री शैलजा वि. साटम Ms. Shailaja V. Satam

## प्रकाशन / Published by:

निदेशक, भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे - 412307.

Director, ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune - 412307.

## मुद्रण / Printed at:

प्रिंट ईम्प्रेशन्स, 131/7ब हड़पसर इंडस्ट्रीयल इस्टेट, पुणे 411013.

Print Impressions, 131/7B Hadapsar Industrial Estate, Pune 411013.

# विषय सूची
# CONTENTS


| | |
|---|---|
| प्रस्तावना PREFACE | i |
| कार्यकारी सारांश EXECUTIVE SUMMARY | v |
| परिचय INTRODUCTION | 1 |
| अनुसंधान उपलब्धियाँ RESEARCH ACHIEVEMENTS | 8 |
| सहयोगी, बाह्य वित्त पोषित, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श परियोजनायें COLLABORATIVE, EXTERNALLY FUNDED, CONTRACT RESEARCH AND CONSULTANCY PROJECTS | 72 |
| उत्तर-पूर्व पर्वतीय और आदिवासी उप योजना कार्यक्रम PROGRAMME FOR NEH AND TSP | 80 |
| प्रौद्योगिकी आंकलन और स्थानांतरण TECHNOLOGY ASSESSED AND TRANSFERRED | 83 |
| प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण TRAINING AND CAPACITY BUILDING | 91 |
| पुरस्कार एवं सम्मान AWARDS AND RECOGNITIONS | 96 |
| बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं सहित संयोजन और सहयोग LINKAGES AND COLLABORATION INCLUDING EXTERNALLY FUNDED PROJECTS | 100 |
| प्रकाशन PUBLICATIONS | 101 |
| सार्थक निर्णयों के साथ क्यूआरटी, आरएसी, आईएमसी, आईआरसी की बैठकें MEETINGS OF QRT, RAC, IMC, IRC WITH SIGNIFICANT DECISIONS | 106 |
| परामर्श कार्य, पेटेंट और प्रौद्योगिकी का व्यवसायीकरण CONSULTANCY, PATENTS AND COMMERCIALISATION OF TECHNOLOGY | 113 |
| अनुमोदित अविरत संस्थान कार्यक्रम APPROVED ON-GOING INSTITUTE PROGRAMMES | 115 |
| वैज्ञानिकों की सम्मेलन, बैठक, कार्यशाला, सेमिनार आदि में सहभागिता PARTICIPATION OF SCIENTISTS IN CONFERENCES, MEETINGS, WORKSHOPS, SEMINARS, SYMPOSIA, ETC. | 118 |
| आगन्तुक VISITORS | 123 |
| कार्मिक PERSONNEL | 125 |
| बुनियादी ढांचा विकास INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT | 127 |
| अन्य गतिविधियां OTHER ACTIVITIES | 128 |
| मौसम आंकड़े METEOROLOGICAL DATA | 134 |
| लघुरुप ABBREVIATIONS | 135 |

# प्रस्तावना
# PREFACE

इस तुड़ाई मौसम 2015-16 में ओलावृष्टि और बेमौसम वर्षा जैसी चरम घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हुई। अतः इस वर्ष अंगूर का रिकॉर्ड उत्पादन (2827000 टन) और ताजे फल का रिकॉर्ड निर्यात (84000 टन) होने की सूचना है। रिकॉर्ड उत्पाद के बावजूद भी बाजार की दर में मुख्य गिरावट नहीं देखी गई और किसानों को काफी अच्छे दाम मिले। इस से एक बार फिर भारतीय अंगूर उद्योग की मजबूती की पुष्टि होती है। ताजे अंगूर का निर्यात, देश में लम्बी दूरी तक क्रय-विक्रय, किशमिश का उत्पादन और शीत भंडारण आदि गतिविधियां दर में भारी गिरावट को रोकने के लिए एक दूसरे की समपूरक है।

अब तक यूरोप को अंगूर निर्यात अप्रैल-मई के दौरान विशेष अवधि खिडकी का लाभ ले रहा था। परंतु हाल के वर्षों में दिसंबर से ही अंगूर निर्यात आरंभ होता है और वास्तव में अगेती निर्यात से बेहतर दाम मिलते हैं। पिछले मौसम के दौरान भारत से 77 देशों को अंगूर निर्यात हुआ जिनमें से 21 यूरोपीय देश, शेष 56 दक्षिण-पूर्वी एशिया, खाडी के देश, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, रुस, चीन आदि देश थे। यह ध्यान देने वाली बात है कि 95% से अधिक निर्यातित अंगूर सिर्फ एक किस्म यानि थॉमसन सीडलैस का है। निर्यात में स्थायित्व बनाए रखने के लिए हमें अपनी किस्मों में विविधता लानी होगी। रंग, मणि, आकार, सुगंध में विभिन्नता की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आने वाले वर्षों में, भाकृअनुप-रा.अं.अनु.कें. को ताजे अंगूर में नई किस्मों को प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

उष्णकटिबन्धीय परिस्थितियों में 16 मिमी व्यास से अधिक और बड़ी मणि प्राप्त करने के लिए जैव नियामकों के प्रयोग की आवश्यकता होती है। जैव नियामकों के अत्याधिक प्रयोग से अंगूर के स्वाद में काफी गिरावट आती है, जिससे ग्राहक स्वीकार्यता में गिरावट आती है। जिन किस्मों में जैव नियामकों की कम या बिलकुल आवश्यकता नहीं होती वह लाभप्रद होगी। परन्तु जब तक ऐसी नई किस्म नहीं मिलती, थॉमसन सीडलैस में जैव नियामकों के अनुकूलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विस्तार गतिविधियां महत्वपूर्ण होगी।

हालांकि पिछले वर्ष अंगूर का रिकॉर्ड निर्यात हुआ लेकिन हम इस बात से अत्याधिक चिंतित हैं कि अवशेष निगरानी कार्यक्रम

Repeat of extreme events like hailstorm and untimely rains were not reported during harvesting season 2015-16. Hence, record production of grapes (2827000 MT) and record export of table grapes (84000 MT) were reported this year. In spite of record production, major collapse of market rates was not noticed and farmers got good returns. This has again projected robust nature of Indian grape industry. Export of table grapes, long distance marketing within country, production and cold storage of dry grapes, complement each activity to avoid collapse of rates.

So far grape export in Europe was taking advantage of exclusive window during April and May. But in recent years, export of grapes starts from December onwards and in fact early export get better returns. During last season India exported table grapes to 77 countries, out of which only 21 countries are EU countries, while rest of 56 countries include countries from South East Asia, Gulf, Africa, South America, Russia, China, etc. We must note that more than 95% of our grape export belong to single variety i.e. Thompson Seedless. If our export needs to be sustainable, we need variation in our varieties. Variation in colour, and shape of berries, aroma, etc. may play important role. In coming years, ICAR-NRCG will have to play important role in introducing new varieties in table grapes.

Under tropical conditions use of growth regulators is needed to produce bold berries of more than 16 mm diameter. Excess use of growth regulators, substantially reduce palatability of grapes which affect the consumer acceptability adversely. Varieties that need less or no growth regulators will be thus advantageous. However, till we get new varieties, extension activities to optimize the use of growth regulators in Thompson Seedless will be of importance.

Even though during last season highest export of table grapes was recorded, we are highly concerned with the fact that 12.3% of the samples were rejected due to

(आरएमपी) में 12.3% नमूने उनके अधिकतम अवशेष सीमा (एम आरएल) के गैर-अनुपालन के कारण अस्वीकृत हुए। इसके अलावा अनेक नमूने जो एमआरएल अनुपालन के लिए स्पष्ट थे, उनमें 5 से अधिक कृषि रसायनों के एमआरएल से कम अवशेष थे। यह वृद्धि विश्लेषण के लिए अत्याधिक संवेदी उपकरणों के उपयोग के कारण भी हो सकती है। तथापि यह देखा गया है कि पुराने ऑर्गेनोफॉस्फोरस कीटनाशकों के मुकाबले नई पीढ़ी के कीटनाशक कम जहरीले हैं। ये कीटनाशक 7-8 दिन में एमआरएल स्तर के नीचे तक अपघटित हो जाते हैं लेकिन उपयोग के 60-70 दिन बाद तक विश्लेषण में देखे जाते है। मार्च-अप्रैल में अवशेषहीन अंगूरों का उत्पादन सरल था क्यों कि ऐसे अंगूरों के लिए छंटाई अक्तूबर के बाद की जाती है जब बारिश की सम्भावना अत्याधिक कम और रोग एवं कीट जोखिम न्यूनतम होती है। लेकिन दिसंबर से मार्च के दौरान अंगूर उत्पादन के लिए सितंबर में छंटाई की जाती है। उस समय अंगूर खेती के क्षेत्रों में वर्षा होती है और कीट जोखिम बहुत अधिक होता है। इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में हमें पादप संरक्षण विधि विशेष तौर पर कृषि रसायनों के प्रकार में बदलाव करना होगा।

भाकृअनुप-रा.अं.अनु.कें. ने डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधी किस्म के विकास, परिस्थितिकी निम्न प्रोफाइल कृषि रसायनों के आंकलन, रोग और कीट प्रबंधन के लिए जैव नियंत्रण कारकों और कीटनाशी प्रतिरोधिकता कम करने के लिए कूटनीति बनाने की दिशा में प्रगति की है। यह आशा है कि इन अनुसंधानों के परिणाम रोग और कीट प्रबंधन के लिए आवश्यक कूटनीति के विकास और स्थायित्व अंगूर उत्पादन में सहायक होंगे।

सिंचाई जल बहुत महत्वपूर्ण आगत है क्योंकि अधिकतर अंगूर खेती कम वर्षा वाले क्षेत्रों में होती है। कुछ बगीचे विशेषतः सांगली और सोलापूर जिलों में, जनवरी से जून तक सिंचाई के लिए जल लम्बी दूरी से टैंकर द्वारा मंगाते हैं। जल के अनुकूलतम उपयोग के लिए भाकृअनुप-रा.अं.अनु.कें. ने तसला बाष्पीकरण आधारित सिंचाई सारणी तैयार की है और जल बचत प्रौद्योगिकी जैसे उपसतही सिंचन, मल्चिंग आदि सम्मिलित की है। वर्ष 2015-16 के दौरान किसानों के बगीचे में इन प्रौद्योगिकियों को उन्नत करने के लिए अनुसंधान-प्रदर्शन परीक्षण सूखा प्रवण क्षेत्रों जत और पलसी में सफलतापूर्वक किया और किसान प्रक्रिया के मुकाबले 30 % जल में बचत को दर्शाया गया। नई तकनीक आंशिक जड़ शुष्कन (पीआरडी) पर आरंभ अनुसंधान सिंचाई जल में और बचत में सहायक होगी। आने वाले वर्षों में, जल के अतिप्रयोग को कम करने के लिए, नासिक में भी ऐसे ही अनुसंधान-प्रदर्शन परीक्षण किए जाएंगे।

non-compliance of MRL, by our RMP. Further, many samples, which were cleared for MRL compliance, had detection of more than 5 agrochemicals residues below MRL. These number of detections might have increased due to use of highly sensitive equipments for analysis. However, it has been observed that unlike old organophosphorus pesticides, new generation pesticides are less toxic. They dissipate below MRL within 7-8 days but remain detectable more than 60-70 days after application. Production of pesticide residue free grapes during March-April was much easy because for these grapes fruit pruning is taken after October, when possibility of rain is very less and risk of diseases and insect pests is very minimum. But production of grapes during December to March, fruit pruning has to be done during September, when most grape growing areas get rains and pest risks are very high. This means in coming years we need change in our strategy for plant protection, especially in use of type of agrochemicals.

ICAR-NRCG has done considerable progress in developing varieties resistant to downy mildew, evaluating ecologically low profile agrochemicals and biocontrol agents for management of diseases and insect pests and in developing strategies for reducing pesticide resistance. It is hoped that with the help of the results of these research we will be able to develop required strategy for disease and insect pest management and make grape production sustainable.

Irrigation water is very critical input as most grape growing area is restricted to low rainfall zone. Many vineyards, especially in Sangli and Solapur districts, get irrigation water from long distances during January to June. For optimum use of water, the Centre has developed irrigation schedule based on pan evaporation rates, and has incorporated water saving technologies, such as use of sub-surface irrigation, mulching etc. During 2015-16 research-cum-demonstration trials to fine tune these technologies on farmers' vineyards were successfully conducted in drought-prone areas in Jat and Palsi, where more than 30% water saving over farmers' practice was demonstrated. Initiation of research on new technique called partial root zone drying (PRD) may help further saving of irrigation water. In coming years, these research-cum-demonstration trials will be conducted in Nasik area also to reduce excess use of water.

रोग प्रबंधन पर ऑनलाइन स्थान विशेष मौसम जानकारी आधारित सलाहकारी प्रयोग में सफलता के बाद भाकृअनुप–रा. अं.अनु.कें. ने पोषण, सिंचाई, कीट और माइट प्रबंधन के लिए भी सलाहपद्धति विकसित की है। इन प्रौद्योगिकियों का किसानों के बगीचों में मानकीकरण किया जा रहा है। अतिशीघ्र इन सभी सलाहकारियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाकर अंगूर खेती के लिए संपूर्ण सलाहकारी तैयार होने की संभावना है।

पिछले वर्ष के दौरान केंद्र ने अपनी नई संकर, मेडिका के अंगूर से स्प्रे शुष्क एंथोसाइनिन पाउडर तैयार किया है। प्रारंभिक प्रयोगों में इस एंथोसाइनिन ने एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–कैंसर गुण दिखाए है। कैप्सूल स्वरूप में इसके निर्माण की योजना बनाई गई है। 4.0 ग्राम एंथोसाइनिन/किग्रा अंगूर की असाधारण प्राप्ति से प्रौद्योगिकी में उम्मीद दिखी है। आने वाले वर्षों में हम एंटी–ऑक्सीडेंट और एंटी–कैंसर गुण के साथ अंगूर उत्पादों को विकसित के लिए और अधिक अनुसंधान करेंगें।

डॉ. एस. अय्यपन, पूर्व सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग और महानिदेशक, भाकृअनुप तथा डॉ. एन. के. कृष्णकुमार, उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) से मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की हम सराहना करते हैं। उनके समर्थन के बिना हमारी उन्नति सम्भव नहीं थी। हम हमारे नए महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा का हार्दिक स्वागत करते है और उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन की उम्मीद करते हैं।

इस अवसर पर मैं अनुसंधान सलाहकार समिति और संस्थान प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को भी हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

With initial success in use of online location specific weather information based advisory on disease management, ICAR-NRCG has now developed similar advisory system for management of nutrition, irrigation and insects and mites. The technologies are in the process of validation on farmers' vineyards. Very soon we are expected to bring all these advisories on single platform to make it complete viticulture advisory.

During last year the Centre has prepared spray dried anthocyanin powder from grapes of our new hybrid Medika. These anthocyanins have shown antioxidant and anti-cancerous properties in initial experiments. Its formulation in capsule has been planned. Extraordinary recovery of about 4.0g anthocyanin/kg grapes has shown promise in the technology. In future years we are likely to take up more research to develop products from grapes with anti-oxidant and anti-cancerous properties.

Guidance and encouragement by Dr. S. Ayyappan, Ex-Secretary (DARE) and Director General (ICAR) and Dr. N.K. Krishna Kumar, Dy. Director General (Horticultural Science) is highly appreciated. Without their support the progress made was not possible. We heartily welcome Dr. Trilochan Mohapatra as our new Director General and expect his valuable support and guidance.

I take this opportunity to extend our sincere thanks to all the members of RAC and IMC.

(**सं.दी. सावंत / S.D. SAWANT**)

निदेशक / Director

स्थान / Place: पुणे / Pune

दिनांक / Date: मई / May 2016

# कार्यकारी सारांश
# EXECUTIVE SUMMARY

भारत में अंगूर उत्पादन और प्रसंस्करण से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए मिशन उन्मुख अनुसंधान हेतु भाकृअनुप–राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र अंगूर, पुणे जनवरी 1997 में स्थापित किया गया था ।

अनुसंधान आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन और जैव प्रौद्योगिकी, उत्पादन प्रौद्योगिकी, पादप स्वास्थ्य प्रबंधन और तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी और मूल्य संवर्धन के व्यापक क्षेत्रों के तहत किया जा रहा है। संस्थागत अनुसंधान कार्यक्रमों के अलावा, कई बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं का कार्य भी प्रगति में है। केंद्र परामर्श सेवाओं और अपने अधिदेश से संबंधित अनुबंध अनुसंधान भी करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान किए गए अनुसंधान की उपलब्धियों को नीचे संक्षेप में दिया जा रहा है।

## अंगूर का संरक्षण, निरूपण और उपयोग

पराग संरक्षण के लिए सुविधा स्थापित की गई और 287 अंगूर प्रविष्टियों का पराग संरक्षित किया गया। रोग प्रतिरोध और मणि लक्षणों के स्रोत के जननद्रव्य को प्रबल बनाने हेतु, तेरह अंगूर प्रविष्टियों को यूएसडीए, संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात किया गया। 241 जननद्रव्य प्रविष्टियों के लिए आईसी अंक प्राप्त किए गए वर्तमान में 292 प्रविष्टियों के आईसी अंक है।

15 गुणात्मक और 20 मात्रात्मक लक्षणों के आधार पर अंगूर की 100 प्रविष्टियों का चरित्रचित्रण किया गया। इन लक्षणों के लिए प्रविष्टियों में काफी अंतर देखा गया। मणि तथा गुच्छा वर्णों में योगदान देने वाले लक्षणों में सकारात्मक संबंध देखा गया।

दूसरे वर्ष भी अंगूर की चार संभावित किस्मों का बहु–स्थानीय आंकलन किया गया था। अंगूर की खाने योग्य क़िस्मों में, उच्च गुच्छा भार की तुलना में, मांजरी नवीन में गुणीय अंगूर प्राप्त करने के लिए 40 गुच्छे/लता और 30 गुच्छे/लता क्रमश: पुणे (10'x6' अंतराल) और नासिक (8' x 5' अंतराल) परिस्थितियों में उपयुक्त पाया गया था, जबकि ए18/3 के लिए पुणे में 60 गुच्छे/लता (10' x 6' अंतराल) तथा नासिक में 30 गुच्छे/लता (8' x 5' अंतराल) का गुच्छा भार इष्टतम था। रस की किस्म मेडिका के लिए,

ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission oriented research to address the issues related to grape production and processing in India.

Research is being carried out under broad areas of genetic resource management and biotechnology, production technologies, plant health management and postharvest technology and value addition. Besides institutional research programs, several externally funded projects are also in progress. The Centre undertakes consultancy services and contractual research related to mandate. The research achievements made during the year are summarized below.

## CONSERVATION, CHARACTERIZATION AND UTILIZATION OF GRAPE

The facility for pollen conservation was established and pollens of 287 accessions were preserved. To strengthen germplasm for source of disease resistance and berry characters, 13 accessions were imported from USDA, USA. IC numbers were obtained for 241 germplasm accessions. Presently 292 accessions have IC numbers.

100 grape accessions were characterised based on 15 qualitative and 20 quantitative traits. Large variation was observed among accessions for these traits. Positive correlation was observed for the traits contributing to berry and bunch characters.

Multi-locational evaluation of four potential grape varieties was continued for the second year. Among table varieties, as compared to higher bunch loads, a bunch load of 40 bunches/vine and 30 bunches/vine at Pune (10' x 6' spacing) and Nasik (8' x 5' spacing) respectively was found suitable for obtaining quality grapes in Manjari Naveen, whereas for A18/3 a bunch load of 60 bunches/vine at Pune (10' x 6' spacing) and 30 bunches/vine at Nasik (8' x 5' spacing) was optimum. For juice variety Medika, a bunch load of

पुणे और नासिक के तहत क्रमश:100 गुच्छे/लता तथा 70 गुच्छे/लता का गुच्छा भार रस बनाने हेतु अच्छी गुणवत्ता वाले फल प्राप्त करने के लिए उपयुक्त पाया। किशमिश किस्म, किशमिश रोजाविस व्हाइट में दोनों स्थानों पर 80 गुच्छे/लता का गुच्छा भार इष्टतम था। छह किशमिश किस्मों में, सफेद बीजरहित के मामले में किशमिश रोजाविस व्हाइट और बीजीय रंगीन क़िस्मों में ब्लैक मोनुक्का का सबसे अधिक स्वीकार्यता स्कोर था।

पुणे की परिस्थितियों के तहत प्रक्षेत्र आंकलन में दस लाल वाइन क़िस्मों के क्षेत्र मूल्यांकन में कैबर्ने सौवीनों, टैंपरानिल्लो तथा पेटिट वार्डोट एवं सफ़ेद वाइन क़िस्मों में रीजलिंग की सबसे उपयुक्त किस्म के रूप में पहचान की गई।

## अंगूर का आनुवांशिक सुधार

एसवी 12375 x थॉमसन सीडलैस की खेत में लगाई गई 67 संततियों को डाउनी मिलड्यू रोगज़नक़ के खिलाफ *इन विट्रो* और खेत की स्थितियों में जांचा गया और *आरपीवी3* लोकस के लिए पांच माइक्रोसेटेलाइट मार्कर के साथ विश्लेषण किया गया। प्रतिरोधी संततियों की पहचान करने के लिए आगे के आंकलन हेतु जीनोटाइप-फिनोटाइप के सह-अलगाव विश्लेषण के आंकड़ो का इस्तेमाल किया जाएगा। डाउनी मिलड्यू और पाउडरी मिलड्यू के विभिन्न क्यूटीएल क्षेत्रों के लिए नए मार्कर विकसित करने के प्रयास में, अंगूर जीनोम अनुक्रम का विश्लेषण किया गया और क्यूटीएल आरपीवी1, आरईएन1 तथा आरयूएन1 क्षेत्रों में माइक्रोसेटेलाइट की पहचान की गई।

स्वाभाविक रूप से ढीले गुच्छों और बड़े आकार की मणि के लिए रैडग्लोब का मांजरी नवीन और ए18/3 के साथ क्रौस कर प्रजनन की शुरुआत की गई।

लवण तनाव के तहत 370 अंतरीय व्यक्त जीनों के पाथवे विश्लेषण से विभिन्न पाथवे जैसे चयापचय और विनियमन, कोशिका कार्य, हार्मोन प्रतिक्रिया और जैविक और अजैविक तनाव आदि जो कि लवण तनाव से प्रभावित थे, की पहचान की गई। स्वमूलित एवं कलमित लताओं में लवण प्रतिबल के विभिन्न समयों में 15 जीनों के अभिव्यक्ति विश्लेषण ने जीन अभिव्यक्ति के परिवर्तनीय पैटर्न को दर्शाया। 32 जीनों में माइक्रोसेटेलाइट क्षेत्रों की पहचान की गई और 12 बहुरूपी माइक्रोसेटेलाइट मार्करों की पहचान की गई जो आने वाले समय में प्रजनन कार्यक्रम में उपयोगी होंगे। जड़ आरएनए अनुक्रम आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तथा अंतरीय व्यक्त प्रतिलेखों की बड़ी संख्या में पहचान की गई। डिग्रेडोम विश्लेषण से कई एमआई आरएनए लक्ष्यित स्थलों की पहचान की गई जो कि लवण तनाव के लिए एमआई आरएनए की भूमिका का सुझाव देते हैं।

100 bunches/vine and 70 bunches/vine under Pune and Nasik condition respectively were found suitable for obtaining good quality fruits suitable for juice preparation. In Kishmish Rosavis White, a raisin variety a bunch load of 80 bunches/vine at both the locations was optimum. Among six raisin varieties, Kishmish Rosavis White among white seedless and Black Monukka, among seeded coloured varieties had highest acceptability score.

Field evaluation identified Cabernet Sauvignon, Tempranillo and Petit Verdot among ten red wine varieties and Riesling among nine white wine varieties as the most suitable under Pune condition.

## GENETIC IMPROVEMENT OF GRAPE

67 field planted progenies of SV12375 x Thompson Seedless were screened *in vitro* and *in field* against downy mildew pathogen and were also analysed with five microsatellite markers for *RPV3* locus. Co-segregation analysis of genotype – phenotype data will be used to identify resistant progenies for further evaluation. In an attempt to develop new markers for different QTL regions for downy and powdery mildew, grape genome sequence was analysed and microsatellite regions were identified in QTL *RPV1, REN1* and *RUN1* regions.

Breeding for naturally loose bunches and bold berries was initiated by crossing Red Globe with Manjari Naveen and A18/3.

Pathway analysis of 370 differentially expressed genes under salt stress identified several pathways including metabolism and regulation, cell function, hormone response and biotic and abiotic stress etc. that were affected by salt stress. Expression analysis of 15 genes in own root and grafted vines at different time of salt stress showed variable pattern of genes expression. Microsatellite regions were identified in 32 genes and 12 polymorphic microsatellite markers were identified for their subsequent use in breeding. Root RNA sequence data was analysed and large number of differentially expressed transcripts were identified. Degradome analysis identified several miRNA target site suggesting role of regulatory role of miRNA in salt response.

जीए$_3$ उत्तरदायी जीनों की पहचान करने के लिए जीए$_3$ उपचार के बाद पुष्पक्रम, पुष्प गुच्छ तथा मणि का प्रयोग आरएनए अनुक्रम आधारित वैश्विक अभिव्यक्ति विश्लेषण हेतु किया गया। अंतरीय रूप में व्यक्त जीन विभिन्न पाथवे जैसे कोशिका कार्य, जैविक तनाव, चयापचय, विनियमन, परिवहन, बड़े एंजाइम परिवार, द्वितीय चयापचयों, प्रतिलेखन और कोशिका प्रतिक्रिया आदि से संबन्धित थीं। विभिन्न चरणों और समय बिंदुओं पर 16 जीनों की अभिव्यक्ति को मान्य किया गया। 16 जीए$_3$ उत्तरदायी जीनों में माइक्रोसेटेलाइट क्षेत्रों की पहचान की गई है और 7 बहुरूपी माइक्रोसेटेलाइट मार्करों की भविष्य में प्रजनन कार्यक्रम में उपयोग के लिए पहचान की गई। जीए अनुप्रयोग के लिए विभिन्न प्रतिक्रिया वाले पांच जीनोटाइप में चार जीए उत्तरदायी सजातीय जीनों के अभिव्यक्ति विश्लेषण ने सभी पांच जीनोटाइपों के अभिव्यक्ति पैटर्न की विविधता में जीए प्रतिक्रिया के जीनोटाइप विशिष्ट तंत्र का सुझाव दिया।

विविध सिंचाई व्यवस्था के तहत फेंटासी सीडलैस अंगूर लताओं में गर्मी तनाव के ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण ने गर्मी तनाव प्रतिक्रिया हेतु बड़ी संख्या में जीनों की पहचान की। आगे का आंकड़ा विश्लेषण आणविक स्तर पर गर्मी और नमी तनाव की पारस्परिक प्रतिक्रिया को समझने तथा बहुजैविक तनाव के लिए उत्तरदायी जीनों की पहचान में सहायक होगा।

## अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व के लिए उत्पादन तकनीकों का विकास और शोधन

अंगूर की फेंटासी सीडलैस तथा रैडग्लोब क़िस्मों के लिए विभिन्न मूलवृन्तों का खेत में आंकलन में वृद्धि, उपज एवं मणि गुणवत्ता के लिए 110 आर तथा 140 आरयू ने फेंटासी सीडलैस एवं डौगरिज तथा साल्टक्रीक ने रैडग्लोब के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। वाइन अंगूर की किस्मों में, 1103 पी तथा 110 आर पर कलमित कैबर्ने सौवीनों और 110 आर तथा फरकाल पर कलमित सौवीनों ब्लाँ ने उपज, मणि संयोजन तथा वाइन गुणवत्ता के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया।

कैबर्ने सौवीनों में, 1361 लता/एकड़ (अंतराल 8'x5') की रोपण सघनता और मिनी वायी का ट्रेनिंग सिस्टम इष्टतम उपज और अच्छी गुणीय वाइन बनाने हेतु आवश्यक रस संयोजन के लिए उपयुक्त पाया गया।

फेंटासी सीडलैस लताओं में, पैन वाष्पीकरण आधारित वृद्धि अवस्था के अनुसार वर्षा (691 मिमी) के साथ 262.4 मिमी की

RNA sequence based global expression analysis of rachis, flower cluster and berry after GA$_3$ treatment was used to identify the GA$_3$ responsive genes. Differentially expressed genes belonged to pathways like cell function, biotic stress, metabolism, regulation, transport, large enzyme family, secondary metabolites, transcription and cell response etc. Expression of 16 genes was validated at different stages and time points. Microsatellite regions were identified in 16 GA$_3$ responsive genes and 7 polymorphic microsatellite markers were identified for their subsequent use in breeding program. Expression analysis of four homologous GA responsive genes in five genotypes with differential response to GA application revealed varied expression pattern suggesting genotype specific mechanism for GA response.

Transcriptome analysis of heat stress in Fantasy Seedless vines under varied irrigation regime identified large number of heat response genes. Further data analysis will help in understanding the interaction of heat and moisture stress at molecular level and identification of multiple abiotic stress response genes.

## DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF PRODUCTION TECHNOLOGIES FOR ENHANCING QUALITY, PRODUCTIVITY AND SUSTAINABILITY IN GRAPE

Field evaluation of different rootstocks for table varieties Fantasy Seedless and Red Globe indicated better performance of 110R and 140RU for Fantasy Seedless and Dogridge and Salt Creek for Red Globe in terms of growth, yield and berry quality. Among wine grape varieties, Cabernet Sauvignon grafted on 110R and 1103P and Sauvignon Blanc grafted on 110R and Fercal performed better in terms of yield, berry composition and wine quality.

In Cabernet Sauvignon, a planting density of 1361 vines/acre (spacing 8'x5') and training on miniY system was found to be suitable for optimum yield and juice composition for good quality wines.

In Fantasy Seedless, pan evaporation based growth stage wise irrigation schedule with 262.4 mm of irrigation along with rainfall (691 mm) produced yield

सिंचाई अनुसूची देने से उपज अधिकतम सिंचाई (332.3 मिमी) के बराबर थी। हालांकि उपसतही सिंचाई (141.2 मिमी) और आंशिक जड़ क्षेत्र शुष्कन (पीआरडी, 197.7 मिमी) से उच्चतम जल उपयोग दक्षता मिली जो कि कम सिंचाई जल उपलब्धता के तहत इन तकनीकों के महत्व को दर्शाता है।

महाराष्ट्र में दो सूखा प्रभावित स्थानों (जत और पलसी) पर किसानों के बागों में थॉमसन सीडलैस लताओं पर जल उपयोग दक्षता में सुधार के लिए तकनीक का प्रदर्शन किया गया। जत में उपसतही सिंचाई तथा सिंचाई की सिफारिश की अनुसूची के उपयोग द्वारा सिंचाई जल में क्रमश: 46.8% और 25.9% की बचत हुई। पलसी में आंशिक जड़ क्षेत्र शुष्कन (पीआरडी) तकनीक के परिणाम स्वरूप 19.1 से 26.6% तक सिंचाई जल की बचत हुई।

जैविक खाद के विभिन्न स्रोतों के उपयोग पर अध्ययन में, प्रेस मड कम्पोस्ट अकेले या संयोजन में मृदा जैविक कार्बन में अकेले एफवाईएम, हरी खाद तथा छंटाई जैवघन की तुलना में सार्थक वृद्धि करता है। इसके अलावा प्रेस मड कम्पोस्ट को आगत के रूप में उपयोग करने से लागत:लाभ अनुपात (1.61) सर्वाधिक था। इस प्रकार प्रेस मड कम्पोस्ट को कार्बनिक पदार्थ और पोषक तत्वों के सस्ते स्रोत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

थॉमसन सीडलैस अंगूर में तापमान और जल तनाव प्रतिक्रिया का मात्रात्मक निर्धारण किया गया। आधारीय छंटाई के दौरान प्ररोह वृद्धि अवस्था के समय शुष्क अवधि के साथ हल्के जल तनाव (अनुशंसित सिंचाई का 50%) की वजह से 26.2% उपज हानि हुई।

दैनिक कार्य करने तथा फलोद्गदिकी, वृद्धि एवं उपज के मापदंडों पर जल एवं पोषक तत्वों के तनाव के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अंगूर लताओं में वृद्धि, विकास, जैवघन एवं उपज के लिये एक गतिशील अनुरूपता मॉडल डिज़ाइन किया गया। 40 किसानों के खेतों के पिछले दो साल के फलोद्गदिकी आंकड़ों का उपयोग कर फलोद्गदिकी मॉड्यूल को इसके भविष्यसूचक प्रदर्शन के लिए परीक्षण किया गया। इस साल इस मॉड्यूल को मान्य करने के साथ पूर्वानुमान के लिए इस्तेमाल किया गया। पुष्पन, फलन तथा विरेजन चरणों के लिए इस मॉड्यूल की अनुरूपता दक्षता में आर$^2$ > 0.90 तक सुधार किया गया। वेब और मोबाइल आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) अनुप्रयोगों को पूरा किया और सत्यापन के लिए चुने हुए प्रगतिशील किसानों को उपलब्ध कराया गया।

देश में गैर परंपरागत क्षेत्रों में वाणिज्यिक अंगूर की खेती का विस्तार करने की संभावनाओं का पता लगाने के प्रयास में, हिमाचल

on par with highest treatment (332.3 mm). However subsurface irrigation (141.2 mm) and partial rootzone drying (PRD, 197.7 mm) resulted in highest water use efficiency indicating importance of these techniques under low availability of irrigation water.

Demonstrations of techniques for improving water use efficiency were carried out in the farmers' field at two drought prone locations (Jath and Palsi) in Maharashtra in Thompson Seedless vines. Use of subsurface irrigation and recommended irrigation schedule through surface drip irrigation led to 46.8% and 25.9 % savings in irrigation water respectively at Jath. At Palsi, use of partial root zone drying (PRD) resulted in saving of 19.1 to 26.6 % irrigation water.

In the studies on use of different sources of organic manure, press mud compost alone or in combination led to significant increase in soil organic carbon, as compared to FYM, green manure and recycled pruned biomass. Also cost: benefit ratio (1.61) was the highest when pressmud only was used as input. Thus pressmud can be used as cheaper source of organic matter and nutrient.

The response of Thompson Seedless grape to temperature and water stress was quantified. Mild water stress (50% of recommended irrigation) during shoot growth stage coupled with dry period during foundation pruning season caused 26.2% yield loss.

A dynamic simulation model for growth, development, biomass and yield of grape vines is designed to run at daily step and to provide outputs on phenology, growth and yield parameters taking into account the effects of water and nutrient (nitrogen) stresses. The phenology module was tested for its predictive performance using last two years phenology data from 40 farmers' fields. This year this module was validated as well as used for the forecast. The simulation efficiency has been improved to $R^2 > 0.90$ for flowering, fruit set and veraison stage. Web and mobile based decision support system (DSS) applications were completed and made available to selected progressive farmers for validation.

In an attempt to explore the possibilities of extending commercial grape cultivation in non-traditional areas in the country, surveys were conducted in Solan, Shimla and Kinnaur districts of

प्रदेश के सोलन, शिमला और किन्नौर जिलों में और पश्चिम बंगाल के बांकुरा क्षेत्र में सर्वेक्षण किए गए। हिमाचल प्रदेश में, शीत शुष्कन की स्थिति में गुणीय किशमिश उत्पादन तथा पारंपरिक वाइन उत्पादन को कुटीर उद्योग की तरह बढ़ावा देना आशाजनक पाया गया। बांकुरा में, बीजरहित व्यावसायिक किस्मों की खेती को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त क्रियाओं की जरूरत है। हिमाचल में *विटिस* की दो जंगली प्रजातियां भी देखी गईं तथा वांछनीय लक्षण के स्रोत के रूप में इनकी क्षमता के लिए अध्ययन किया जाएगा।

## अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन

अंगूर पर चार अलग-अलग क्षेत्र परीक्षणों में ट्राइकोडर्मा ($5x10^6$ बीजाणुओं/मिली) या *बेसीलस* ($1x10^8$ सीएफयू/ मिली) की चयनित उपभेदों के पत्तियों अथवा मिट्टी में तीन साधारण जलीय निरूपणों के अनुप्रयोगों से डाउनी मिलड्यू की तीव्रता में कमी आई। *ट्राइकोडर्मा* उपभेद 5आर, जो अंगूरों में तुड़ाई उपरांत सड़न प्रबंधन तथा शेल्फ लाइफ बढ़ाने में उपयोगी है, का जीनोमिक और मैटाबोलोमिक प्रोफाइल के आधार पर फिंगरप्रिंटिंग तथा चित्रांकन किया गया। महाराष्ट्र में क्रेसोक्सिम मिथाइल, डाइमेथोमोर्फ, मेटालेक्सिल और साइमेक्सोमिल तथा तमिलनाडु में मेटालेक्सिल के प्रतिरोधी *पी विटीकोला* के पृथकों की उपस्थिति बायोऐसे के आधार पर पाई गई।

मिजोरम से प्राप्त जनसंख्या में कोई प्रतिरोधकता नहीं पाई गई। महाराष्ट्र और तमिलनाडु से प्राप्त *इरिसिफे निकेटर* के पृथकों को क्यूओआई कवकनाशी, अजोक्सीस्ट्रोबिन तथा डीएमआई माइकोब्यूटानिल के लिए प्रतिरोधक देखा गया।

*जेंथोमोनास कम्पेस्ट्रिस* स्पसीज *वी विटीकोला* के वर्णहीन पृथकों को अंगूर में जीवाणु पर्ण धब्बा के रोगकारक जीव के रूप में स्थापित किया गया। जीवाणु तांबे के लिए सहिष्णु था, हालांकि 500 पीपीम मेंकोजेब के प्रति संवेदनशील था।

केंद्र में विकसित मौसम की जानकारी पर आधारित आईएम पीआरएएस-कीट और माइट कीट जोखिम आंकलन और सलाहकार प्रणाली को क्षेत्र में लागू किया गया और इसके कार्यान्वयन के परिणामत: दोनों सलाहकारी और किसान क्रिया प्लॉट में विभिन्न कीटों के खिलाफ समान संरक्षण मिला। पीड़ित क्षेत्रों में सर्वेक्षण ने तना छेदक कीट *सीलोस्टर्मा स्केबिएटर* का 26.8 और 35.2% प्रकोप क्रमश: नासिक और सांगली में दिखाया। ईपीएन से पीड़ित *एस बार्बेटम लार्वा* के हीमोलिम्फ से पृथक किए छह जीवाणु *एस बार्बेटम* की मृत्यु का कारण पाये गए, जो कि तना छेदक के प्रबंधन

Himachal Pradesh and Bankura region in West Bengal. In Himachal Pradesh, quality raisin preparation under cold drying conditions and promotion of traditional wine preparation as cottage industry hold promise. In Bankura, promotion of cultivation of seedless commercial varieties with suitable package of practice needs attention. Two wild species of *Vitis* were also observed in Himachal, which will be studied for their potential as sources of desirable traits

## DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF INTEGRATED PROTECTION TECHNOLOGIES IN GRAPE

Three applications of simple aqueous formulations of selected strains of *Trichoderma* ($5x10^6$ spores/ml) or *Bacillus* ($1x10^8$ cfu/ml) to foliage or soil minimized severity of powdery mildew disease on grapes in four separate field trials. *Trichoderma* strain 5R, useful in managing postharvest decay and enhancing the shelf-life of grapes, was characterized and fingerprinted based on its genomic and metabolomics profile. Presence of *P. viticola* isolates resistant to kresoxim methyl, dimethomorph, metalaxyl and cymoxanil was seen in Maharashtra and to metalaxyl in Tamil Nadu based on bio-assay.

No resistance was detected in population from Mizoram. Resistance to QoI fungicide, azoxystrobin and the DMI fungicide myclobutanil was seen in *E. necator* isolates from Maharashtra and Tamil Nadu.

Albino isolate of *Xanthomas campestris sp. V. viticola* was established as the causal organism of bacterial leaf spot in grape. The bacteria was tolerant to copper, however was sensitive to Manozeb at 500ppm.

Weather information based IMPRAS-Insect and mite pest risk assessment and advisory system developed at the Centre was implemented in the field and its implementation resulted in equal protection against different insects in both advisory and farmer's practice plot. Survey in infested areas indicated 26.8 and 35.2% infestation of stem borer *Celosterma scabeator* in Nasik and Sangli respectively. Six bacteria isolated from haemolymph of *S. barbatum* larva infested with *EPN* were found to cause mortality of *S. barbatum* suggesting their potential use for the management of

हेतु इन जीवाणुओ के प्रयोग की संभावनाओं का सशक्त सूचक है। संभोग व्यवहार, अंड निक्षेपण और अंडे सेने के स्वरूप का अध्ययन किया गया, जो कि *एस बार्बेटम* के प्रबंधन के लिए रणनीति विकसित करने में सहायक होगा। संभोग के दूसरे दिन अंड निक्षेपण शुरू हुआ, जबकि अधिकतम अंड निक्षेपण संभोग के बाद 3-7 दिनों के बीच किया गया। अंड निक्षेपण के 7-10 दिन बाद अधिकतम अंडा सेना हुआ। *एस बार्बेटम* की आंत से 33 अंत:सहजीवक जीवाणु पृथक किए गए और इन जीवाणुओं द्वारा उत्पादित एंजाइम का अध्ययन तना छेदक आंत में इनकी कार्यात्मक भूमिका का पता लगाने के लिए किया गया।

अंगूर बागों में एक प्रभावी जैव नियंत्रण रणनीति के लिए राई को ए *डेक्टिलोपी* के संरक्षण और जनसंख्या वृद्धि के लिए एक पर्यावरणीय भोज पुष्पीय फसल के रूप में पहचाना गया। विभिन्न पुष्पीय पौधों के अंतर्गत, पंक्तियों में लगाई गई राई के पुष्पन समय जनवरी के दौरान ए *डेक्टिलोपी* द्वारा मीलिबग कालोनियों में उच्चतम प्रतिशत परजीवन दर्ज किया गया था। *इन विट्रो* दशाओं में भी राई के फूलों को *क्राइसोपर्ला* के पालन हेतु उपयोगी पाया गया। क्षेत्र परीक्षण में, क्राइसोपर्ला के अंड पत्रकों को लगाने के दो सप्ताह के बाद मीलिबग कालोनियों में कमी आई।

गुलाबी मीलिबग *मकोनेलीकोकस हिर्सुटस* के हनीड्यू से 10 जीवाणु अलग कर रूपात्मक चित्रांकन किया गया तथा आणविक स्तर पर पहचान की गई। *क्राइसोपर्ला* के प्रति आकर्षण हेतु जाँचे गए चार जीवाणु पृथकों में से, *स्टेफाइलोकोकस पाश्चुरी* को वयस्क *क्राइसोपर्ला* में सार्थक रूप से अधिक अंड निक्षेपण के लिए दर्ज किया गया। मीलिबग हनीड्यू में वाष्पशील यौगिक हैप्टाकोसेन, ओक्टाडेकेन, 1, 2-बेंजींडाइकार्बोक्सिलीक अम्ल तथा हेक्जाडिकेनोइक अम्ल पाये गए। मिलीबग हनीड्यू ने इसके प्राकृतिक दुश्मनों को आकर्षित किया। ।

## अंगूर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए फसल-पूर्व और -बाद तकनीकों का विकास

β-ग्लूकोसिडेज़ उत्पादन करने वाली खमीर उपभेदों वीएसआई -1106 और एसपीआर का उपयोग कर कैबर्ने सौवीनों की तैयार वाइनों में कई सुगंध यौगिकों की उच्च मात्रा मिली। केवल β-ग्लूकोसिडेज़ सकारात्मक खमीर उपभेदों द्वारा उत्पादित वाइनों में 13 अतिरिक्त सुगंध यौगिक मौजूद थे।

सुगंध यौगिक 1-मिथाइल-4- (1-मिथाइल इथाइल)-1, 3-साइक्लोहेक्जेडीन (नींबू सुगंध) और बैंजीनऐसीटेल्डीहाइड (पुष्प

stem borer. Mating behaviour, oviposition and hatching pattern studies were conducted which will be helpful in developing strategies for the management of *S. barbatum*. The oviposition started on second day of mating whereas the maximum oviposition was between 3-7 days after mating. The maximum egg hatching was between 7-10 days after oviposition. 33 endosymbiotic bacteria were isolated from *S. barbatum* gut and enzyme production by these bacteria was studied to find out their functional role in stem borer gut.

Mustard was identified as an ecofeast flowering crop to conserve and augment the population of *A. dactylopii* for an effective biocontrol strategy in the vineyards. Among different flowering plants, the highest percent parasitisation of mealy bug colonies by *A. dactylopii* was recorded in rows planted with mustard during flowering in January. Mustard flowers were also found useful for rearing of *Chrysoperla* under *in vitro* conditions. In field trial, stapling egg cards of *Chrysoperla* resulted in reduction in mealy bug colonies after two weeks.

10 bacterial isolates were isolated from the honeydew of pink mealybug, *Maconellicoccus hirsutus*, morphologically characterised and identified at molcular level. Among four bacterial isolates tested for their ability to attract adults of *Chrysoperla, Staphylococcus pasteuri* recorded significantly higher oviposition of *Chrysoperla* adults. Volatile compounds Heptacosane, Octadecane, 1, 2-Benzenedicarboxylic acid and Hexadecanoic acid were detected in mealybug honeydew. Honeydew of mealybug was found to attract its natural enemies.

## DEVELOPMENT OF PRE- AND POST-HARVEST TECHNOLOGIES FOR PROCESSING OF GRAPES AND VALUE ADDITION

The wines of Cabernet Sauvignon prepared using β-glucosidase producing yeast strains VSI-1106 and SPR was found to contain higher quantities of several aroma compounds. 13 aroma compounds were present only in wines produced by β-glucosidase positive yeast strains.

The aroma compounds 1-methyl-4-(1-methylethyl)-1,3-Cyclohexadiene (Lemon aroma)

और शहद सुगंध) केवल एसपीआर द्वारा उत्पादित वाइन में उपस्थित थे जबकि प्रोपेनोइक अम्ल, 2-मिथाइल, 1-नोनानोइल और 1-डेकानोल यौगिक, वीएसआई 1106 द्वारा उत्पादित वाइनों में विशिष्ट रूप से मौजूद थे जोकि फल सुगंधों की रिहाई से संबंधित हैं।

थॉमसन सीडलैस तथा इससे चयनित क्लोन से बनी किशमिश की गुणवत्ता वृद्धि हेतु, गुच्छा और मणि वृद्धि के विभिन्न चरणों में जीए$_3$ का इस्तेमाल सहित विभिन्न तुड़ाई पूर्व उपचार दिए गए। जीए$_3$ के अनुप्रयोग से किशमिश के आकार में वृद्धि दर्ज की गई। 45° सेल्शियस पर यांत्रिक शुष्कन से किशमिश तैयारी होने के लिए पांच दिन का समय लगा और सभी तैयार किशमिश पीले तथा सुनहरे समान रंग के थे।

## अंगूर और इसके प्रसंस्कृत उत्पादों में खाद्य सुरक्षा

साइनाइट्रेनिलिप्रोल और पिकोक्सीस्ट्रोबिन रसायनों के अवशेष नमूना लेने के 90 दिन बाद भी ईयू-एमआरएल स्तर से ऊपर पाये गए अत: अंगूर में दोनों रसायनों के लिए 90 दिन का तुड़ाई पूर्व अंतराल (पीएचआई) की सिफारिश थी। अपव्यय के अध्ययन के आधार पर अमेक्ट्रोट्राडिन+डाइमेथोमोर्फ का तुड़ाई पूर्व अंतराल (पीएचआई) सिफारिश की हुई एकल तथा दो डोज़ के लिए क्रमश: 26 और 31 दिन सिफ़ारिश किया गया।

यूरोपीय संघ के देशों को निर्यात के लिए अंगूर में कृषि रसायन अवशेषों को नियंत्रित करने के निगरानी कार्यक्रम का यह 13वां वर्ष था। मौसम 2015-16 में सीआईबी और आरसी के द्वारा लेबल दावे के साथ 42 कीटनाशकों की एक सूची सिफारिश की गई तथा 186 कीटनाशकों (+ उनके चयापचयों) की निगरानी सभी निर्यात नमूनों में की गई।

मौसम के दौरान 1286 आंतरिक अलर्ट जारी किए गए, अत: कुल नमूनों का 12.3%, विफल नमूना हैं। कीटनाशकों के अवशेष के लिए वाणिज्यिक परीक्षण प्रयोगशालाओं के बीच दो दक्षता परीक्षा (पीटी) के दौर आयोजित किये गये। एनआरएल में पुष्टि के परीक्षण के लिए निर्यात के नमूनों की कुल संख्या का 5% नमूने (289 संख्या) विश्लेषित किए गए।

## अन्य कृषि जिंसों का खाद्य सुरक्षा आंकलन

विभिन्न जिंसों नामित मसाले, दूध, अंडे और मांस में कीटनाशकों के अवशेष के विश्लेषण के लिए बहुअवशेष विधियां विकसित की गईं। दूध और अंडे में बहुस्तरीय पशु चिकित्सा दवा के अवशेष के

and Benzeneacetaldehyde (floral and honey aroma) were present only in wine produced by SPR whereas propanoic acid, 2-methyl-, 1-Nonanol and 1-Decanol compounds were uniquely present in wine prepared with VSI 1106 and are related to release of fruity aromas.

To improve raisin quality from Thompson Seedless and its clone, different pre-harvest treatment including use of $GA_3$ at different bunch and berry development stages were used. Application of $GA_3$ improved raisin recovery and quality. Mechanical drying at 45°C took five days for raisin preparation and all the prepared raisins were of uniform golden yellow in colour.

## FOOD SAFETY IN GRAPES AND ITS PROCESSED PRODUCTS

The residues of cyanitraniliprole and picoxystrobin chemicals were found to at above the EU-MRL level even after 90 days of sampling hence a pre harvest interval (PHI) of >90 days was recommended for both the chemicals in grape. Based on dissipation studies of amectrotradin + dimethomorph, a pre harvest interval (PHI) of 26 and 31 days was recommended for recommended dose and double recommended dose respectively for this compound.

This was the 13th year of the Residue Monitoring Program for controlling agrochemical residues in table grapes for export to the EU countries. In the season, 2015-16, a list of 42 pesticides with label claim with CIB and RC were recommended and 186 pesticides (+ their metabolites) were monitored in all export samples.

During the season 1286 internal alerts were issued which accounted for around 12.3% sample failure. Two proficiency test (PT) round among the commercial testing laboratories was organized for pesticide residues. 5% samples (289 No.) of the total number of export samples were analysed for confirmatory testing at NRL.

## FOOD SAFETY EVALUATION OF OTHER AGRICULTURAL COMMODITIES

Multi-residue methods were developed for the analysis of pesticide residues in different commodities viz. spices, milk, egg and meat. An extraction and

एकसाथ विश्लेषण के लिए एक निष्कर्षण और विश्लेषण प्रोटोकॉल का विकास किया गया। रतालू और तारो में कीटनाशक अवशेषों के बहु-विश्लेषण के लिए त्वरित विलायक निष्कर्षक तकनीक का उपयोग करके कीटनाशक निकासी के लिए एक विधि विकसित की गई।

## एनईएच तथा टीएसपी कार्यक्रम

चंफाई, मिजोरम में केंद्र सरकार के एनईएच और टीएसपी कार्यक्रम को कार्यान्वित किया जा रहा है। वर्ष के दौरान अंगूर में गुणीय रोपण सामग्री के उत्पादन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पचास किसानों ने भाग लिया। मातृ लता ब्लॉक में विषाणु मुक्त कलमों के बहुलीकरण हेतु किसानों को मार्गदर्शन दिया। मातृ लताओं के प्रबंधन पर राज्य के बागवानी विभाग के अधिकारियों को शिक्षित किया। प्रदेश के बागवानी विभाग की मॉडल नर्सरी में एक पॉलीहाउस स्थापित किया गया था और ड्रिप सिंचाई प्रणाली लगाई गई।

## गुणीय रोपण सामग्री का उत्पादन

अंगूर के मूलवृन्तों और व्यावसायिक रूप से लोकप्रिय किस्मों की 30,540 कलमों को महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, गुजरात और अन्य अंगूर उत्पादक क्षेत्रों के उत्पादकों को बेचा गया। व्यावसायिक किस्मों में, फेंटासी सीडलैस, किशमिश रोजविश व्हाइट और रैडग्लोब मांग में थीं। मूलवृन्तों में डौगरिज की अधिकतम कलमों को बेचा गया।

## प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

उत्पादकों द्वारा बताई गई समस्याओं को संबोधित करने के लिए निदेशक और केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा कई क्षेत्र का दौरा किया गया। कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, और नई दिल्ली में आयोजित 10 विभिन्न प्रदर्शनियों में केंद्र ने स्टालों की व्यवस्था की। इन प्रदर्शनियों के दौरान लगभग दो हजार आगंतुकों ने केंद्र द्वारा लगाए गए स्टाल का दौरा किया। अंगूर उद्योग के विभिन्न हितधारकों को प्रचार-प्रसार के विभिन्न साधनों के माध्यम जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षेत्र की यात्रा, अंगूर उत्पादकों / संघ के सेमिनार, वेब सलाहकार, रेडियो वार्ता में भाग लेना, उनके साथ केंद्र में पारस्परिक वार्ता, केंद्र की वेबसाइट पर किसान कॉर्नर में तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी सहित अंगूर की खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई। वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से 778 किसानों ने केंद्र में अंगूर की खेती पर

analysis protocols were developed for simultaneous analysis of multi-class veterinary drug residues in milk and egg. A method for pesticide extraction by using accelerated solvent extractor technique for multi-residue analysis of pesticides in Yam and Taro was developed.

## NEH AND TSP PROGRAM

The Centre's NEH and TSP program is implemented at Champhai, Mizoram. During the year a training program on the production of quality planting material in grapes was organised which was attended by fifty farmers. Farmers were guide for multiplication of virus free cuttings in mother vine block. The officials of State Horticulture department were educated on the maintenance of mother vines. A polyhouse was erected and drip irrigation system installed at the model nursery of state department of Horticulture.

## PRODUCTION OF QUALITY PLANTING MATERIAL

30540 cuttings of grape rootstocks and commercially popular varieties were sold to grape growers of Maharashtra, Uttar Pradesh, Karnataka, West Bengal, Tamil Nadu, Madhya Pradesh, Gujarat and other grape growing regions. Among the commercial varieties, Fantasy Seedless, Kishmish Rozavis White and Red Globe were in demand. Among rootstocks, maximum cuttings of Dogridge were sold.

## TRANSFER OF TECHNOLOGY

Several field visits were taken up by the Director and scientists of the Centre to address the problems reported by growers. Centre arranged stalls in 10 different exhibitions organized in Karnataka, Maharashtra, Bihar, and New Delhi. About two thousand visitors visited the stall of Centre during these exhibitions. Information on various aspects of grape cultivation including postharvest technology was made available to the several stakeholders of grape industry through various means of dissemination such as organizing training programs, field visit, participating in grape growers/association's seminars, web advisory, radio talks, one-to-one interactions with them at the institutes and also displaying the information on the Institute's website under farmer's corner. During the year 778 farmers from Madhya Pradesh, Karnataka

विकसित प्रौद्योगिकियों के बारे में पता करने के लिए केंद्र का दौरा किया।

## मानव संसाधन विकास

एक वैज्ञानिक को विशेषज्ञ सदस्य के रूप में मलेशियन पाम तेल बोर्ड की बैठक के कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। तीन वैज्ञानिकों, दो तकनीकी और एक प्रशासनिक कर्मचारियों को विशेषज्ञता के क्षेत्र में कौशल अद्यतन के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भेजा गया।

## राजस्व आय

रुपये 59.89914 लाख का राजस्व प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबंध अनुसंधान और सेवाओं, रोपण सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से अर्जित किया गया।

and Maharashtra visited the Centre to know about viticulture and technologies developed at the Centre.

## HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

One scientist was deputed to participate in program advisory committee of meeting of Malayasian Palm Oil Board as expert member. Three scientists, two technical and one administrative staff were deputed to different training programs for updating skill in their field of specialisation.

## REVENUE GENERATION

Revenue of Rs. 59.89914 lakhs was generated through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce.

# परिचय
# INTRODUCTION

स्थापना के उन्नीस वर्षों में भाकृअनुप – राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र ने देश के अंगूर किसानों की समस्याओं के निदान हेतु मिशन उन्मुख अनुसंधान के लिए आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त किए हैं। 15 वैज्ञानिकों की छोटी टीम अंगूर उत्पादन और वाइन अध्ययन में जुटी है। 442 प्रविष्टियों के एक फील्ड जीन बैंक की स्थापना की गई है। जननद्रव्य का प्ररूपी और आण्विक गुणो के आधार पर चरित्रांकन किया गया और जननद्रव्य का एक कैटलॉग तैयार किया गया। जननद्रव्य का प्रत्यक्ष वाणिज्यिक इस्तेमाल करने के लिए या मौजूदा किस्मों में सुधार के लिए कई वांछनीय लक्षण हेतु आंकलन किया गया है। अंगूर जननद्रव्य एकत्रित करने के लिए जम्मू और कश्मीर, लेह–लद्धाख और हिमाचल प्रदेश में अन्वेषन किए गए। एक छोटे पैमाने पर प्रजनन गतिविधियों के फलस्वरूप फ्लेम सीडलैस और पूसा नवरंग के एक संकर 'मांजरी मेडिका', जो उत्कृष्ट रंग के जूस और गुणों से परिपूर्ण है, का विकास किया गया। संकर को उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और उसे उसके संभावित स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आशावान संकरों/चयन जैसे मांजरी मेडिका, ए18/3, किशमिश रोसाविस व्हाइट का किसानों के प्रक्षेत्र और अभासम अनु परियोजना के अंतर्गत बहुस्थलीय परीक्षण द्वारा इन संकरों के विमोचन के लिए आंकड़े इकट्ठे किए जा रहे हैं। थॉमसन सीडलैस में डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधकता गुण पर प्रजनन एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधक संकरों की पहचान के लिए आण्विक मार्कर की पहचान की जा रही है। बड़ी मणि और स्वाभाविक रूप से ढीले गुच्छों को विकसित करने के लिए भी प्रजनन शुरू किया गया है।

पुष्पक्रम दीर्घीकरण, गुच्छ विरल और मणि दीर्घीकरण अवस्थाओं पर जीए$_3$ प्रतिक्रिया के ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण से अनेक अवस्था विशेष जीन की पहचान की गई। इन जीन में आण्विक मार्कर की पहचान और उनका मार्कर सहायक प्रजनन में उपयोग किया जाएगा। आरएनए अनुक्रमण आधारित ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण से अनेक लवण तनाव प्रतिक्रियाशील जीन और ट्रांसक्रिप्शन कारकों की पहचान की गई जो तनाव प्रतिरोधी किस्मों के विकास के लिए प्रत्याशी जीन की तरह उपयोगी होंगी।

In the nineteen years of its establishment, the ICAR-National Research Centre for Grapes has acquired the technical expertise and state of art equipment to undertake mission oriented research to resolve the problems faced by the grape growers of the country. The small team of 15 scientists is involved in research on all aspects of viticulture and enology. A grape gene bank comprising of 442 collections from India and abroad has been established. The germplasm was characterized and a catalogue of germplasm was prepared. The germplasm was evaluated for desirable traits for direct commercial use or for improvement of existing cultivars. Explorations were carried out in Jammu and Kashmir, Leh-Ladakh and Himachal Pradesh to collect grape germplasm. Breeding activities on a small scale have given a cross between Flame Seedless and Pusa Navrang which is named as 'Manjri Medika' with excellent juice colour and qualities. The hybrid was well accepted by consumers and is being promoted for its potential health benefits. Multilocational evaluation of promising hybrids/selections viz. Manjri Medika, A18/3, Kishmish Rozavis White is taken up in farmers' field and under AICRP to generate data for their release. Another ongoing breeding program is to introgress downy mildew resistance in Thompson Seedless and molecular markers are being developed for identifying downy mildew resistant progenies. Breeding to develop naturally loose bunches with bold berries is also initiated.

Transcriptome analysis of $GA_3$ response at rachis elongation, cluster thinning and berry elongation has identified stage specific gene. The identification of molecular markers in these genes and their subsequent use in marker assisted breeding is envisaged. RNA sequence based transcriptome analysis has identified several salt stress responsive genes and transcription factors which will be useful as candidate genes for developing stress tolerant varieties.

ताजे अंगूर के लिए मूलवृंत के दीर्घकालीन आंकलन में पाया गया कि सूखा परिस्थितियों में डॉगरिज उपयुक्त है परंतु मिट्टी और पानी में अधिक सोडियम की मात्रा होने पर यह मूलवृंत सोडियम अपग्रहण को रोकने में असमर्थ है। इन परिस्थितियों में अधिक सोडियम अपवर्जन क्षमता के कारण थॉमसन सीडलैस के लिए 110आर अधिक उपयुक्त है। अन्य व्यावसायिक क़िस्मों जैसे रैड ग्लोब और फैंटासी सीडलैस और वाइन किस्मों जैसे कैबर्ने सौवीनों और सौवीनों ब्लाँ के लिए मूलवृंत की पहचान की जा रही है। थॉमसन सीडलैस और कैबर्ने सौविनों में लता की वृद्धि अवस्था अनुसार पोषण और जल की आवश्यकता निश्चित की गई। इस प्रौद्योगिकी द्वारा पोषण और जल मात्रा में काफी बचत और पोषण और अंगूर बगीचों में जल प्रयोग क्षमता में सुधार हो सकता है। किसानों के खेत में पोषण की कमी के लक्षणों की पहचान और उसके समाधान के लिए आवश्यक खाद के सुझाव से उत्पादन की अनेक समस्याओं का समाधान हो सका। महाराष्ट्र के कम वर्षा वाले क्षेत्रों जथ और पलसी में जल उपयोग क्षमता बढ़ाने की तकनीकों का प्रदर्शन परीक्षण लिया गया है। इसी प्रकार जैव नियंत्रकों के अनेक परीक्षणों से थॉमसन सीडलैस, तास-ए-गणेश और शरद सीडलैस की उपज क्षमता, गुणवत्ता और शेल्फ लाइफ में सुधार हुआ।

विभिन्न मौसम परिस्थितियों में रोग प्रगति को समझने से रोग प्रबंधन के लिए मौसम पूर्वानुमान और लता वृद्धि अवस्था पर आधारित तार्किक मॉडल विकसित करने में सहायता मिली, जिसके परिणामस्वरूप फफूंदीनाशक के कम छिड़काव से ही बेहतर रोग प्रबंधन हो सका। इस प्रौद्योगिकी के किसानों के बागों में प्रदर्शन से किसानों का मौसम सूचना पर आधारित रोग प्रबंधन पर विश्वास बढ़ा और यह इस केंद्र की सफलता की कहानियों में से एक है। जारी अनुसंधान से सूक्ष्मजीवों द्वारा रोग प्रबंधन की संभावनाओं के संकेत मिले हैं। एक साथ बहुरोग नियंत्रण के लिए अनेक प्रभावशाली *बेसिलस* और *ट्राइकोडर्मा* पृथक्कों की पहचान की गई और उन पर वृहद स्तर पर प्रक्षेत्र परीक्षण किए जाएंगे। इन जैव-नियंत्रकों ने रोग व्याधकों में फफूंदीनाशक प्रतिरोधकता और मणि पर नाशीजीवनाशक अवशिष्ट प्रबंधन की क्षमता दिखाई।

नाशीकीट कॉम्प्लेक्स के प्रबंधन के लिए बहुलक्ष्य कीटनाशी प्रणाली विकसित की गई जो किसानों को बाग में उपस्थित कीट कॉम्प्लेक्स के लिए उचित कीटनाशी के चुनाव मे सहायता देगी। विभिन्न संभावित जैवनियंत्रक कारकों जैसे पिंक मीलिबग के विरूद्ध *एनागाइरस डेक्टाइलोपाइ* और *सिमनस कोक्सिवोरा*, रैड स्पाइडर माइट के विरूद्ध *स्टेथोरस रानी* और स्टेम बोरर के लिए *हेटेरोरेब्डाइटिस इंडिका* की पहचान की गई है।

Long term evaluation of rootstocks for table grapes has shown that Dogridge is suitable for drought conditions but is unable to restrict uptake of sodium when soil and irrigation water have high sodium content. 110R was found more suitable for Thompson Seedless under such conditions due to its higher Na exclusion capabilities. Identifying rootstocks for other commercial table grapes, Red Globe and Fantasy Seedless and wine grapes, Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc are ongoing. The growth stage wise nutrient and water requirements for Thompson Seedless and Cabernet Sauvignon were worked out. These technologies can result in considerable saving of nutrients and water and enhance nutrient and water use efficiency in vineyards. Identification of nutrient deficiency symptoms in farmer's field and suggesting appropriate nutrient applications has overcome many problems. Demonstration trials on techniques to improve water use efficiency are taken up in rain deficit areas of Jath and Palsi in Maharashtra. Similarly, trials on bioregulators have helped to generate appropriate schedules for Thompson Seedless, Tas-A-Ganesh and Sharad Seedless for enhanced productivity, quality and shelf life.

Understanding the disease progress under varying weather conditions has helped to develop logical models for disease management based on location specific forecasted weather and vine growth stages. This has resulted in better disease management with less number of fungicide applications. Demonstration of this technology in farmers's vineyards has boosted their confidence in weather information based disease management and has been one of the success stories of this Centre. The ongoing research has shown the possibility of disease management using microorganisms. A number of efficient *Bacillus* and *Trichoderma* isolates with potential for multiple disease control have been identified and will be taken forward for large scale field trials. These bio-control agents have also shown potential for management of fungicide resistance in pathogens and pesticide residues on berries.

A multi-target insecticide strategy for management of insect pest complex was developed which can help farmers for right selection of insecticide based on insect pest complex present in the vineyard. Various potential biological agents such as *Anagyrus dactylopii* and *Scymnus coccivora* against pink mealybug, *Stethorus rani* against red spider mite and *Heterorhabditis indica* against stem borer were identified.

भारत–फ्रांस सहयोग के अंतर्गत आरंभ, 19 वाइन किस्मों का उपज, फल गुणों और वाइन गुणों के लिए आंकलन से उष्णकटिबंधीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त वाइन क़िस्मों की पहचान की गई। इसी प्रकार, 8 मूलवृन्तों के आंकलन में 110आर और 1103पी कैबर्ने सौविनों उगाने के लिए सर्वोपयुक्त पाए गए। इन परीक्षणों से मिले अंगूरों से वाइन बनाने के लिए छोटे फरमेंटर के साथ एक किण्वन कक्ष बनाया गया है।

अवशिष्ट निगरानी योजना (आरएमपी) का सफल कार्यान्वयन, इस केंद्र की सफलता की कहानियों में से एक है। एपिडा, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2003–04 में इस संस्थान में स्थापित राष्ट्रीय संप्रेषण प्रयोगशाला (एनआरएल) के जरिये आरंभ आरएमपी का यह तेरहवाँ वर्ष था। इस वर्ष निर्यात के लिए 29050 प्रक्षेत्र पंजीकृत हुए। केंद्र ने सिफ़ारिश किए नाशीजीव नाशकों की सूची और निगरानी के रसायनों की सूची से सम्बंधित पॅकेज आफॅ प्रैक्टिस का अद्यतन किया जिससे काफी हद तक यूरोपीय संघ एमआरएल से गैर अनुपालन कम किया जा सका। कुल मिला कर अंगूर गुणवत्ता में सुधार दर्ज़ हुआ और सिर्फ कुछ नाशीजीव नाशकों के अवशेषों का ही पता चला। एनआरएल ने विभिन्न कृषि सामग्री के लिए भी नमूना विधि और विश्लेषण प्रोटोकॉल स्थापित किए।

प्रक्षेत्र ढांचे में सुधार करने के लिए कई ठोस प्रयास जैसे फार्म मशीनरी, नए अंगूर बगीचों की स्थापना एवं पुराने और अनुत्पादक बगीचो का पुनर्रोपण, किए गए। वर्ष के दौरान इकोनोमी के अनेक उपाय जैसे सीएफ़एल के बदले एलईडी लैम्प, और फार्म श्रमिक की दक्षता बढ़ाने के लिए फार्म औजारों की खरीद आदि, का प्रयोग किया गया।

केंद्र के वैज्ञानिक देश के विभिन्न भागों में प्रक्षेत्र दौरों में सक्रिय रहे हैं और बागवानों, राज्य कृषि विभाग के अधिकारी और अन्य हितधारकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे। परिणामस्वरूप, बागवानों और अंगूर उद्योग की समस्याओं की गहन समझ और समाधान में मदद मिली। अन्य अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों के साथ समन्वयन से अतिरिक्त और समर्थन अनुसंधान आंकड़े इकट्ठे करने में मदद मिली। अ भा सं अनु परियोजना (फल) के अन्तर्गत अंगूर के अ भा सं अनु परियोजना केंद्रों के अनुसंधान समन्वयन भी इस संस्थान से होता है।

केंद्र के अनुसंधान कार्यक्रम, भारत में अंगूर उद्योग की जरूरतों के आंकलन के पश्चात बनाए जाते हैं। पंचवर्षीय समीक्षा दल (क्यूआरटी), अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) की संस्तुति

The evaluation of 19 wine varieties for yield, fruits quality and quality of wine under Indo-French collaboration has identified wine varieties suitable for tropical conditions. Similarly evaluation of rootstocks has identified 110R and 1103P as the most suitable rootstocks for Cabernet Sauvignon. A fermentation room with small fermenters was set up for making wines from grapes.

One of the success stories of this Centre has been the successful implementation of the residue monitoring plan (RMP). This was the 13th year of the RMP, initiated by APEDA, Ministry of Commerce, Government of India in 2003-04 in collaboration through the National Referral Laboratory (NRL) setup under this institute. This year 29050 farms had registered for export. This Centre updated the package of practice related to the list of recommended pesticides and list of chemicals for monitoring, which minimized non-compliance to the EU-MRLs to a large extent. An overall improvement in quality was recorded with most of the residue detections being restricted to a few insecticides only. NRL also established sampling and analysis protocols for different agriculture commodities.

Concerted efforts were made to strengthen farm infrastructure like fram machinery, establishment of new experimental vineyards and replanting of old and unproductive vineyards. Several economy measure like replacement of CFL with LED lamps and procurement of farm implements for increasing labour efficiency were taken up during recent years.

The scientists have been actively visiting vineyards in all parts of India and have over the years developed excellent personal contacts with the growers, the state agriculture department officers and other stake holders. This has resulted in in-depth understanding of the problems being faced by the farmers and the industry and in resolving many of the problems based on short and long term experimentation. Collaboration with scientists from other research institutes and Universities has helped in generating additional supporting research data. The Centre is also involved in research coordination of AICRP Centres working on Grapes under AICRP (Fruits).

The research programs are formulated after assessing the needs of grape industry in India. The recommendation of Quinquennial Review Team (QRT),

और अन्य हितधारकों से प्राप्त जानकारी पर पीएमई इकाई में विचार विमर्श के बाद अनुसंधान प्राथमिकताओं की पहचान की जाती है। वर्तमान में प्रमुख क्षेत्रों जैसे आनुवांशिक संसाधन और सुधार, उत्पादन प्रौद्योगिकी, पादप स्वास्थ्य संरक्षण और तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी के अंतर्गत अनुसंधान होता है। सात संस्थानीय अनुसंधान कार्यक्रम और एक फ्लेगशिप कार्यक्रम के अलावा, नौ बाह्य-वित्तपोषित परियोजनाएं और चार भाकृअनुप-ओआरपी परियोजनाओं के अंतर्गत अनुसंधान किया जा रहा है। केंद्र में परामर्शी सेवाएँ और अधिदेश से संबन्धित अनुबंध अनुसंधान परियोजनाएं भी ली जाती हैं।

## अधिदेश

अंगूर उत्पादन, उत्पादकता और उपयोग को प्रभावित करने वाली जैविक और अजैविक बाधाओं के हल के लिए मिशन उन्मुख कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी एवं सामरिक अनुसंधान।

## अनुसंधान के मुख्य क्षेत्र

1. अंगूर का संरक्षण, निरुपण और उपयोग
2. अंगूर का अनुवंशिक सुधार
3. अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व के लिए उत्पादन तकनीकों का विकास और शोधन
4. अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन
5. अंगूर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए फसल-पूर्व और -बाद तकनीकों का विकास
6. अंगूर और इसके प्रसंस्कृत उत्पादों में खाद्य सुरक्षा
7. क्षेत्र, उत्पादन और अंगूर की गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पादकता को बनाए रखने के लिए हितधारकों के ज्ञान और कौशल में सुधार

बारहवीं योजना के लिए केंद्र का फ्लैगशिप कार्यक्रम 'अजैविक (ताप और आर्द्रता) और जैविक (कीट और फन्फुदी रोग) प्रतिबल परिस्थितियों में अंगूर उत्पादकता सुधार के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली का विकास' है।

Research Advisory Committee (RAC), and inputs from other grape industry stake-holders are deliberated by Priority Setting, Monitoring and Evaluation (PME) cell for identifying the research priority areas. Presently research is conducted under broad areas of genetic Resources and improvement, production technology, plant health management and pre and postharvest technology. Besides seven institutional research programmes, nine externally funded projects and four ICAR ORP projects are in progress. The Centre also undertakes consulting and mandate related contractual research projects.

## MANDATE

To undertake mission oriented programme involving basic and strategic research for resolving the major biotic and abiotic constraints affecting the grapes production, productivity and utilization.

## THRUST AREAS OF RESEARCH

1. Conservation, characterization and utilization of grape.
2. Genetic improvement of grape.
3. Development and refinement of production technologies for enhancing quality, productivity and sustainability in grape.
4. Development and refinement of integrated protection technologies in grape.
5. Development of pre- and post-harvest technologies for processing of grapes and value addition.
6. Food safety in grapes and its processed products.
7. Improving knowledge and skill of stakeholders for increasing area, production and quality of grapes and sustaining its productivity.

The Centre's flagship programme is 'Development of decision support system for enhancing productivity of grapes under abiotic (temperature and moisture) and biotic (insect pests and fungal disease) stress conditions'.

## संगठनात्मक संरचना



## ORGANISATIONAL SETUP



## वित्तीय विवरण / FINANCIAL STATEMENT

| क्र. सं. Sl. No. | शीर्ष Heads | आर ई R.E. 2015-16 | | व्यय Expenditure 2015-16 | | अंतिम अनुदान Final Grant | | राजस्व आय Revenue Generated |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | योजना Plan | गैर योजना Non-Plan | योजना Plan | गैर योजना Non-Plan | योजना Plan | गैर योजना Non-Plan | |
| 1. | स्थापना प्रभार / Estt. Charges | 0.00 | 400.00 | 0.00 | 360.34 | 0.00 | 370.00 | |
| 3. | ओ टी ए / O.T.A. | 0.00 | 0.10 | 0.00 | 0.05 | 0.00 | 0.10 | |
| 4. | यात्रा भत्ता / T.A. | 10.00 | 2.00 | 10.00 | 2.00 | 10.00 | 2.00 | |
| 5. | उपकरण / Equipment | 54.23 | 3.00 | 54.23 | 2.99 | 54.23 | 3.00 | |
| 6. | आई टी / IT | 2.46 | 0.00 | 2.46 | 0.00 | 2.46 | 0.00 | |
| 7. | पुस्तकालय / Library books | 1.44 | 0.00 | 1.44 | 0.00 | 1.44 | 0.00 | |
| 8. | अन्य प्रभार / Other charges | 52.00 | 222.90 | 51.98 | 222.82 | 52.00 | 121.90 | |
| 9. | निर्माण कार्य / Works | 135.93 | 0.00 | 135.93 | 0.00 | 135.93 | 0.00 | |
| 10. | फर्नीचर / Furniture | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 2.00 | |
| 11. | पेंशन / Pension | 0.00 | 7.00 | 0.00 | 1.88 | 0.00 | 7.00 | |
| | **कुल Total** | **256.06** | **637.00** | **256.04** | **592.08** | **256.06** | **506.00** | **59.89914** |

## कार्मिक स्थिती / STAFF POSITION

| क्र. सं. Sl. No. | पद Post | पदों की संख्या / Number of posts | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत Sanctioned | भरे Filled | रिक्त Vacant |
| 1. | अनुसंधान और प्रबंध / Research and Management Personnel | 1 | 1 | 0 |
| 2. | वैज्ञानिक / Scientific | 16 | 15 | 1 |
| 3. | तकनीकी / Technical | 8 | 7 | 1 |
| 4. | प्रशासनिक / Administrative | 13 | 9 | 4 |
| 5. | सहायक / Supportive | 7 | 7 | 0 |
| | कुल / **Total** | **45** | **39** | **6** |

# अनुसंधान उपलब्धियाँ
# RESEARCH ACHIEVEMENTS

## I. अंगूर का संरक्षण, चित्रांकन और उपयोग
## I. CONSERVATION, CHARACTERIZATION AND UTILIZATION OF GRAPE

### अंगूर अनुवांशिक संसाधन प्रबंधन

#### पराग संरक्षण

वर्ष के दौरान पराग संरक्षण के लिए सुविधा स्थापित की गई । 287 अंगूर प्रविष्टियों के पराग तरल नाइट्रोजन में संरक्षित किए गए।

#### यूएसडीए से अंगूर प्रविष्टियों का आयात

विभिन्न विशेष गुणों के लिए 13 अंगूर प्रविष्टियों की कलमों को यूएसडीए, संयुक्त राज्य अमेरिका से आयात किया गया। विशेषता के साथ प्रविष्टियों की सूची तालिका 1 में दी गई है।

### MANAGEMENT OF GRAPE GENETIC RESOURCES

#### Pollen conservation

Facility for pollen preservation was established during the year. The pollens of 287 grape accessions were preserved in liquid nitrogen.

#### Import of grape accessions from USDA

Cuttings of 13 grape accessions were imported from USDA, USA for the various trait of interest. The list of accessions with trait is given in table 1.

तालिका 1: यूएसडीए, यूएसए से आयातित प्रविष्टियों का विवरण
Table 1. Details of accessions imported from USDA, USA

| क्र.सं. Sr. No. | किस्म / जननद्रव्य का नाम Name of variety / germplasm | विदेशी संग्रह नंबर Exotic collection number | विशेष गुण Traits |
|---|---|---|---|
| 1 | B17 | EC873363 | डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Downy mildew resistance |
| 2 | B 9 | EC873364 | डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Downy mildew resistance |
| 3 | E.S.9-4-74 | EC873365 | बड़ी मणि / Bold berries |
| 4 | Cayuga White | EC873366 | डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Downy mildew resistance |
| 5 | Lady Patricia | EC873367 | विरल गुच्छ, बड़ी मणि और डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Loose bunches, bold berries and downy mildew resistance |
| 6 | Remaily Seedless | EC873368 | डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता, पाउडरी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता और दरार के प्रति सहनशीलता / Downy mildew resistance, powdery mildew resistance and tolerant to cracking |

| क्र.सं. Sr. No. | किस्म / जननद्रव्य का नाम Name of variety / germplasm | विदेशी संग्रह नंबर Exotic collection number | विशेष गुण Traits |
|---|---|---|---|
| 7 | NY 65.556.5 | EC873369 | विरल गुच्छ और डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Loose bunches and downy mildew resistance |
| 8 | Atoka | EC873370 | डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Downy mildew resistance |
| 9 | Joyous | EC873371 | डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता और सूख के प्रति सहनशील / Downy mildew resistance and drought tolerance |
| 10 | Tetra | EC873372 | विरल गुच्छ और बड़ी मणि / Loose bunches and bold berries |
| 11 | Canandaigua | EC873373 | विरल गुच्छ और बेहतर शेल्फ लाइफ / Loose bunches and better shelf life |
| 12 | Mars | EC873374 | डाउनी मिल्ड्यू, पाउडरी मिल्ड्यू और एन्थ्रेक्नोज़ प्रतिरोधिकता / Downy mildew, powdery mildew and anthracnose resistance |
| 13 | Seyve Villard 61-339 | EC873375 | विरल गुच्छ और डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता / Loose bunches and downy mildew resistance |

मार्च 2015 में यूएसडीए से आयातित 16 प्रविष्टियों में से सिर्फ 6 प्रविष्टियों मे अंकुरण हुआ। तीन प्रविष्टियाँ जैसे लियॉन मिललोट, लंडोट 4511 और ओथेलो स्थापित हुईं और संगरोध निगरानी में हैं।

## अंगूर प्रविष्टियों को आईसी अंक आवंटन

पासपोर्ट आंकड़ों के आधार पर 241 जननद्रव्य प्रविष्टियों के लिए भाकृअनुप रापाआसंब्यूरो, नई दिल्ली से आईसी अंक प्राप्त किए गए। इस प्रकार, कुल 292 जननद्रव्य प्रविष्टियों के आईसी अंक हैं।

## जननद्रव्य का चित्रांकन और प्रलेखन

### (कृषिजैवविविधता पर सहव्यवस्था अनुसंधान मंच द्वारा आंशिक रूप से वित्तपोषित )

केंद्र में अक्तूबर 2015 से कृषिजैवविविधता पर सहव्यवस्था अनुसंधान मंच के अंतर्गत अंगूर जननद्रव्य के चित्रांकन, पुनरुत्पादन और प्रलेखन के कार्य का आरंभ हुआ। अक्तूबर 2015–मार्च 2016 के फसल मौसम के दौरान 100 अंगूर प्रविष्टियों (तालिका 2) का 35 गुणों के आधार पर चित्रांकन किया गया।

Of the 16 accessions imported from USDA during March 2015, only 6 accessions were sprouted. Three accessions viz. Leon Millot, Landot 4511 and Othello are established and are under quarantine observation.

## Allotment of IC numbers to grape accessions

Based on passport data, indigenous collection (IC) numbers were obtained for 241 grape accessions in germplasm from ICAR-NBPGR, New Delhi. At present, 292 germplasm accessions have IC numbers.

## Characterisation and documentation of germplasm

### (Partly funded by Consortium Research Platform (CRP) on Agrobiodiversity)

The characterization, regeneration and documentation of grape germplasm was further strengthened under CRP on Agrobiodiversity. During October 2015-March 2016, 100 grape accessions (Table 2) were characterized based on 35 traits.

## तालिका 2: वर्ष 2015-16 के दौरान चित्रांकित 100 प्रविष्टियों का विवरण
## Table 2: Details of 100 accessions

| उपयोग / Purpose/Use | रंग / Colour | बीजित/ बीज रहित / Seeded/ Seedless | प्रविष्टियों के नाम / Name of accessions |
|---|---|---|---|
| ताजे फल/ किशमिश / Table/Raisin | सफ़ेद / White | बीजित / Seeded | TAS, Arka Hans, Sundekhani, Bhokri, Pearl of Csaba, Motia, E 2-7, Dilkush, Haitha, Armas, Coarna Alba, Rangspay White |
| | | बीजरहित / Seedless | Maruti Seedless, Crimson Seedless, Manik Chaman, Kishmish Belyi, Early Perlette, Delight, Banquie Abad, Loose Perlette, Clone 2A, Mint, Pusa Urvashi, Fatesca Neagra, Vijay Chaman, Sonaka Mutant |
| | रंगीन / Coloured | बीजित / Seeded | Italian eliquena, Red Prince, Convent Large Black, Ceffer, Large White, Khalili, Kali Sahibi, Amber Sweet, Buchland Sweet Water, Victory, Black Muscut, Carolina Black Rose, Malagha, E 2-1, Rebier, Gulabi, Benzuhio, Fateasca Alba, Olympia, Coarna Regia, Cardinal, Red Ficoasca, Pierce, Choultu White, Omania Black, Rizamat, Kishmish Moldowsky, Kishmish Luchisty, Sekerie |
| | | बीजरहित / Seedless | Fantasy Seedless, Krishna Seedless, Rose Ciotet, Kishmish Chernyei, Venus, E 8-5, Kishmish Red, Black Seedless, Sarita Seedless, Nana Purple, Nath Seedless |
| वाइन / Wine | सफ़ेद / White | बीजित / Seeded | Riesling, Queen of vineyard, Fakri, Sevye Villard 23501, Sevye Villard 12309, Sevye Villard 18402, Sevye Villard 12375, Grasa-de-Cotenoir, Sauvignon Blanc, Seibel 9308, Babeasca Neagra, Chenin Blanc, Semillon |
| | | बीजरहित / Seedless | Gold, Aledo |
| | रंगीन / Coloured | बीजित / Seeded | Ruby Red, Mauvrdre, Cabernet Franc, Tannat, Aliquant Bauschat, Malvasia Bianca Devaporis, Sevye Villard 12364, Shiraz |
| | | बीजरहित / Seedless | Goethe |
| जूस / Juice | सफ़ेद / White | बीजित / Seeded | Julesky Muscat, Tigvosa |
| | | बीजरहित Seedless | |
| | रंगीन / Coloured | बीजित / Seeded | Neagra Vertis, Jalifari, Keonigin Der, H 516, Tslimlyanski, H 27, Isabella |
| | | बीजरहित / Seedless | Bangalore Purple |

इन प्रविष्टियों का 15 गुणात्मक लक्षणों के आधार पर वर्गीकरण किया गया (तालिका 3)।

These accessions were categorised based on 15 qualitative traits (Table 3).

### तालिका 3: 15 गुणात्मक लक्षणों के आधार पर 100 अंगूर प्रविष्टियों का वर्गीकरण
### Table 3: Classification of 100 accessions based on 15 qualitative characters

| अनु क्र Sr. No. | लक्षण Traits | वर्गीकृत लक्षणों वाली प्रविष्टियों की संख्या Number of accessions with categorized trait |
|---|---|---|
| 1 | नई शाखा के अग्रभाग का प्रकार/ Young shoot tip form | 49 (बंद/Closed), 44 (आधा खुला हुआ/Half opened), 7 (खुला हुआ/Open) |
| 2 | छाल का अलगाव/Bark peeling | 49 (बिना छिली हुई/Non peeling), 51 (छिली हुई/Peeling) |
| 3 | छिले हुए लच्छे/Peeling flakes | 50 (लघु कतरन/Short strips), 28 (गोल कतरन/Checks), 22 (लंबी कतरन/Long strips) |
| 4 | छाल के अंदर का रंग/ Under bark colour | 65 (क्रीम जैसा/Creamish), 1 (हल्का पीला/Light yellow), 31 (हल्का भूरा Light brown), 3(अन्य/Others) |
| 5 | पुष्प लिंग अंग/Flower sex organ | 0 (नर/ Male), 2 (नर से उभयलिंगी/Male to hermaphrodite), 82 (उभयलिंगी/ Hermaphrodite), 11 (सीधे पुंकेसर के साथ मादा/Female with upright stamens), 5 (उतरते पुंकेसर के साथ मादा/Female with descending stamens) |
| 6 | प्रतान संख्या/प्ररोह /No. of tendrils/ shoot | 5 (असंतत (2 या कम)/Discontinuous (2 or less)), 12 (उप/निरंतर / Sub-continuous (3-4)), 83 (निरंतर (4 से अधिक)/Continuous (more than 4)) |
| 7 | परिपक्व पर्ण दंत आकृति/ Mature leaf teeth shape | 13 (दोनों तरफ अवतल /Both side concave), 31(दोनों तरफ सीधे/Both side straight), 22 (दोनों तरफ उत्तल/Both side convex), 20 (एक तरफ अवतल तथा एक तरफ उत्तल/ One side concave and one side convex), 14 (दोनों तरफ सीधे तथा दोनों तरफ उत्तल का मिश्रण/Mixture of both sides straight and both side convex) |
| 8 | पर्णवृन्त साइनस आकृति/ Petiole sinus shape | 19 (पूरा खुला/Wide open), 26 (खुला/Open), 25 (थोड़ा खुला/Slightly open), 22 (बंद/Closed), 8 (भागों का थोड़ा सा अतिच्छादन/Lobes slightly overlapping) |
| 9 | पर्ण भागों की संख्या/No. of lobes on leaf | 16 (तीन/Three), 67 (पाँच/Five), 17 (पाँच से अधिक/More than five) |
| 10 | फल गुच्छ का प्रकार/ Bunch type | 58 (बिना स्कंध/Non-winged), 41 (स्कंधीय/Winged), 1 (द्वि फल–गुच्छ/Double bunched) |
| 11 | फल गुच्छ समानता/ Bunch uniformity | 34 (असमान/Non uniform), 66 (समान/Uniform) |
| 12 | गूदे का एन्थोसाएनिन्स रंग / Anthocyanin colouration of flesh | 32 (बहुत कम रंगीन/Very Slighly coloured), 49 (थोड़ा रंगीन/Slighly coloured), 13 (रंगीन/Coloured), 5 (अधिक रंगीन/Strongly coloured), 1 (बहुत अधिक रंगीन/Very strongly coloured) |

| अनु क्र Sr. No. | लक्षण Traits | वर्गीकृत लक्षणों वाली प्रविष्टियों की संख्या Number of accessions with categorized trait |
|---|---|---|
| 13 | मणि त्वचा का रंग/Berry skin colour | 42 (हरा पीला/Green Yellow), 10 (गुलाबी/Rose), 16 (लाल/Red), 3 (लाल धूसर/Red-Gray), 8 गहरा लाल बैंगनी/Dark Red Violet), 21 (नीला काला/Blue Black) |
| 14 | बीजीयता/Seediness | 20 (बीज रहित/Seedless), 11 (अल्पविकसित बीज/Rudimentary seeds), 69 (बीजीय/Seeded) |
| 15 | काष्ठीय प्ररोह/Woody shoot | 29 (चिकना/Smooth), 27 (धार या कोणीय/Edged or angular), 30 (सीधा धारीधार / Striate), 14 (धारीदार/Ribbed) |

ये प्रविष्टियां 20 मात्रात्मक लक्षण के आधार पर भी वर्गीकृत की गईं (तालिका 4)। सभी लक्षणों में किस्मों में अंतर करने की क्षमता थी (पी < 0.001)। अधिकतम अंतर गुच्छ सघनता के लिए पाया गया और तत्पश्चात प्रति गुच्छ मणि संख्या, 100 बीज वजन, और वाष्पशील अम्लता ने किया। अधिकतम डंठल लंबाई रिजामेत में दर्ज की गई। सर्वाधिक मणि व्यास (20.21 मिमी) सुंदेखानी में और सर्वाधिक मणि लंबाई (29.02 मिमी) एवं 10 मणि वज़न (50.28 ग्रा) ओलंपिया में दर्ज़ किया गया। काली साहेबी (513.33 ग्रा) में सर्वाधिक गुच्छ वजन था। पर्ल ऑफ साबा में सबसे सघन गुच्छ और लूज पर्लेट में सबसे विरल (1.4 मणि/सेमी) गुच्छ थे। मणि और गुच्छ गुणों से संबन्धित लक्षणों में सह संबंध देखा गया। सर्वाधिक सह संबंध मणि व्यास का मणि लंबाई, मणि वज़न, गुच्छ वजन और बीज वज़न के साथ दर्ज़ किया गया।

## छाँटी गईं संभावित अंगूर की किस्मों का बहु-स्थानीय प्रदर्शन

यह चार छाँटी गईं अंगूर की किस्मों (मेडिका, मांजरी नवीन, ए18/3 और मेडिका) के बहु-स्थानीय आंकलन का दूसरा वर्ष था। इन किस्मों का ताजा फल, किशमिश और जूस उपयोग के लिए आंकलन किया गया।

### ताजा फल अंगूर किस्में

दो ताजा फल अंगूर की किस्मों मांजरी नवीन और ए18/3 का विभिन्न गुच्छा भार के संबंध में वृद्धि, उपज और मणि गुणवत्ता के लिए अध्ययन किया गया।

#### मांजरी नवीन

मांजरी नवीन के लिए पुणे परिस्थितियों में, 10x6 फुट अंतर वाली और डोगरिज पर कलमित लताओ में 40, 60, 80 और 100 का गुच्छा भार रखा गया। नासिक में 30, 40, 50 और 60 गुच्छे प्रति लता का गुच्छ भार और लताओं में 8x5 का अंतर रखा गया।

These accessions were also categorized based on 20 quantitative traits (Table 4). All the traits differentiated these varieties (P < .0001). Maximum differentiation was observed for the bunch compactness trait followed by number of berries/bunch, 100 seed weight and volatile acidity. Maximum peduncle length was recorded in Rizamat. Highest berry diameter was recorded in Sundekhani (20.21 mm). Olympia was recorded with maximum berry length (29.02 mm) and 10 berry weight (50.28 g). Bunch weight was highest (513.33 g) in Kali Sahebi. Most compact bunch was recorded in Pearl of Csaba, whereas loose bunch was observed in Loose Perlette with 1.4 berries/cm. Correlation was observed for the traits contributing to berries and bunch characters. Highest correlation was observed between berry diameter with berry length, berry weight, bunch weight and seed weight.

## MULTI-LOCATIONAL PERFORMANCE OF SHORT LISTED POTENTIAL GRAPE VARIETIES

This was the second year of multi-locational evaluation of grape varieties, Medika, Manjri Naveen, A18/3 and KR White. These varieties were evaluated for different purposes like table, raisin and juice.

### Table grape varieties

Two table grape varieties Manjri Naveen and A18/3 were studied for growth, yield and berry quality in relation to different bunch load.

#### Manjri Naveen

Under Pune conditions, a bunch load of 40, 60, 80 and 100 was maintained on vines grafted on Dogridge rootstock spaced at 10 x 6 feet. While at Nasik, a bunch load of 30, 40, 50 and 60 bunches/vine was maintained and vines were spaced at 8 x 5 feet.

तालिका 4: 100 अंगूर प्रविष्टियों का 20 मात्रात्मक गुणों के लिए अंतर विश्लेषण

Table 4: Analysis of variance for 20 quantitative traits for 100 grape accessions

| मापदंड / Parameters | Mean | Range | Std. Dev | CV (%) | Pr >F |
|---|---|---|---|---|---|
| डंठल लंबाई (सेमी) / Length of peduncle (cm) | 2.11 | 0.99 - 5.0 | 1.01 | 2.72 | <.0001 |
| गुच्छ लंबाई (सेमी) / Length of bunch (cm) | 10.05 | 3.4- 30.50 | 3.79 | 2.86 | <.0001 |
| पुष्पक्रम संख्या / No. of inflorescence | 1.65 | 0.99- 4.0 | 0.71 | 2.81 | <.0001 |
| पुष्पक्रम की स्थिति / Position of inflorescence | 4.11 | 2.19- 6.4 | 0.91 | 2.79 | <.0001 |
| 80% पुष्पन (दिन) / 80% Flowering (days) | 45.09 | 39.0- 50.99 | 2.29 | 2.45 | <.0001 |
| मीठा व्यास (मिमी) / Berry dia. (mm) | 14.35 | 9.34- 20.21 | 2.22 | 2.57 | <.0001 |
| मीठा लंबाई (मिमी) / Berry length (mm) | 16.21 | 8.33- 29.02 | 3.61 | 2.52 | <.0001 |
| दृढ़ता (%) / Firmness (%) | 57.40 | 21.0- 88.67 | 13.76 | 2.91 | <.0001 |
| मीठा त्वचा मोटाई (मिमी) / Berry skin thickness (mm) | 0.19 | 0.08- 0.34 | 0.51 | 2.99 | <.0001 |
| 10 मीठा वजन (ग्रा) / 10 Berry weight (g) | 22.02 | 5.12- 50.28 | 10.59 | 2.79 | <.0001 |
| गुच्छ वजन (ग्रा) / Bunch Weight (g) | 151.45 | 40.0- 513.33 | 80.82 | 2.67 | <.0001 |
| मीठा संख्या/गुच्छ / No. of berries/ bunch | 68.55 | 19.32- 191.23 | 37.43 | 3.28 | <.0001 |
| गुच्छ चौड़ाई (सेमी) / Bunch width (cm) | 8.03 | 3.6- 13.7 | 2.09 | 2.56 | <.0001 |
| गुच्छ सघनता (मीठा/सेमी) / Bunch Compac-tness (Berries/cm) | 3.81 | 1.40- 17.71 | 2.26 | 3.41 | <.0001 |
| जूस मात्रा Juice content (%) | 68.92 | 40.79- 98.20 | 14.69 | 2.55 | <.0001 |
| 100 बीज वजन (ग्रा) 100 Seed weight (g) | 2.90 | 0.00- 8.87 | 2.13 | 3.20 | <.0001 |
| अम्लता (ग्रा/ली) / Acid (g/l) | 2.63 | 0.50- 8.7 | 1.26 | 2.78 | <.0001 |
| पीएच / pH | 3.89 | 3.37- 5.06 | 0.29 | 2.37 | <.0001 |
| टीएसएस (°ब्रिक्स) / TSS (°Brix) | 19.06 | 10.10- 37.5 | 3.53 | 2.55 | <.0001 |
| वाष्पशील अम्लता (ग्रा/ली) /VA (g/l) | 0.15 | 0.00- 0.98 | 0.11 | 3.13 | <.0001 |

दोनों स्थलों पर सर्वाधिक औसत गुच्छा वजन न्यूनतम गुच्छा भार वाली लताओं में दर्ज़ किया गया। पुणे हालत में, औसत गुच्छ वजन 405 ग्राम था जबकि नासिक में गुच्छ वजन 463 ग्राम था। पुणे की तुलना में, नासिक में उच्च गुच्छ वजन, कम गुच्छा लोड यानी 30 गुच्छे/लता के कारण प्राप्त हुआ। गुच्छ प्रति लता मे वृद्धि के साथ गुच्छ वजन में कमी दर्ज़ की गई। 2014-15 में भी दोनों स्थानों पर ऐसे ही रुझान देखे गए थे, हालांकि अधिकतम उपज, सर्वाधिक गुच्छ भार वाली लताओं में आँकी गई, परंतु इन लताओं मे मणि आकार जैसे मणि व्यास और लंबाई, कम थे। सर्वाधिक गुच्छ भार पर, पुणे और नासिक में अनुमानित उपज क्रमश: 11.76 टन/एकड़ और 15.11 टन/एकड़ थी। मणि आकार को ध्यान में रखते हुए यह उपज स्वीकार्य है। टीएसएस: अम्लता अनुपात उपभोक्ता की स्वीकृति के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। पुणे और नासिक में न्यूनतम गुच्छा लोड पर टीएसएस: अम्लता अनुपात क्रमश: 29 और 25.79 दर्ज किया गया। दो साल के आंकड़ों के आधार पर, मांजरी नवीन में पुणे में 40 (0.67 गुच्छ/वर्ग फुट) और नासिक के लिए 30 गुच्छे/लता (0.75 गुच्छ/वर्ग फुट) का भार उपयुक्त है।

## ए18/3

ए18/3 के लिए पुणे परिस्थितियों में, 10x6 फुट अंतर वाली और डोगरिज पर कलमित लताओ में 40, 60, 80 और 100 का गुच्छा भार रखा गया। नासिक में 30, 40, 50 और 60 गुच्छे प्रति लता का गुच्छ भार और लताओं में 85 का अंतर रखा गया। गुच्छ भार में वृद्धि होने पर गुच्छ वजन में गिरावट आई। पुणे में, 40 गुच्छ/लता के गुच्छ भार में औसत गुच्छ वजन 360.4 ग्रा था। इसी गुच्छ भार पर नासिक में औसत गुच्छ भार 370.5 ग्रा था, जबकि कम भार यानि 30 गुच्छ/लता में गुच्छ वजन 400 ग्रा था। अनुमानित उपज न्यूनतम गुच्छ भार पर सबसे कम और अधिकतम गुच्छ भार पर सर्वाधिक थी। परंतु, उच्च गुछ भार पर मणि व्यास, मणि लंबाई, टीएसएस में कमी और अम्लता में वृद्धि देखी गई। पुणे परिस्थितियों में 60 गुच्छे प्रति लता के भार पर स्वीकार्य टीएसएस: अम्लता अनुपात 32.2 मिला। इस गुच्छ भार पर अनुमानित उपज 15 टन/एकड़ और मणि व्यास (17.51 मिमी) भी स्वीकृति की सीमा के अंतर्गत था। नासिक परिस्थितियों में, 30 गुच्छे प्रति लता के भार पर, अनुमानित उपज 12.45 टन/एकड़ थी। इस गुच्छ भार पर मणि व्यास और लंबाई भी उच्चतम थी। टीएसएस: अम्लता अनुपात 27.28 था, जो ताजा फल के लिए अच्छा माना जाता है। उपज और मणि गुणवत्ता पर दो साल के आंकड़ों के आधार पर, ए18/3 में पुणे परिस्थितियों के लिए 60 गुच्छे/लता (1 गुच्छ/वर्ग फुट) तक

At both the sites, average bunch weight was highest with the minimum bunch load. In Pune condition, average bunch weight was 405g while it was 463g in Nasik condition. A decrease in bunch weight was recorded with the increase in number of bunches/vine. Increased bunch load also resulted in reduced berry weight, berry diameter and berry length. Similar trend was observed during 2014-15 also at both the sites. Though the estimated yield per acre was maximum in highest bunch load at both the sites, however berry size in terms of berry diameter and length was less. At minimum bunch load, estimated yield was 11.76 t/acre and 15.11 t/acre at Pune and Nasik respectively. Considering the size of berries, this yield is acceptable. TSS:acidity ratio is an important factor for consumer's acceptance. TSS:acidity ratio of 29 and 25.79 was recorded at minimum bunch load at Pune and Nasik. Based on two years data, a bunch load of 40 (0.67 bunch/ft$^2$) at Pune and 30 (0.75 bunch/ft$^2$) at Nasik was found suitable for obtaining quality grape in Manjri Naveen variety.

## A18/3

Under Pune condition, the bunch load of 40, 60, 80 and 100 was maintained on Dogridge grafted vines spaced at 10x6 feet while under Nasik condition, 30, 40 and 50 bunches/vine were maintained at a spacing of 8x5 feet. The bunch weight was reduced with the increased bunch load. At Pune, average bunch weight of 360.4 g was recorded in bunch load of 40 bunches/vine. At the same bunch load, bunch weight was 370.5 g under Nasik condition, while it was 400 g at a bunch load of 30. Expected yield was the least in minimum bunch load and the highest in maximum bunch load. However, berry diameter, berry length, TSS was statistically decreased and acidity increased at higher bunch load. In Pune conditions, acceptable TSS: acidity ratio of 32.2 was obtained when 60 bunches/vine were maintained. At this bunch load, estimated yield was 15 t/acre and berry diameter (17.51 mm) was found under the limit of acceptance. Under Nasik condition, at the crop level of 30 bunches/vine, estimated yield was 12.45 t/acre. The berry size in terms of diameter and length was also highest at this bunch load level. The acidity: TSS ratio was found to be 27.28 which is considered good for table grapes. Based on two years data on berry quality and yield, bunch load of upto 60 bunches/vine (1 bunch/feet$^2$) under Pune condition,

और नासिक परिस्थितियों के लिए 30 गुच्छे/लता (0.75 गुच्छ/वर्ग फुट) का भार उपयुक्त है।

## जूस किस्में

### मेडिका

पुणे परिस्थितियों में, डोगरिज पर कलमित और 10x6 फुट अंतर वाली मेडिका की लताओं में 40, 60, 80 और 100 गुच्छ/लता गुच्छ भार और नासिक में 8x5 फुट अंतर वाली लताओं में 40, 50, 60 और 70 गुच्छ/लता के गुच्छ भार के साथ दूसरे वर्ष के लिए दोहराया गया। पुणे और नासिक में सर्वाधिक गुच्छ भार वाली लताओं में उच्चतम उपज क्रमश: 15.21 टन/एकड़ और 16.65 टन/एकड़ आँकी गई। सर्वाधिक गुच्छ भार पर क्रमश: पुणे और नासिक में टीएसएस 16.18 और 17.20 °ब्रि और अम्लता 7.14 एवं 7.74 ग्रा/ली दर्ज़ की गई। शर्करा और अम्लता के सही मिश्रण वाले जूस के लिए ये मात्रा उचित हैं। क्योंकि मेडिका जूस किस्म है इसलिए मणि आकार गुणवत्ता मापदंड नहीं है। एचआरएलसी-एमएस में पीक क्षेत्रफल के आधार पर फिनोल और एंथोसाइनिन मात्रा भी उच्चतम गुच्छ भार पर अधिक थी। पिछले वर्ष, जो परीक्षण का पहला साल था, से प्राप्त अनुसंधान आंकड़े दर्शाते हैं कि पुणे में 40-60 गुच्छे/लता और नासिक में 40-50 गुच्छे/लता भार उपयुक्त है। परंतु इस वर्ष उपज और जैव रासायनिक संघटकों की मात्रा के आधार पर मेडिका के लिए पुणे परिस्थितियों में 80-100 गुच्छ/लता और नासिक में 70 गुच्छ/लता का गुच्छ भार उपयुक्त है।

## किशमिश अंगूर की किस्में

### किशमिश रोसाविस व्हाइट (केआर व्हाइट)

पुणे परिस्थितियों में, डोगरिज पर कलमित और 10x5 फुट अंतर वाली केआर व्हाइट की लताओं में 40, 60 और 80 गुच्छ/लता का गुच्छ भार और नासिक में 8x5 फुट अंतर वाली लताओं में 40, 60, और 80 गुच्छ/लता के गुच्छ भार रखा गया। दोनों परिस्थितियों में सर्वाधिक गुच्छ भार यानि 80 गुच्छे में उच्चतम उपज आँकी गई। परंतु अधिक गुच्छ भार पर टीएसएस मात्रा न्यूनतम थी।

किशमिश प्राप्ति का सीधा संबंध मणियों में टीएसएस मात्रा से है। उच्चतम टीएसएस 40 गुच्छे/लता वाले गुच्छ भार में दर्ज़ किया गया और इनमें किशमिश प्राप्ति (पुणे में 26.88% और नासिक में 26.55%) भी सर्वाधिक थी। परंतु, क्योंकि 80 गुच्छे/लता में उपज बहुत अधिक थी, इसलिए यह सुझाव दिया जाता है कि उच्च किशमिश प्राप्ति के लिए, उपयुक्त टीएसएस आने पर ही तुड़ाई की जानी चाहिए। पूर्व के वर्षों में भी अन्यों के मुक़ाबले, 80 गुच्छ/लता

and a bunch load of 30 bunches/vine (0.75 bunch/ft$^2$) under Nasik condition is suitable for A18/3.

## Juice variety

### Medika

In Pune, the trial was repeated for second year on grapevines grafted on Dogridge and spaced at 10x6 feet with the bunch load of 40, 60, 80 and 100 bunches/vine, while at Nasik, 40, 50, 60 and 70 bunches/vine were maintained on Dogridge grafted vines, spaced at 8x5 feet. The maximum estimated yield of 15.21 t/acre and 16.65 t/acre was recorded in Pune and Nasik respectively from the maximum bunch load. The TSS was 16.18 and 17.20 °B and acidity was 7.14 and 7.74 g/l from both the locations at maximum bunch load. These values are suitable for juice having good blend of sugar and acidity. Based on peak area response in HRLC-MS, phenolics and anthocyanins contents were more at 80 bunches/vine as compared to other treatment. In last year's experiment, which was the first year of the yield, retention of 40-60 bunches/vine in Pune and 40-50 bunches/vine in Nasik conditions was found suitable. However, considering the yield and biochemical constituents of grape berries obtained this year, the bunch load of 80-100 bunches/vine and 70 bunches/vine under Pune and Nasik condition respectively were found better for this variety.

## Raisin grape variety

### Kishmish Rosavis White (KR White)

The bunch load of 40, 60 and 80 bunches/ vine was maintained on the vines of KR White grafted on Dogridge rootstock at a distance of 10x5 feet in Pune and 8x5 feet under Nasik conditions. Maximum yield/vine was estimated from highest bunch load i. e. 80 bunches in both the conditions. However, the TSS values were lowest at increased bunch load.

The raisin recovery is directly related to TSS content of berries. Maximum TSS was found in load of 40 bunches/vine and raisin recovery (26.88% at Pune and 26.55% at Nasik) was also the highest. However, since the grape yield was significantly higher in 80 bunches/vine, it is recommended to delay the harvest to achieve appropriate TSS to obtain higher recovery of raisins. In previous years also, retension of 80 bunches/

में बेहतर प्रदर्शन था। पिछले दो वर्ष के आंकड़ों के आधार पर, पुणे और नासिक परिस्थितियों में केआर व्हाइट की लताओं में 80 गुच्छ/लता के भार का सुझाव दिया जाता है।

## किसान क्षेत्र में किशमिश क़िस्मों का आंकलन

किसान प्रक्षेत्र में डोगरिज पर कलमित 6 किशमिश क़िस्मों का आंकलन किया गया। लताओं को 9x5 फुट के अंतर पर और वाई ट्रेलिस पर प्रशिक्षित किया गया था। आधारीय और फल छंटाई के दौरान एक समान कृषि प्रक्रियाएँ प्रयोग की गईं।

वानस्पतिक वृद्धि मापदंडों, उपज, गुणवत्ता और किशमिश प्राप्ति पर आंकड़े दर्ज किए गए। वृद्धि मापदण्डों के लिए सार्थक अंतर दर्ज़ किए गए। सर्वाधिक प्ररोह लंबाई (113.75 सेमी) सुंदेखनी सीडलैस तथा न्यूनतम किशमिश रोजाविस (79.75 सेमी) में थी। उपज संबन्धित मापदण्डों के आंकड़े तालिका 5 में दिये है। गुच्छ संख्या/लता में सार्थक अंतर था और यह सुंदेखनी सीडलेस में 25.50 से केआर व्हाइट में 43.75 था, जो कि केआर व्हाइट में बेहतर फलत का संकेत करता है।

केआर व्हाइट में मणि व्यास 15.25 मिमी वाली मध्यम आकार और रिबिएर में 19.25 मिमी वाली बड़े आकार की मणि थीं। गुच्छ/लता अधिक होने के कारण केआर व्हाइट में अन्य क़िस्मों के मुक़ाबले सर्वाधिक उपज (17.83 किग्रा/लता) मिली जबकि सुंदेखनी सीडलेस में निम्नतम उपज (12.50 किग्रा/लता) मिली। सर्वाधिक किशमिश प्राप्ति (26%) भी केआर व्हाइट से हुई। इंद्रियग्राही परीक्षण में, सफ़ेद सीडलेस किस्मों में से, सर्वाधिक स्कोर, मरबीन सीडलैस और तत्पश्चात केआर व्हाइट से प्राप्त किशमिश को मिला (चित्र 1)। रंगीन क़िस्मों में से, ब्लॅक मुनक्का की किशमिश को सर्वाधिक स्कोर मिला। उपज, गुणवत्ता, किशमिश प्राप्ति और ग्राहक स्वीकृति को ध्यान में रखते हुए, किशमिश बनाने के लिए केआर व्हाइट किस्म, वर्तमान की किस्म थॉमसन सीडलेस का पर्याय हो सकती है।




चित्र 1: विभिन्न किस्मों से तैयार किशमिश की इंद्रियग्राही परीक्षण स्कोर
Figure 1: Organoleptic score of raisins prepared from different varieties

vines performed better than other treatments. Based on two years data, retension of 80 bunches/vine is recommended for both Pune and Nasik conditions.

## EVALUATION OF RAISIN VARIETIES AT FARMERS FIELD

Six raisin varieties grafted on Dogridge rootstock were evaluated at Farmer's field during 2015-16. The vines were planted at a spacing of 9x5 feet trained to Y trellises. Uniform cultural practices were followed during foundation and fruit pruning.

The data on vegetative growth parameters, yield, quality and raisin recovery was recorded. Significant differences were recorded for growth parameters. Higher shoot length of 113.75 cm was recorded in Sundekhani Seedless while the lowest shoot length was in Kishmish Rosavis (79.75 cm). The data on yield related parameters is given in table 5. Number of bunches/vine varied significantly from 25.50 in Sundekhani Seedless to 43.75 in KR White, suggesting better fruitfulness in KR White.

The berries in KR White were medium in size with 15.25 mm diameter than the bold berries (19.25 mm) in Ribier. The higher number of bunches/vine resulted in highest yield per vine in KR White (17.83 kg) as compared to other varieties whereas variety Sundekhani Seedless was found to be the low yielder (12.50 kg). Highest raisin recovery (26%) was also recorded in KR White. In organoleptic test, among white seedless varieties, raisins from Merbein Seedless had highest acceptability score followed by KR White (Figure 1). Among coloured varieties, raisins from Black Monukka had better acceptability. Considering the yield, quality, raisin recovery and acceptance by consumer, the variety KR White can be an alternative to present Thompson Seedless for raisin purpose.

तालिका 5: किसानों के क्षेत्र में किशमिश किस्मों की उपज प्रदर्शन

Table 5: Yield performance of raisin varieties at farmers' field

| | गुच्छे/लता Bunches/ vine | औसत गुच्छा वजन (ग्रा)/ Average bunch wt. (g) | मणि व्यास (मिमी)/ Berry diameter (mm) | टीएसएस (°ब्रिक्स)/ TSS (°B) | अम्लता (ग्रा/ली)/ Acidity (g/l) | उपज/लता (किग्रा)/ Yield/vine (kg) | किशमिश प्राप्ति/ Raisin recovery (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| केआर व्हाइट / KR White | 43.75 | 407.50 | 15.25 | 23.75 | 6.00 | 17.83 | 26.00 |
| मरबीन सीडलैस/ Merbein Seedless | 39.25 | 375.00 | 15.75 | 23.75 | 5.95 | 14.72 | 25.98 |
| सुंदेखनी सीडलैस/ Sundekhani Seedless | 25.50 | 490.00 | 17.50 | 23.75 | 5.98 | 12.50 | 25.50 |
| किशमिश रोसाविस/ Kishmish Rosavis | 40.75 | 355.00 | 15.50 | 23.75 | 5.88 | 14.47 | 25.03 |
| रिबियर / Ribier | 26.25 | 495.00 | 19.25 | 23.50 | 5.80 | 13.00 | 24.33 |
| ब्लॅक मुनक्का / Black Monukka | 31.00 | 455.00 | 17.25 | 23.50 | 5.73 | 14.11 | 24.03 |
| C.V. % | 2.72 | 2.54 | 4.02 | 2.18 | 2.24 | 4.55 | 0.604 |
| L.S.D. 5% | 1.41 | 16.49 | 1.01 | 0.77 | 0.19 | 0.99 | 0.23 |
| सार्थकता / Significance | ** | ** | ** | असार्थक / NS | ** | ** | ** |

## भारतीय परिस्थितियों में उपज और गुणवत्ता वाइन के लिए वाइन क़िस्मों का मानकीकरण

### लाल वाइन किस्में

10 लाल वाइन क़िस्मों का उपज और गुणवत्ता मापदण्डों के लिए आंकलन किया गया। सभी किस्मों को टीएसएस 22-23 °ब्रि के स्तर पर तोड़ा गया। टेमप्रनिलो, पेटिट वर्डो, मर्लो, कैबर्ने फ्रांक और सिनसों में अपेक्षित टीएसएस 130 दिन में मिला (चित्र 2) अत: ये अगेती किस्में हैं। क्योंकि वाइन गुणवत्ता का मणि आकार और वजन से प्रतिलोम संबंध है, अच्छी गुणवत्ता वाइन बनाने के लिए छोटी आकार की मणि को प्राथमिकता दी जाती है। न्यूनतम

## STANDARDIZATION OF WINE VARIETIES FOR YIELD AND QUALITY WINE UNDER INDIAN CONDITION

### Red wine varieties

Ten red wine varieties were evaluated for yield and quality parameters. All the varieties were harvested on attaining TSS of 22-23°B. Varieties Tempranillo, Petit Verdot, Merlot, Cabernet Franc and Cinsaut achieved desired TSS in 130 days (Figure 2) and thus are early maturing under Pune conditions. As the wine quality is inversely related to berry size and weight, small sized berries are preferred for obtaining good quality wine. The minimum 100 berry weight was obtained

100 मणि वजन केबर्ने सौवीनों में था। पेटिट वर्डो के अलावा सभी किस्मों में जूस का अम्लता स्तर वांछित सीमा (6-8 ग्रा/ली) में था। जूस पीएच भी सिरा (3.67) के अलावा, सभी किस्मों में, सीमा (3.4-3.6) के भीतर था। विभिन्न क़िस्मों में तुड़ाई के समय मणि में फिनोल संघटकों का अध्ययन किया गया। फिनोल की अधिक मात्रा टेमप्रनिलो (61.07 मिग्रा/ली), तत्पश्चात पेटिट वर्डो (56.95 मिग्रा/ली) और न्यूनतम केबर्ने सौवीनों (13.12 मिग्रा/ली) में थी।

in Cabernet Sauvignon. The acidity level of juice of all varieties except Petit Verdot was within desired range (6 to 8 g/l). The juice pH was also within limit of 3.4 to 3.6 except Syrah where it was 3.67. Phenolic composition of berries at harvest was studied and higher quantity of phenolic compounds were recorded in Tempranillo (61.07 mg/l) followed by Petit Verdot (56.95 mg/l) whereas the lowest phenolic compound was recorded in Cabernet Sauvignon (13.12 mg/l).




चित्र 2: लाल वाइन अंगूर की किस्मों में फसल के लिए लिय गए दिन और परिपक्वता के लिए डिग्री दिन संख्या
Figure 2: Days taken for harvest and growing degree days for red wine grape varieties

वाइन में इथेनोल की सर्वाधिक मात्रा कलडोक (13.03%) में थी जिसका अनुसरण मर्लो (12.8%) ने किया (तालिका 6)। वाइन का पीएच 3.47-3.51 के बीच था, जो उष्णकटिबंधीय परिस्थितियों में वाइन की स्थिरता का संकेतक है। दो वर्ष के आंकड़ों के आधार पर, पुणे की परिस्थितियों के लिए केबर्ने सौवीनों, टेमप्रनिलो और पेटिट वर्डो उपयुक्त हैं।

## सफ़ेद वाइन किस्में

नौ सफ़ेद वाइन क़िस्मों का उपज, गुणवत्ता, जैव रासायनिक संघटन और वाइन गुणवत्ता मापदण्डों के लिए आंकलन किया गया। अन्य क़िस्मों के मुक़ाबले, रीज़लिंग और ग्वार्ट्रमिनर अगेती किस्में थी (चित्र 3)। इन दोनों किस्मों के पकने के लिए आवश्यक डिग्री दिनों की संख्या 1280.61 थी। सौवीनों ब्लाँ में सर्वाधिक गुच्छ/लता (34.20) थे जिसका अनुसरण कोलंबर्ड (61.6) और ग्वार्ट्रमिनर (42.77) ने किया जबकि ग्रोस मेंसंग (16.5) में गुच्छों की संख्या न्यूनतम थी, जो इस किस्म के पुणे परिस्थितियों में कम उपजाऊ होने का संकेत है।

The highest ethanol content was obtained in wines of Caladoc (13.03%) followed by Merlot (12.8%) (Table 6). The pH of wine ranged from 3.47 to 3.51 which indicated the stability of wines produced under tropical conditions. Based on two years data, Cabernet Sauvignon, Tempranillo and Petit Verdot are suitable wine grape varieties for Pune conditions.

## White wine varieties

Nine white wine varieties were evaluated for yield, fruit quality, biochemical composition and wine quality under Pune condition. Riesling and Gewurtztraminer were early to harvest (127 days) as compared to other varieties (Figure 3). The required degree days for harvest were 1280.61 for both these varieties. Bunches/vine were highest in Sauvignon Blanc (34.20) followed by Colombard (61.60) and Gewurtztraminer (42.77) while Gros Manseng produced less bunches (16.50) indicating low yielder under Pune condition.

## तालिका 6: लाल वाइन किस्मों के गुणवत्ता मापदंड

## Table 6: Wine quality parameters of red wine varieties

| किस्म / Variety | कुल अम्ल (ग्रा/ली) / Total Acid (g/l) | पीएच / pH | इथेनोल Ethanol (%) | मॅलिक अम्ल (ग्रा/ली) / Malic Acid (g/l) | वाष्पशील अम्लता (ग्रा/ली) / VA (g/l) |
|---|---|---|---|---|---|
| सिरा / Syrah | 4.10 | 3.46 | 12.80 | 1.80 | 0.21 |
| सिनसों / Cinsaut | 4.40 | 3.50 | 12.50 | 2.30 | 0.23 |
| कलडोक / Caladoc | 4.80 | 3.49 | 13.03 | 2.40 | 0.25 |
| ग्रेनाश / Grenache | 4.20 | 3.48 | 12.74 | 1.90 | 0.28 |
| निलुशिओ / Niellucio | 4.30 | 3.51 | 12.73 | 2.60 | 0.30 |
| टेमप्रनिलो / Temperanillo | 4.40 | 3.45 | 12.60 | 3.00 | 0.25 |
| पेटिट वर्डो / Petit Verdot | 4.30 | 3.50 | 12.67 | 3.60 | 0.22 |
| मर्लो / Merlot | 4.20 | 3.48 | 12.85 | 2.19 | 0.27 |
| कैबर्ने फ्रांक / Cabernet Franc | 4.90 | 3.50 | 12.39 | 2.59 | 0.34 |
| कैबर्ने सौवीनों / Cabernet Sauvignon | 5.30 | 3.47 | 12.69 | 2.51 | 0.29 |
| C.V. % | 3.60 | 1.62 | 0.57 | 5.02 | 6.28 |
| L.S.D at 5% | 0.28 | 0.05 | 0.07 | 0.12 | 0.02 |
| सार्थकता / Significance | ** | ** | ** | ** | ** |




चित्र 3: सफ़ेद वाइन अंगूर की किस्मों में तुड़ाई के लिए दिन और परिपक्वता के लिए डिग्री दिन संख्या

Figure 3: Days taken for harvest and growing degree days for white wine grape varieties

अन्य क़िस्मों के मुक़ाबले ग्रोस मेंसंग, रीज़लिंग और ग्वार्ट्रमिनर में कम उपज मिली। रीज़लिंग और ग्वार्ट्रमिनर क़िस्मों में कम मणि संख्या और 100 मणि वजन मापा गया, जो वांछित लक्षण छोटे मणि आकार का संकेतक है। टीएसएस की मात्रा रीज़लिंग और ग्वार्ट्रमिनर में 24 °ब्रि और ग्रोस मेंसंग में मात्र 22.35 °ब्रि थी। अम्लता 6-6.76 के बीच थी और अधिकतम अम्लता ग्वार्ट्रमिनर में दर्ज़ की गई। न्यूनतम जूस पीएच ग्रोस मेंसंग (3.01) और अधिकतम वियोनियर (3.72) में दर्ज़ किया गया। सभी किस्मों की वाइन का पीएच वांछित सीमा में था और न्यूनतम वाइन पीएच वर्मेंटिनो (3.07) किस्म की वाइन का था। रीज़लिंग वाइन का पीएच 3.23 दर्ज़ किया गया। पिछले दो वर्ष के आंकड़े, पुणे परिस्थितियों में रीज़लिंग की उपयुक्तता की पुष्टि करते है।

Gros Manseng, Riesling and Gewurtztraminer recorded lower yield in comparison to other varieties studied. Riesling and Gewurtztraminer recorded less berries with lower 100 berry weight indicating small berry size which is a desirable trait. The berries of Riesling and Gewurtztraminer contained TSS of 24.0°B in comparison to Gros Manseng where it was only 22.35°B. The acidity ranged from 6.0 to 6.76 with the maximum values in Gewurtztraminer. The juice pH of Gros Manseng was minimum (3.01) while the maximum pH was noted in Viognier (3.72). The pH of wines was within the limit and the minimum pH was noted in wine made from Vermentino variety (3.07). The wine of Riesling was recorded with pH value of 3.23. The data of two years evaluation confirmed the suitability of Riesling variety under Pune condition.

## II. अंगूर में आनुवांशिक सुधार

## II. GENETIC IMPROVEMENT OF GRAPE

### बीजरहित अंगूर में डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधिकता के लिए आण्विक सहायत चयन (एमएएस) तकनीक हेतु प्रजनन

तीन पैतृक संयोजन (सेवये विलार्ड (एसवी) 12364 x थॉमसन सीडलैस (टीएस), एसवी 12309 x टीएस, केरोलिना ब्लैक रोज (सीबीआर) x टीएस) में क्रॉसिंग जारी रखा गया। क्रॉसिंग के लिए कुल 170 पुष्पक्रम का प्रयोग किया गया।

इस समय सीबीआर टीएस की 115 और एसवी x टीएस के 149 संकर क्षेत्र में स्थापित हैं। एसवी 12375 x टीएस की 67 संकरों को *इन विट्रो* और प्रक्षेत्र स्क्रीनिंग द्वारा युपोव रेटिंग के अनुसार डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता के लिए आंकलन किया गया। विभिन्न रेटिंग में संकरों के वर्गीकरण का घंटी आकार का वक्र मिला (चित्र 4) जो इस लक्षण के लिए योगशील जीन प्रभाव का सूचिक है। इन संकरों का *आरपीवी3* लोकस के पांच माइक्रोसेटेलाइट मार्करों के साथ विश्लेषण किया गया। फीनोटाइप और जीनोटाइप आंकडों का सहपृथक्करण विश्लेषण किया जा रहा है।

*आरपीवी3* लोकस के अलावा, क्रोमोसोम 12 पर स्थित मुख्य क्यूटीएल *आरपीवी1* के लिए प्राइमर बनाए गए। ज्ञात मार्करों वीएमसी8जी2 और वीएमसी1जी3.2 की स्थिति के आधार पर *आरपीवी1* लोकस के लिए 10 नए प्राइमर बनाए गए। पाउडरी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता क्यूटीएल *आरयूएन1* और *आरइएन1* लोकस के

### BREEDING FOR THE DEVELOPMENT OF MARKER ASSISTED SELECTION (MAS) TECHNIQUE FOR DOWNY MILDEW RESISTANCE IN SEEDLESS GRAPE VARIETIES

The crossing programme was continued with three parental combinations (Seyve Villard (SV) 12364 x Thompson Seedless (TS), SV12309 x TS, Carolina Black Rose (CBR) x TS). A total of 170 inflorescences were used for crossing.

At present 115 progenies of CBR x TS and 149 progenies of SV x TS are maintained in the field. Total 67 F1 progeny of Sevye Villard 12375 x Thompon Seedless were screened *in vitro* and in field for downy mildew resistance as per UPOV rating. Distribution of progenies under different ratings resulted in a bell shaped curve indicating additive gene effect for the trait (Figure 4). These hybrids were analysed with five microsatellite markers for RPV. The cosegregation analysis of phenotype and genotype data is in progress.

In addition to RPV3 locus, primers were designed for other major QTL RPV1 located on chromosome 12 of the grape genome. Based on the positions of known markers VMC8G2 and VMC1g3.2 on the counting, 10 new primers were designed for *RPV1* locus. Primers were also designed for powdery mildew resistance




चित्र 4: 1 संततियों की डाउनी मिल्ड्यू रोगज़नक़ के विरुद्ध प्रतिक्रिया
Figure 4. Response of F1 progenies against downy mildew pathogen

लिए भी प्राइमर बनाए गए। ये लोकस क्रमशः क्रोमोसोम 12 और 13 पर स्थित हैं। ज्ञात मार्करों के आधार पर अंगूर की जीनोम अनुक्रमण में नए माइक्रोसेटेलाइट ढूंढे गए और प्रत्येक लोकस के लिए 10 नए माइक्रोसेटेलाइट प्राइमर बनाए गए।

## अंगूर में प्राकृतिक रुप से विरल गुच्छे और बड़ी मणि के लिए प्रजनन

रेड ग्लोब (आरजी) को मादा पैतृक के रुप में प्रयोग कर के विरल गुच्छे और बड़ी मणि के लिए क्रॉसिंग की गई। आरजी x मांजरी नवीन के 50 और आरजी x ए18/3 के 100 पुष्पक्रमों को क्रॉस किया गया।

## अंगूर लताओं में लवणता प्रतिबल की प्रतिक्रिया का कार्यात्मक विश्लेषण

इस परियोजना में लवण प्रतिबल प्रभावित अंगूर लता की पत्ती और जड़ में आरएनए अनुक्रमण आधारित ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण किया गया। आरएनए अनुक्रमण आंकडों के विश्लेषण से बड़ी संख्या में अंतरीय अभिव्यक्त जीन की पहचान की गई।

370 अंतरीय अभिव्यक्त जीन में पाथवे विश्लेषण से पता चला कि विभिन्न पाथवे जैसे प्राइमरी मेटाबोलिज़्म, सेकेण्डरी मेटाबोलिज़्म, ट्रांसक्रिप्शन, प्रकाश संश्लेषण, कोशिका कार्य, कोशिकीय प्रतिक्रिया, विनियमन (रेगुलेशन), आरएनएन प्रोटीन संश्लेषण, स्वतःयोजिता और प्रोटिओसोम, लवण प्रतिबल से प्रभावित हुए। अन्य जीन के अलावा, 50 ट्रांसक्रिप्शन कारकों (टीएफ) की जीन की अभिव्यक्ति

QTLs RUN1 and REN1 locus. *RUN1* and REN1 loci are located on chromosome 12 and 13 respectively. Based on the information on reported markers grape sequence was used to search new microsatellite regions. 10 new microsatellite primers were designed for each locus.

## BREEDING FOR NATURALLY LOOSE BUNCHES AND BOLD BERRIES IN GRAPES

Crossing was carried out for the traits bold berries and loose bunches using common female parent Red Globe. Two crossing combinations were carried out. The number of inflorescence crossed were 50 for RG x Manjri Naveen and 100 for RG x A18/3.

## FUNCTIONAL ANALYSIS OF SALINITY STRESS RESPONSE IN GRAPEVINE

This project involved RNA sequence based transcriptome analysis of leaf and root tissue of salt stressed grapevine. Analysis of RNA seq data identified a large number of differentially expressed genes.

Pathway analysis of 370 differentially expressed genes under salt stress revealed that several pathways viz. pathways belonging to primary metabolism, secondary metabolism, transcription, photosynthesis, cell function, cellular response, regulation, RNA protein synthesis, autophagy and proteosome were affected by stress. Besides other genes, expression of 59 genes coding for transcription factors varied across three time

में तीन समय बिन्दुओं पर परिवर्तन हुआ (चित्र 5)। ये टीएफ एपी2, विरकी, एमवाईबी, एबीआई, बीएचएलएच, एनएसी और एचबी वर्गों से सम्बधित थे। इसी प्रकार जिबरेलिन, एबसीसिक अम्ल, जेसमोनिक अम्ल और सेलिसिलिक अम्ल के चयापचय और रेगुलेशन में शामिल अनेक जीन का लवण प्रतिबल के बाद अपरेगुलेशन हुआ।

points (Figure 5). These TFs belonged to AP2, WRKY, MYB, ABI, bHLH, NAC and HB classes. Several genes involved in the metabolism and regulation of auxin, gibberellin, abscisic acid, jasmonic acid and salicylic acid were upregulated post salt treatment.




चित्र 5: विभिन्न व्यक्त प्रतिलेखन कारक के हीटमैप

Figure 5: Heat map of differentially expressed transcription factors

अभिव्यक्ति स्तर और क्रियात्मक वर्गीकरण के आधार पर 45 जीन को रियल टाइम पीसीआर विश्लेषण के लिए चुना गया। लवण प्रतिबल के विभिन्न समय बिन्दुओं पर स्वःमूलित और कलमित लताओं में 15 जीन की अभिव्यक्ति निर्धारित की गई। स्वःमूलित और कलमित लताओं में इन जीन का विभिन्न पॅटर्न देखा गया (चित्र 6).

लवण प्रतिबल प्रभावित जीन में आण्विक मार्कर की पहचान के उद्देश्य से 32 जीन में माइक्रोसेटेलाइट पुनरुक्ति क्षेत्र की पहचान कर उनके पार्श्व अनुक्रम में प्राइमर बनाए गए। इन प्राइमर का 15 जीनोटाइप के साथ परीक्षण किया। अब तक परीक्षण किए 12 प्राइमर पॉलीमॉर्फिक पाए गए (चित्र 7)।

Based on the expression level and functional categorization 45 genes were selected for realtime PCR analysis. Expression of 15 selected genes was determined in own root and grafted vines at different time of salt stress. Variable pattern of genes expression was observed in own root and grafted vines (Figure 6).

In an effort to identify molecular markers in salt stress responsive genes, microsatellite repeats were identified in 32 genes and primers were designed in their flanking sequences. These primers were screened with 15 genotypes. All the 12 primer pairs tested so far were found to be polymorphic (Figure 7).




चित्र 6: स्वमूलित और कलमित लताओं में चयनित जीन की अभिव्यक्ति प्रोफ़ाइल
Figure 6: Expression profile of selected genes in own root and grafted vines

जड़ का आरएनए अनुक्रमण आंकडे का अंतरीय अभिव्यक्ति के लिए विश्लेषण किया गया। तालिका 7 में आंकडें दर्शाते हैं कि प्रत्येक समय बिंदू पर बड़ी संख्या में ट्रांसक्रिप्ट अंतरीय अभिव्यक्त हुए। इन ट्रांसक्रिप्ट का कार्यात्मक वर्गीकरण किया गया और मुख्य जीओ टर्म की पहचान की गई।

प्रतिबल प्रतिक्रिया में रेगुलेटरी एमआईआरएनए की भूमिका के अध्ययन के लिए 6 घंटे और 7 दिन के आरएनए नमूनों का डीग्रेडोम विश्लेषण किया गया। 6 घंटे में 19 एमआई आरएनए लक्ष्य साइट और 7 दिन पर 203 लक्ष्य साइट की पहचान की गई। आंकडों का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है।



चित्र 7: लवण तनाव उत्तरदायी जीनों के लिए माइक्रोसेटेलाइट मार्कर की पहचान
Figure 7: Identification of microsatellite markers for salt stress responsive genes

## क्रियात्मक जीनोमिक्स द्वारा थॉमसन सीडलेस में पुष्पक्रम और मणि दीर्घीकरण अवस्था पर जीए$_3$ अनुप्रयोग प्रतिक्रिया का अध्ययन

जीए$_3$ अनुप्रयोग के बाद पुष्पक्रम, पुष्पगुच्छ और मणि में जीए$_3$ प्रभावी जीन की पहचान करने और मणि विकास की विभिन्न अवस्थाओं पर जीए$_3$ क्रिया की क्रिया विधि समझने के लिए आरएनए

Root RNA sequence data was analyzed for differential expression. Data in table 7 indicated that a large number of transcripts were differentially expressed at each time point. The differentially expressed transcripts were functionally categorized and major GO terms were identified.

In an attempt to study the role of regulatory miRNA in salt response, RNA from 6h and 7day samples were subjected to degradome analysis. At 6h, 19 miRNA target sites and at 7 days, 203 miRNA target sites were detected. Further data analysis is in progress.

### तालिका 7: जड़ में लवण प्रतिबल प्रतिक्रिया स्वरूप अभिव्यक्त ट्रांसक्रिप्ट

### Table 7: Differentially expressed transcripts in root in response to salt stress

| समय बिंदू Time point | डाउन रेगुलेटेड ट्रांसक्रिप्ट Down-regulated transcripts | अप रेगुलेटेड ट्रांसक्रिप्ट Up-regulated transcripts |
|---|---|---|
| 6h | 453 | 180 |
| 24h | 381 | 271 |
| 7days | 131 | 548 |

## UNDERSTANDING RACHIS AND BERRY ELONGATION IN RESPONSE TO GA$_3$ APPLICATION IN THOMPSON SEEDLESS GRAPES THROUGH FUNCTIONAL GENOMICS

RNA seq based global expression analysis of rachis, flower cluster and berry after GA$_3$ treatment was used to identify the GA$_3$ responsive genes and understand the mechanism of GA$_3$ action at different

अनुक्रम आधारित समग्र अभिव्यक्ति विश्लेषण किया गया है। पुष्पक्रम अवस्था दर 114 जीन, पुष्पगुच्छ अवस्था पर 302 जीन और मणि अवस्था पर 332 जीन अप या डाउन रेगुलेट हुईं। ये जीन विभिन्न पाथवे जैसे कोशिका क्रिया, जैविक प्रतिबल, चयापचय, रेगुलेशन, परिवहन, बृहद एंजाइम फॅमिली, सेकेण्डरी मेटाबोलाइट, ट्रांसक्रिप्शन और कोशिका प्रतिक्रिया आदि से संम्बधित थीं । अभिव्यक्ति प्रोफाइल और पाथवे विश्लेषण के आधार पर 35 जीन को पुष्टिकरण के लिए चुना गया। 16 जीन की अभिव्यक्ति का विभिन्न अवस्थाओं और समय बिन्दुओं पर पुष्टीकरण किया गया।

चार जीए प्रतिक्रियाशील प्रत्याशी जीन, (जीएआई1, जीआइडी1बी, एक्सटीएच और एससीएल28) जिनकी पहचान सजात खोज द्वारा की गयी थी, का पांच जीनोटाइप (कैबर्ने सॉविनो, सॉविनो ब्लां, मांजरी नवीन, रेड ग्लोब और फैंटासी सीडलैस) की तीन अवस्थाओं में अभिव्यक्ति का विश्लेषण किया गया। इन जीनोटाइप का चयन उनकी जीए अनुप्रयोग पर अन्तरीय प्रतिक्रिया के कारण किया गया। पांच जीनोटाइप में चार जीन के अभिव्यक्ति पॅटर्न में अंतर देखा गया। जीन जीएआई1 चार जीनाटाइप में तीन अवस्थाओं पर डाउन रेगुलेट हुई परन्तु रेड ग्लोब में पुष्पगुच्छ अवस्था पर अप रेगुलेट हुई (चित्र 8)।




चित्र 8: पांच जीनोटाइप में जीएआई1 की अभिव्यक्ति
Figure 8: Expression of GAI1 in five genotypes

16 चयनित जीन की जीनोम अनुक्रम में माइक्रोसेटेलाइट की पहचान कर, उनके पार्श्व अनुक्रमण क्षेत्र के लिए प्राइमर बनाए गए। 21 जीनोटाइप में 10 प्राइमर स्क्रीन किए गए जिसमें से सात प्राइमर पॉलीमॉर्फिक थे (चित्र 9)।

## विभिन्न सिंचाई व्यवस्था के अंतर्गत फैंटासी सीडलैस अंगूर लता में उष्ण प्रतिबल का ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण

मई 2014 के पहले सप्ताह में पुणे में गर्म लहर का प्रभाव था। अंगूर लता में उष्ण प्रतिबल प्रभाव को समझने और उष्ण प्रतिबल के

stages of berry development. Analysis identified 114 genes at rachis stage, 302 genes at flower cluster stage and 332 genes at berry stage, to be either up- or down-regulated in response to hormone application. These genes belonged to different pathways like cell function, biotic stress, metabolism, regulation, transport, large enzyme family, secondary metabolites, transcription and cell response etc. Based on expression profiling and pathway analysis 35 genes were selected for validation. Expression of 16 genes was validated at different stages and time points.

Expression of 4 GA responsive candidate genes (GAI1, GID1B, XTH and SCL28) identified based on homology search, was analysed at three stages in five genotypes (Cabernet Sauvignon, Sauvignon Blanc, Manjri Naveen, Red Globe, and Fantasy Seedless). These genotypes were selected considering their differential response to GA application. The expression pattern of four genes varied across five genotypes. Gene GAI1 was found to be downregulated at three stages in four genotypes, however upregulated in red globe at flower cluster stage (Figure 8).

चित्र 9: जीए$_3$ प्रतिक्रियाशील जीन में पॉलीमोर्फिक मार्कर की पहचान
Figure 9: Identification of polymorphic markers in GA$_3$ responsive genes

Microsatellite regions were identified in genomic sequence for 16 selected genes and their upstream and downstream sequence and primers were designed in flanking regions. Primers for 10 genes were screened in 21 genotypes and seven primers were found to be polymorphic (Figure 9).

## TRANSCRIPTOME ANALYSIS OF HEAT STRESS IN FANTASY SEEDLESS GRAPEVINES UNDER VARIED IRRIGATION REGIME

Pune experienced heat wave conditions during first week of May 2014. In an effort to understand the heat

लिए अंगूर लता प्रतिक्रिया पर सिंचाई स्तर के प्रभाव का आण्विक स्तर पर अध्ययन करने के लिए, 5-6 मई 2014 को सुबह 7.45-8.15 बजे और दोपहर 3.30-4.00 बजे, फैंटासी सीडलैस अंगूर लताओं, जो विभिन्न सिंचाई व्यवस्था के अंतर्गत थी, से पत्ती नमूने लिए गए। प्रातः हवा का तापमान 26-27° से. था और 8 बजे के नमूनों को नियंत्रण नमूने (कंट्रोल सैम्पल) के रूप में लिया गया। 11 बजे तक हवा का तापमान 37° से ज्यादा हो गया था, अतः 4 बजे के नमूने वाली लताएं कम से कम 4 घंटे तक उष्ण प्रतिबल में थी। नमूने सिफारिश सिंचाई स्तर 100% (टी1), 75% (टी2), 50% (टी3) और 50% उपसतह सिंचाई (टी4) से लिए गए। इन नमूनों में आरएनए अनुक्रमण आधारित ट्रांसक्रिप्टोम अभिव्यक्ति विश्लेषण किया गया। अंतरीय अभिव्यक्ति विश्लेषण में बड़ी संख्या में अंतरीय अभिव्यक्ति जीन (डीइजी) की पहचान हुई। टी1, टी2, टी3 और टी4 में डीइजी की संख्या क्रमशः 739, 673, 562 और 579 थी। इनमें से मात्र 277 जीन सभी उपचारों में कॉमन थी (चित्र 10).

टी1 (100% सिंचाई) के कंट्रोल नमूने का टी2 (75% सिंचाई), टी3 (50% सिंचाई) और टी4 (50% उपसतह सिंचाई) के कंट्रोल नमूने के ट्रांसक्रिप्टोम की तुलना कर के नमी प्रतिबल लिप्त जीन की पहचान करने के लिए भी आंकडों का विश्लेषण किया गया। टी2, टी3 और टी4 में डीइजी की संख्या क्रमशः 1, 32 और 29 थी। आण्विक स्तर पर उष्ण और नमी प्रतिबल की अंतःक्रिया को समझने के लिए विश्लेषण जारी है।

stress response of grapevines and effect of irrigation level on plant response to heat stress at molecular level, leaf samples were collected at 7.45-8.15 AM and 3.30-4 PM on 5-6th May 2014 from Fantasy Seedless vines which were under differential irrigation schedule. The air temperature was 26-27 ºC during morning and samples at 8 AM were taken as control. The air temperature reached >37 ºC at 11.00 AM, thus the samples collected at 4 PM were under heat stress for atleast 4 hours. Samples were collected from vines under recommended irrigation (T1-100%), 75% (T2), 50% (T3) and 50% with sub surface irrigation (T4). The samples were subjected to RNA seq based transcriptome analysis. Differential expression analysis identified a large number of differentially expressed genes (DEGs). The number of DEGs was 739, 673, 562 and 579 in T1, T2, T3 and T4 respectively. Of these 277 genes were common in all the treatments (Figure 10).

The data was also analysed to identify the genes involved in moisture stress by comparing genes expression of control vines of T2 (75% irrigation), T3 (50% irrigation) and T4 (50% irrigation with SS) with T1 (100% irrigation). The number of DEGs was 1, 32 and 29 in T2, T3 and T4 respectively. Further analysis to understand the interaction of heat and moisture sress at molecular level is in progress.




चित्र 10: उष्ण तनाव के तहत डीइजी की वेन आरेख
Figure 10: Venn diagram of DEGs under heat stress

# III. अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व के लिए उत्पादन तकनीकों का विकास और शोधन

# III. DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF PRODUCTION TECHNOLOGIES FOR ENHANCING QUALITY, PRODUCTIVITY AND SUSTAINABILITY IN GRAPE

## ताजा फल और वाइन अंगूरों की वृद्धि, उपज और फल संरचना के लिए मूलवृंतों का आंकलन

### विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित फैंटासी सीडलैस का प्रदर्शन

तीन मूलवृन्तों (140आरयू, डॉगरिज तथा 110आर) पर कलमित फैंटासी सीडलैस की लताओं का आंकलन स्वमूलित लताओं के साथ वृद्धि, उपज और गुणवत्ता मानकों के लिए किया गया।

छंटाई जैव-घन के लिए सार्थक अंतर दर्ज किए गए। स्वमूलित लताओं ने छंटाई जैव-घन के रूप में निम्नतम ओज 1.54 किग्रा/लता का प्रदर्शन किया जबकि डॉगरिज पर कलमित लताओं में उच्च जैव-घन देखा गया। तालिका 8 के आंकड़ों ने संकेत दिया कि 110आर पर कलमित लताओं में गुच्छ संख्या (40.44) सर्वाधिक थी जिसका अनुसरण 140आरयू पर कलमित लताओं (39.56) ने किया जबकि न्यूनतम गुच्छ संख्या स्वमूलित लताओं (28.27) में था। डॉगरिज पर कलमित लताओं में उच्चतम गुच्छा वजन (251.0 ग्रा) था जिसका अनुसरण 140आरयू पर कलमित लताओं (243.40 ग्रा) ने किया। 140आरयू पर कलमित लताओं में 100 मणि वजन (342.60 ग्रा) सर्वाधिक था। डॉगरिज पर कलमित लताओं में उच्चतम मणि व्यास (17.32 मिमी) था जिसका अनुसरण 140आरयू (17.26 मिमी) पर कलमित लताओं ने किया, जबकि स्वमूलित लताओं में सबसे कम मणि व्यास 15.80 मिमी था। 110आर पर कलमित लताओं ने सर्वाधिक उपज 9.79 किग्रा/लता दी जिसका अनुसरण 140आरयू पर कलमित लताओं (9.11 किग्रा) ने किया, जबकि स्वमूलित लताओं में न्यूनतम उपज 4.34 किग्रा/लता थी। गुच्छा उपज और गुणवत्ता मानकों को ध्यान में रखते हुए, 110आर और 140आरयू पर कलमित लताओं ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित रैड ग्लोब का प्रदर्शन

डॉगरिज, साल्ट क्रीक, 140आरयू तथा 110आर पर कलमित रैड ग्लोब लताओं का स्वमूलित लताओं के साथ वृद्धि, उपज और गुणवत्ता मानकों के लिए आंकलन किया गया। यह देखा गया है कि डॉगरिज पर कलमित लताओं में छंटाई किया गया जैव-घन (1.60 किग्रा) सर्वाधिक था जिसका अनुसरण 110आर पर कलमित लताओं

## EVALUATION OF ROOTSTOCKS FOR GROWTH, YIELD AND FRUIT COMPOSITION OF TABLE AND WINE GRAPES

### Performance of Fantasy Seedless grafted on different rootstocks

Fantasy Seedless table grapevines grafted on three different rootstock (140Ru, Dogridge and 110R) were evaluated along with own rooted vines for growth, yield and quality parameters.

Significant differences were recorded for pruned biomass. Own rooted vines exhibited less vigor in terms of lowest pruned biomass of 1.54 kg/vine while Dogridge grafted vines exhibited higher biomass. Data in table 8 indicated that the number of bunches were the highest in the vines grafted on 110R (40.44) followed by 140Ru (39.56) while minimum bunch load was recorded in own rooted vines (28.27). The highest bunch weight was recorded in Dogridge grafted vines (251.0 g) followed by 140Ru grafted vines (243.40 g). Hundred berry weight was also higher in 140Ru grafted vines (342.60 g). Berry diameter was maximum in Dogridge grafted vines (17.32 mm) followed by 140Ru grafted vines (17.26 mm) while own rooted vines exhibited lowest berry diameter of 15.80 mm. The vines grafted on 110R produced the highest yield of 9.79 kg/vine followed by 140Ru (9.11 kg) while own rooted vines recorded the lowest yield of 4.34 kg/vine. Considering the bunch yield and quality parameters, the vines grafted on 110R and 140Ru performed better.

### Performance of Red Globe grafted on different rootstocks

Red Globe grapevines grafted on Dogridge, Salt Creek, 140Ru and 110R were evaluated along with own rooted vines for growth, yield and quality parameters. It was observed that the vines grafted on Dogridge exhibited the highest pruned biomass of 1.60 kg followed by 1.45 kg in 110R grafted vines. Number of

### तालिका 8: विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित फैंटासी सीडलैस में उपज संबंधित मापदंड

### Table 8: Yield related parameters in Fantasy Seedless grafted on different rootstocks

| मूलवृन्त Rootstocks | औसत फल- गुच्छ वजन (ग्रा) Av. bunch wt (g) | मणि संख्या / फल-गुच्छ No. of berries/ bunch | 100 मणि वजन (ग्रा) 100 berry wt. (g) | मणि लंबाई (मिमी) Berry length (mm) | मणि व्यास (मिमी) Berry diameter (mm) |
|---|---|---|---|---|---|
| 140आरयू /140Ru | 243.40 | 91.60 | 342.60 | 22.56 | 17.26 |
| डॉगरिज /Dogridge | 251.00 | 126.40 | 317.00 | 22.72 | 17.32 |
| 110आर /110R | 242.80 | 120.20 | 319.40 | 21.36 | 16.50 |
| स्वमूलित /Own Root | 169.00 | 69.60 | 283.80 | 20.94 | 15.80 |
| CV% | 2.12 | 2.09 | 4.57 | 1.20 | 0.98 |
| LSD at 5% | 6.64 | 6.42 | 9.11 | 0.37 | 0.22 |
| सार्थकता /Significance | ** | ** | ** | ** | * |

(1.45 किग्रा) में किया। 110आर पर कलमित लताओं में गुच्छा संख्या/लता (25.31) अधिक थी जिसका अनुसरण डॉगरिज पर कलमित लताओं (22.01) ने किया जबकि स्वमूलित लताओं में गुच्छा संख्या/लता सबसे कम (17.36) थी। तालिका 9 के आंकड़ों ने संकेत दिया है कि डॉगरिज पर कलमित लताओं में औसत गुच्छा वजन सबसे ज्यादा (350.80 ग्रा) था तथा सबसे कम (284.0 ग्रा) स्वमूलित लताओं में था। विभिन्न मूलवृन्तों में मणि संख्या/गुच्छा में सार्थक भिन्नता थी एवं अधिकतम मणि संख्या/गुच्छा डॉगरिज (74.20) में थी जिसका अनुसरण साल्ट क्रीक (72.20) ने किया।

bunches/vine were more on 110R grafted vines (25.31) followed by Dogridge (22.01) while the own rooted vines produced the least number of bunches/vine (17.36). The data in table 9 indicated that the average bunch weight was the highest in Dogridge grafted vines (350.80 g) and the lowest in own root (284.0 g). Number of berries per bunch varied significantly among the different rootstocks and the highest number of berries/bunch was recorded in Dogridge (74.20) followed by Salt Creek (72.20).

### तालिका 9: विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित रैड ग्लोब का उपज मानदंडों के लिए प्रदर्शन

### Table 9: Performance of Red globe grafted on different rootstocks for yield parameters

| मूलवृन्त Rootstocks | गुच्छ वजन (ग्रा) Bunch wt. (g) | मणि संख्या/गुच्छ Berries/ bunch | 100 मणि वजन (ग्रा) 100 berry wt (g) | मणि लंबाई (मिमी) Berry length (mm) | मणि व्यास (मिमी) Berry dia (mm) |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वमूलित/ Own Root | 284.00 | 65.60 | 515.40 | 21.30 | 19.59 |
| डॉगरिज/ Dogridge | 350.80 | 74.20 | 549.20 | 22.48 | 21.22 |
| साल्ट क्रीक/ Salt Creek | 315.20 | 72.20 | 509.20 | 21.20 | 20.14 |
| 140आरयू/ 140RU | 307.20 | 65.20 | 491.80 | 19.69 | 19.08 |
| 110आर/ 110R | 290.20 | 61.40 | 569.80 | 21.24 | 19.92 |
| CV% | 1.45 | 6.43 | 3.53 | 0.85 | 0.65 |
| LSD at 5% | 5.95 | 5.84 | 25.01 | 0.24 | 0.17 |
| सार्थकता/Significance | ** | * | * | * | ** |

मणि गुणवत्ता के मानकों में, सर्वाधिक मणि व्यास (21.22 मिमी) डॉगरिज में दर्ज किया गया जबकि सबसे कम स्वमूलित लताओं (19.59 मिमी) में था। 110आर पर कलमित लताओं में अधिकतम टीएसएस (18.30 °ब्रि) था जिसका अनुसरण 140आरयू (17.54 ओ) ने किया। डॉगरिज पर कलमित लताओं में अधिकतम उपज प्रति गुच्छा (7.57 किग्रा) थी तथा निम्नतम (5.0 किग्रा) स्वमूलित लताओं में अभिलिखित की गई। वृद्धि, उपज और मणि गुणवत्ता पर तीन साल के आंकड़ों के आधार पर, साल्ट क्रीक और डॉगरिज को रैड ग्लोब के लिए सबसे उपयुक्त मूलवृंत पाया गया है।

## विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित सौवीनों ब्लाँ का प्रदर्शन

सात विभिन्न मूलवृन्तों (एसओ4, 1103पी, 110आर, साल्ट क्रीक, डॉगरिज, फरकाल और 140आरयू) पर कलमित सफेद वाइन किस्म सौवीनों ब्लाँ का वृद्धि, उपज, गुणवत्ता और फल रचना के लिए आंकलन किया गया था। यह अवलोकन का पहला साल था।

140आरयू, साल्ट क्रीक एवं 110आर पर कलमित लताओं ने तुड़ाई के लिए 131 दिन लिए तथा अन्य मूलवृन्तों पर कलमित लताओं ने 138 दिन (चित्र 11) लिए। 110आर और फरकाल पर कलमित लताओं ने अधिकतम गुच्छे 44.53 और 44.35, क्रमश: उत्पादित किए जबकि डॉगरिज पर कलमित लताओं से निम्नतम गुच्छे (32) मिले। औसत गुच्छा वजन डॉगरिज में 86.68 ग्रा से 140आरयू में 140 ग्रा तक था जबकि उपज/लता 110आर पर कलमित लताओं में सबसे अधिक तथा डॉगरिज पर कलमित लताओं पर निम्नतम (2.1 किग्रा) थी। विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित सौवीनों ब्लाँ की फल संरचना का अध्ययन किया गया। यह देखा गया है कि तुड़ाई के समय मणि अम्लता 140आरयू में 3.56 ग्रा/ली से 1103पी पर 6.60 ग्रा/ली तक थी। रस पीएच एसओ4 में 3.20 से लेकर 110आर में 3.53 तक था।

Among berry quality parameters, the highest berry diameter (21.22 mm) was recorded in Dogridge grafted while the lowest berry diameter was recorded in own rooted vines (19.59 mm). TSS was highest in 110R grafted vines (18.30 ºB) followed by 140Ru (17.54 ºB). Yield per vine was recorded highest in Dogridge grafted vines (7.57 kg) and the lowest in own rooted vines (5.0 kg). Based on three years data on growth, yield and berry quality, Salt Creek and Dogridge are the most suitable rootstocks for Red Globe.

## Performance of Sauvignon Blanc grafted on different rootstocks

Sauvignon Blanc, a white wine variety, grafted on seven different rootstocks (SO4, 1103P, 110R, Dogridge, Salt Creek, Fercal and 140Ru) was evaluated for growth, yield, quality and fruit composition. This was the first year of observation.

Days to harvest were 131 in 140Ru, Salt Creek and 110R rootstock grafted vines and 138 days in remaining rootstocks (Figure 11). The vines grafted on 110R and Fercal produced maximum number of bunches of 44.53 and 44.35 respectively while Dogridge grafted vines produced minimum number of bunches (32). Average bunch weight varied from 86.68 g in Dogridge to 140 g in 140Ru grated vines whereas the yield per vine was the highest in 110R grafted vines and the lowest in Dogridge grafted vines (2.1 kg). Fruit composition of Sauvignon Blanc grafted on different rootstock was studied. It was observed that acidity in the berries at harvest ranged from 3.56 g/l in 140Ru to 6.60 g/l in 1103P grafted vines. Juice pH ranged from 3.20 in SO4 to 3.53 in 110R grafted vines.




चित्र 11: विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित सौवीनों ब्लाँ में परिपक्वता के लिए डिग्री दिन संख्या की आवश्यकता और तुड़ाई के लिए अवधि

Figure 11: Growing degree day requirement and duration to harvest in Sauvignon Blanc grafted on different rootstcoks

गुणवत्ता, उपज, तथा मणि की जैवरसायनिक संरचना को ध्यान में रखते हुए 110 आर तथा फरकाल पर कलमित सौवीनों ब्लाँ की लताओं ने अन्य मूलवृन्तों के अपेक्षा अच्छा प्रदर्शन किया।

## भारत के पुणे क्षेत्र में कैबर्ने सौवीनों की वृद्धि, उपज, फल संरचना और वाइन गुणवत्ता के लिए मूलवृन्तों का आंकलन

आठ विभिन्न मूलवृंतों (110आर, 101.14एमजीटी, एसओ4, ग्रेवसेक, फरकाल, 1103पी, 140आरयू और डॉगरिज) पर रेड वाइन किस्म कैबर्ने सौवीनों का वृद्धि, उपज, मणि गुणवत्ता और वाइन मापदंडों के लिए आंकलन किया गया।

23.0-23.5° ब्रिक्स टीएसएस प्राप्त करने के बाद अंगूरों को तोड़ा गया। विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कैबर्ने सौवीनों की लताओं में तुड़ाई के लिए आवश्यक दिनों में सार्थक अंतर दर्ज किए गए। विभिन्न मूलवृन्तों में तुड़ाई के लिये आवश्यक दिन 136 से 144 के बीच (चित्र 12) थे। तदनुसार, मूलवृन्तों को अगेती (एसओ4, ग्रेवसेक), मध्यम (डॉगरिज, 1103पी, 101.14एमजीटी, और 140आरयू) और पछेती (फरकाल और 110आर) में वर्गीकृत किया गया। 110पी पर कलमित लताओं ने अधिकतम गुच्छा/लता (88.95) पैदा किए जिसका अनुसरण 110आर द्वारा (85.72) किया गया, जबकि डॉगरिज पर कलमित लताओं में गुच्छा/लता का उत्पादन सबसे कम (56.50) था। न्यूनतम 100 मणि औसत वजन (63.73 ग्रा.) 1103पी पर कलमित लताओं में दर्ज किया गया जबकि सर्वाधिक 140आरयू में था।

Considering the quality, yield and biochemical composition of grape berries, Sauvignon Blanc grafted on 110R and Fercal performed better than other rootstocks.

## EVALUATION OF ROOTSTOCKS FOR GROWTH, YIELD, FRUIT COMPOSITION AND WINE QUALITY OF CABERNET SAUVIGNON GRAPES GROWN IN PUNE REGION OF INDIA

Cabernet Sauvignon, a red wine variety grafted on eight different grape rootstocks (110R, 101.14MGT, SO4, Gravesac, 140RU, Fercal, 1103 P and Dogridge) was evaluated for growth, yield, fruit quality and wine parameters.

The grapes were harvested after attaining TSS of 23 to 23.50 °B. Significant differences were recorded for days to harvest fruits of Cabernet Sauvignon grafted on different rootstocks. The days for harvest on different rootstocks were ranged between 136 to 144 days (Figure 12). Accordingly, the rootstocks were categorized into early (SO4, Gravesac), medium (Dogridge, 1103P, 101.14MGT and 140Ru) and late (Fercal and 110R). The vines grafted on 1103P rootstock produced maximum number of bunches/vine (88.95) followed by 110R (85.72) while the Dogridge grafted vines produced minimum (56.50) bunches/ vine. The minimum average 100 berry weight (63.73 g) was recorded in vines grafted on 1103P while maximum berry weight was recorded in 140Ru.




चित्र 12:विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कैबर्ने सौवीनों में परिपक्वता के लिए डिग्री दिन संख्या की आवश्यकता और फसल के लिए अवधि
Figure 12: Growing degree day requirement and duration to harvest in Cabernet Sauvignon grafted on different rootstcoks

डॉगरिज तथा 101.14एमजीटी पर कलमित लताओं में निम्नतम उपज (4.01 और 4.02 किग्रा/लता क्रमशः) थी जबकि अधिकतम उपज 6.50 किग्रा/लता 110आर कलमित लताओं से प्राप्त हुई थी। रस में अधिकतम अम्लता 140आरयू थी जिसका अनुसरण 110आर द्वारा किया गया (तालिका 10)। हालांकि, सभी मूलवृन्तों में अम्लता का स्तर स्वीकार्य सीमा के भीतर देखा गया। 101.14एमजीटी में रस पीएच सबसे कम था (3.45), जबकि यह अधिकतम 1103पी (3.64) में था और फरकाल पर कलमित लताओं ने (3.63) इसका अनुसरण किया। । रस प्राप्ति 55% (एसओ4) - 64.95% (140आरयू) तक थी। विभिन्न मूलवृन्तों से प्राप्त वाइन में पीएच, अम्लता और इथेनॉल मात्रा में सार्थक अंतर देखा गया। वाइन की गुणवत्ता के संबंध में मूलवृन्तों 1103पी और 110आर ने बेहतर प्रदर्शन किया।

The vines grafted on Dogridge and 101.14MGT recorded the lowest yield (4.01 and 4.02 kg/vine respectively) whereas the highest yield of 6.50 kg/vine was obtained from vines grafted on 110R. Juice acidity was maximum in 140Ru followed by 110R (Table 10). However, all the rootstocks showed acidity level within the acceptable range. Juice pH was the lowest in 101.14MGT (3.45) while it was the highest in 1103P (3.64) and Fercal grafted vines (3.63). Juice recovery ranged from 55% from SO4 grafted vines to 64.95% from 140Ru grafted vines. The wine prepared from different rootstocks showed significant differences for pH, acidity and ethanol content. The rootstocks 1103P and 110R performed better in relation to wine quality.

### तालिका 10: विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कैबर्ने सौवीनों के जूस गुणवत्ता मानदंड

### Table 10: Juice quality parameters in Cabernet Sauvignon grafted on different rootstocks

| उपचार Treatments | टीएसएस TSS | अम्लता Acidity | पीएच pH | वाष्पशील अम्लता/ VA | जूस प्राप्ति Juice recovery |
|---|---|---|---|---|---|
| फरकाल /Fercal | 23.750 | 6.38 | 3.63 | 0.09 | 58.25 |
| डॉगरिज /Dogridge | 23.250 | 6.13 | 3.60 | 0.10 | 63.45 |
| एसओ4 /SO4 | 23.600 | 6.15 | 3.61 | 0.08 | 55.00 |
| 110आर /110R | 23.600 | 6.68 | 3.53 | 0.08 | 59.25 |
| ग्रेवसेक /Gravesav | 23.525 | 6.13 | 3.61 | 0.08 | 57.50 |
| 1103पी /1103P | 23.350 | 6.45 | 3.64 | 0.10 | 60.25 |
| 101.14एमजीटी /101.14MGT | 22.825 | 6.15 | 3.45 | 0.09 | 61.25 |
| 140आरयू /140 Ru | 23.100 | 6.70 | 3.53 | 0.09 | 64.95 |
| CV% | 2.770 | 2.16 | 2.46 | 32.68 | 3.73 |
| LSD at 5% | 0.950 | 0.20 | 0.12 | 0.04 | 16.49 |
| सार्थकता Significance | NS | * | * | NS | ** |

दो साल के आंकड़ों के आधार पर, 110आर और 1103पी मूलवृन्तों पर कलमित कैबर्ने सौवीनों लताओं ने उपज, मणि गुणवत्ता, मणि संरचना और वाइन की गुणवत्ता के बेहतर प्रदर्शन किया।

Based on two years data on yield, berry quality, berry composition and wine quality Cabernet Sauvignon grafted on 110R and 1103P rootstocks performed better.

## वाइन अंगूरों में गुणीय उपज वृद्धि के लिए कृषि क्रियाओं का मानकीकरण

### कैबर्नें सौवीनों की वाइन गुणवत्ता के संबंध में रोपण सघनता का मानकीकरण

110आर पर कलमित कैबर्नें सौवीनों की लताओं को तीन विभिन्न रोपण सघनता (2722, 1815 और 1361 लताओं/एकड़) के साथ मिनी वाई पर प्रशिक्षित किया गया था। वृद्धि, उपज और गुणवत्ता के मानकों पर अवलोकन दर्ज किए गए। उच्च घनत्व की तुलना में 1361 लताओं/एकड़ की रोपण सघनता में छंटाई किया गया जैव घन अधिक था। इसी रोपण सघनता पर गुच्छों की प्रति लता संख्या (53.56) तथा उपज (4.69 किग्रा/लता) अधिकतम थी। गुच्छा प्रति लता की संख्या 1361 लता/एकड़ (113) में सबसे ज्यादा और 2722 लता/एकड़ में सबसे कम (96.86) थी। टीएसएस और अम्लता के लिए अंतर असार्थक थे। रस का पीएच 3.38 (1361 लता/एकड़) से 3.78 (2722 लता/एकड़) तक था।

वृद्धि, उपज, तथा गुणवत्ता मानकों को ध्यान में रखते हुए, 1361 की रोपण सघनता कैबर्नें सौवीनों के लिए इष्टतम पायी गई।

### कैबर्नें सौवीनों में वितान प्रणाली का निर्धारण

110आर मूलवृंत पर कलमित कैबर्नें सौवीनों की लताओं को तीन अलग-अलग वितान प्रणालियों (मिनी वाई, निफिन और वीएसपी) पर प्रशिक्षित किया गया। वृद्धि, उपज और गुणवत्ता के मानकों पर अवलोकन किया गया। यह देखा गया कि निफिन पर प्रशिक्षित लताओं से सर्वाधिक 1.13 किग्रा/लता का छंटाई जैव घन पाया गया जिसका अनुसरण मिनी वाई (0.64 किग्रा/लता) और वीएसपी (0.54 किग्रा/लता) ने किया।

मिनी वाई में छंटाई के उपरांत प्रारंभिक कली स्फुटन अगेती (9.14 दिन), जबकि निफिन प्रशिक्षित लताओं (13 दिन) में सबसे पछेती था। मिनी वाई प्रशिक्षित लताओं में उपज प्रति लता सबसे अधिक (563 किग्रा/लता) थी जबकि निफिन प्रशिक्षित लताओं में सबसे कम (3.59 किग्रा/लता)। औसत गुच्छा वजन और फल गुणवत्ता मानकों के बीच अंतर असार्थक थे। वृद्धि तथा उपज मानकों को ध्यान में रखते हुए मिनी वाई पर प्रशिक्षित लताओं ने बेहतर प्रदर्शन किया।

## STANDARDIZATION OF CULTURAL PRACTICES TO INCREASE QUALITY YIELD OF WINE GRAPES

### Standardization of planting density in relation to wine quality in Cabernet Sauvignon

Cabernet Sauvignon grafted on 110R rootstock was trained to mini Y trellises with three different planting densities (2722, 1815 and 1361 vines/acre). The observations on growth, yield and quality parameters were recorded. Pruned biomass was higher in planting density of 1361 vines/acre as compared to higher density. Number of bunches/vine (53.56) and yield (4.69 kg/vine) were also maximum at this planting density. Number of berries/bunch was the highest in 1361 vines/acre (113) and the lowest in 2722 vines/acre (96.86) planting density. The differences for TSS and acidity were non-significant. Juice pH ranged from 3.38 in 1361 vines/acre to 3.78 in 2722 vines/acre.

Considering the growth, yield and quality parameters, the planting density of 1361 was found to be optimum for Cabernet Sauvignon.

### Standardization of training system in Cabernet Sauvignon

Cabernet Sauvignon vines grafted on 110R rootstock was trained to three different training systems (mini Y, Kniffin and VSP). The observations on growth, yield and quality parameters were studied. It was observed that higher pruned biomass of 1.13 kg/vine was recorded in kniffin trained vines followed by Mini Y (0.64 kg/vine) and VSP (0.54 kg/vine).

Early bud sprouts after fruit pruning was achieved in mini Y (9.14 days) while very late in in kniffin trained vines (13 days). Yield per vine was the highest in mini Y trained vines (563 kg/vine) the lowest in kniffin trained vines (3.59 kg/vine). The differences for average bunch weight, seeds per berry and fruit quality parameters were non-significant. Considering the growth and yield parameters, vines trained to mini Y trellise performed better.

## अंगूरलता के प्रदर्शन पर संरक्षित खेती का प्रभाव

थॉमसन सीडलैस लताओं पर प्लास्टिक आच्छादन के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक प्रारंभिक परीक्षण में, लताओं की छह पंक्तियों को प्लास्टिक से आच्छादित किया गया, जबकि बाकी पंक्तियों को खुला रखा गया था। मई 2015 से 2016 की तुड़ाई तक लताओं को आच्छादित किया गया।

आधारीय छंटाई के दौरान, छंटाई के 45 दिन बाद तक खुली हुई लताओं में आच्छादित लताओं की तुलना में उत्सर्जन सार्थक रूप से अधिक था। हालांकि छंटाई के 90 दिन बाद, प्लास्टिक आच्छादित लताओं में अधिक उत्सर्जन था। छंटाई के 30 दिन बाद प्लास्टिक आच्छादित लताओं में अधिक अंतर्लयन था। यह प्रवृत्ति छंटाई के 90 दिन बाद तक जारी रही, हालांकि यह असार्थक था। छंटाई के 90 दिन बाद तक पर्ण जल विभव अनाच्छादित लताओं में अधिक थी, लेकिन छंटाई के 105 दिन बाद अनाच्छादित तथा प्लास्टिक आच्छादित लताओं में बराबरी थी। अनाच्छादित तथा प्लास्टिक आच्छादित लताओं में कली विभेदन अवस्था पर पर्णवृन्त में पोषक तत्व सामग्री इष्टतम स्तर पर थी।

आधारीय छंटाई मौसम के दौरान किए गए अवलोकन के आधार पर, फल छंटाई के मौसम के दौरान प्लास्टिक आच्छादित लताओं में आवश्यकता से 20% कम सिंचाई जल दिया गया। तसला वाष्पीकरण तथा वृद्धि अवस्था के आधार पर, अनाच्छादित लताओं को सिफारिश की हुई सिंचाई स्तर पर सिंचित किया गया। अनाच्छादित लताओं की अपेक्षा आच्छादित लताओं में उत्सर्जन की दर सार्थक रूप से अधिक थी, जबकि फल छंटाई के बाद अवलोकन के सभी दिनों में अंतर्लयन दर बराबरी पर थीं। पर्ण जल विभव (-बार), छंटाई के 30 दिन बाद अनाच्छादित लताओं में सार्थक रूप से अधिक थी, लेकिन छंटाई के 45 और 60 दिन बाद बराबरी पर थी। हालांकि छंटाई के 75 और 90 दिन बाद पर्ण जल विभव अनाच्छादित लताओं में उच्च बनी हुई थी। यह स्पष्ट संकेत है कि प्लास्टिक आच्छादन के तहत सिंचाई जल में पर्याप्त बचत की जा सकती है। अनाच्छादित तथा प्लास्टिक आच्छादित लताओं में पुष्पन अवस्था पर पर्णवृन्त पोषक तत्व सामग्री इष्टतम स्तर पर थी। अनाच्छादित तथा प्लास्टिक आच्छादित लताओं की उपज में सार्थक अंतर नहीं था।

प्लास्टिक आच्छादित लताओं में डाउनी मिलड्यू का प्रकोप नहीं था लेकिन अनाच्छादित लताओं में इसे देखा गया (चित्र 13)। प्लास्टिक शीट के अंदर पाउडरी मिलड्यू का पीडीआई 10.30-22.85 था जबकि प्लास्टिक के बाहर यह 6.35-10.05, तक था। प्रयोग अवधि के दौरान रोग प्रकोप और मौसम पूर्वानुमान रिपोर्ट के आधार पर शिफारित फन्फूदीनाशकों के सात छिड़काव किए गए।

## EFFECT OF PROTECTED CULTIVATION ON GRAPEVINE PERFORMANCE

In a preliminary trial to study the effect of plastic cover on Thompson Seedless vines, six contiguous rows of vines were covered with plastic while rest of the rows were kept open. The vines were covered with plastic from May, 2015 onwards till harvest in 2016.

During foundation pruning stage, transpiration rate was significantly higher in the open vines as compared to plastic covered vines till 45 DAP. However at 90 DAP, it was higher in plastic covered vines. Assimilation rates were significantly higher in plastic covered vines at 30 DAP. The trend continued till 90 DAP though it was not significant. Leaf water potential (-bars) was higher in open vines till 90 DAP, but at 105 DAP, the values were at par in open and plastic covered vines. Petiole nutrient content at bud differentiation stage were at optimum levels in both open and covered vines.

Based upon the observations during foundation pruning season, the irrigation water requirement during the fruit pruning season in covered vines was reduced by 20%. Open vines were irrigated at recommended irrigation level based upon crop growth stage and pan evaporation. Transpiration rate continued to be significantly higher in open vines than the covered vines, while the assimilation rates were on par at all the days of observation after fruit pruning. The leaf water potential (-bars) was significantly higher in the open vines at 30 DAP but was on par at 45 and 60 DAP. However at 75 and 90 DAP, the leaf water potential remained higher in the open vines. This clearly showed that a substantial saving in the irrigation water could be made when the vines are raised under plastic cover. Petiole nutrient content at flowering stage were at optimum levels in both open and plastic covered vines. The harvestable yield of open and plastic covered vines did not differ significantly.

No incidence of downy mildew was observed in the vines under plastic cover but the open vines showed the incidence of downy mildew (Figure 13). The PDI of powdery mildew inside the plastic sheets ranged from 10.30 – 22.85 while that of outside the plastic ranged from 6.35 – 10.05. Seven sprays of recommended fungicides were given during the experimental period based on disease incidence and weather forecast report.

चित्र 13 अनाच्छादित लताओं में रोग प्रकोप (बायाँ) परंतु प्लास्टिक कवर में स्वस्थ लताएँ (दायाँ)
Figure 13: Appearance of disease in open vines (left) but healthy vines under plastic cover (R)

आधारीय छंटाई मौसम के दौरान थ्रिप्स, मिलीबग तथा लाल मकड़ी माइट के प्रकोप के संबंध में; अनाच्छादित तथा प्लास्टिक आच्छादित लताओं के बीच कोई सार्थक अंतर नहीं मिला। हालांकि, फल छंटाई के दौरान प्लास्टिक आच्छादित लताओं के फल गुच्छों में थ्रिप्स तथा मणि पर घाव के चिन्ह काफी कम देखे गए।

## 110आर मूलवृंत पर उगाई गईं फैंटासी सीडलैस लताओं के लिए सिंचाई अनुसूची का मानकीकरण

यह प्रयोग समान प्रबंधन अवस्थाओं वाली लताओं पर पांच उपचारों के साथ (तालिका 11) वर्ष 2013-14 में शुरू किया गया था। यह इस प्रयोग का तीसरा साल था। उपचार (टी1, टी2 और टी3) सतही टपक सिंचाई तकनीक के माध्यम से लागू किए गए, उपचार टी4 को पीवीसी पाइप तथा सूक्ष्म नली का प्रयोग करके सीधे 9 इंच की गहराई पर उपसतही सिंचाई तकनीक (एसएस) के माध्यम से लागू किया गया और टी5 में आंशिक जड़ क्षेत्र शुष्कन (पीआरडी) तकनीक को शामिल किया गया। अवधि के दौरान कुल तसला वाष्पीकरण और वर्षा क्रमश: 1550.30 मिमी और 691 मिमी दर्ज की गई थी। बारिश की वजह से इस अवधि के दौरान 74 दिनों के लिए लताओं को सिंचित नहीं किया गया था।

तालिका 12 के आंकड़े संकेत देते हैं कि 262.4 मिमी के सिंचाई जल तथा वर्षा (691 मिमी) के साथ टी2 की उत्पादित उपज (20.58 टन/हेक्टेयर), उच्चतम उपचार (332.3 मिमी) के बराबर और अन्य तीन उपचारों से सार्थक रूप से बेहतर थी।

With respect to incidences of thrips, mealybug and red spider mites; no significant difference was observed between open and plastic covered vines during foundation pruning. However, during fruit pruning significantly less thrips and berry scarring was observed in bunches of plastic covered vines.

## STANDARDISING IRRIGATION SCHEDULE FOR FANTASY SEEDLESS VINES RAISED ON 110R ROOTSTOCK

The experiment was initiated in 2013-14 with five treatments (Table 11) on vines raised under uniform management conditions. This was the third year of experimentation. The treatments (T1, T2 and T3) were applied through surface drip irrigation technique, treatment T4 was applied through subsurface irrigation technique (SS) using PVC pipes and microtubes to directly deliver water at 9" depth and treatment T5 comprised of partial root zone drying (PRD) technique. Total pan evaporation and rainfall recorded during the period was 1550.30 mm and 691 mm respectively. The vines were not irrigated for 74 days during the period due to rains.

The data in table 12 indicated that the treatment T2 with 262.4 mm of applied irrigation along with rainfall (691 mm) produced yield (20.58 t/ha) which was on par with the highest treatment (332.3 mm) and significantly superior over other three treatments.

तालिका 11: 110आर मूलवृंत पर उगाई गईं फैंटासी सीडलैस लताओं के लिए सिंचाई अनुसूची उपचार

Table 11: Irrigation schedule treatments of Fantasy Seedless vines raised on 110R rootstock

| वृद्धि अवस्था Growth Stage | अपेक्षित अवधि (छंटाई के बाद दिन) Expected duration (days after pruning) | उपचार / Treatments* | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | I | II | III | IV (उपसतह सिंचाई) / (subsurface irrigation) | V पीआरडी PRD |
| **आधारीय छंटाई / Foundation Pruning** | | | | | | |
| शाखा वृद्धि/ Shoot growth | 1-40 | 40 | 30 | 20 | 20 | 20 |
| फलद कालिका/ भंजन Fruit bud differentiation | 41-60 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| केन परिपक्वता और फल कालिका विकास/ Cane maturity and Fruit bud development | 61-120 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| 121दिन फल छंटाई/ 121days - fruit pruning * | 121 - | 15 | 15 | 0 | 0 | 0 |
| **फल छंटाई / Fruit Pruning** | | | | | | |
| शाखा वृद्धि/ Shoot growth | 1-40 | 40 | 30 | 20 | 20 | 20 |
| पुष्पन से अवदारण/ Bloom to Shatter | 41-55 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 |
| मणि वृद्धि और विकास/ Berry growth and development | 56-105 | 40 | 30 | 30 | 20 | 30 |
| पकवान से तुड़ाई/ Ripening to Harvest | 106- harvest | 40 | 30 | 20 | 0 | 20 |
| विश्राम अवस्था/ Rest period | तुड़ाई से आधारीय छंटाई/ Harvest to foundation pruning | - | -- | -- | -- | -- |

*= खुला तसला वाष्पीकरण के आधार पर प्रतिशत पुन: पूर्ति % replenishment based on open pan evaporimeter

तालिका 12: फैंटासी सीडलैस में उपज और उपज मापदण्डों पर सिंचाई उपचारों का प्रभाव

Table 12: Effect of irrigation treatments on yield and yield parameters of Fantasy Seedless vines

| उपचार Treatments | उपज (टन/हे) Yield (t/ha) | सिंचाई मात्रा (मिमी) Irrigation applied (mm)* | जल उपयोग दक्षता (किग्रा/ मिमी सिंचाई मात्रा) WUE (kg /mm of irrigation applied) | फलगुच्छों की संख्या No. of bunches | फलगुच्छा वजन (ग्रा)/ Bunch wt. (g) | टीएसएस (°ब्रि)/ TSS (°B) | अम्लता (ग्रा/ ली)/ Acidity (g/l) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टी1 T1 | 20.47 | 332.3 | 61.6 | 53.50 | 214.91 | 17.90 | 3.90 |
| टी2 T2 | 20.58 | 262.4 | 78.4 | 51.75 | 223.23 | 17.75 | 3.98 |
| टी3 T3 | 17.30 | 197.7 | 87.5 | 51.50 | 189.95 | 17.60 | 3.83 |
| टी4 T4 | 18.57 | 141.2 | 131.5 | 52.00 | 199.87 | 17.85 | 3.85 |
| टी5 T5 | 18.35 | 197.7 | 92.8 | 49.50 | 207.13 | 17.75 | 4.00 |
| SEm± | 0.66 | | | 3.73 | 16.70 | 0.21 | 0.14 |
| CD (p=0.05) | 1.44 | | | NS | 36.38 | NS | 0.31 |

* 691 मिमी वर्षा के साथ plus 691 mm rainfall

टी4 (उपसतही) में सबसे कम 141.2 मिमी सिंचाई जल का उययोग 131.5 किग्रा/मिमी सिंचाई जल के अधिकतम डब्ल्यूयूई के साथ हुआ जिसका अनुसरण टी5 (पीआरडी) के द्वारा किया गया, इससे सिंचाई जल की कम उपलब्धता के तहत इन तकनीकों का महत्व पता चलता है। वास्तव में, टी2 की उपज, उपसतही उपचार (टी 4) से 121 मिमी अधिक सिंचाई जल की कीमत पर, केवल 2 टन अधिक थी।

आधारीय छंटाई मौसम के दौरान छंटाई के 60 दिन उपरांत टी1 तथा टी2 की तुलना में टी3 में प्रकाश संश्लेषण तथा उत्सर्जन की दर सार्थक रूप से कम दर्ज की गई। हालांकि, फल छंटाई के मौसम के दौरान छंटाई के 60 दिन उपरांत उपचारों के बीच उत्सर्जन दर में असार्थक अंतर देखा गया जबकि छंटाई के 90 दिन उपरांत तक टी1 और टी2 की तुलना में टी3 में प्रकाश संश्लेषण की दर सार्थक रूप से कम थी। अक्तूबर तथा नवंबर के दौरान रुक-रुक कर बारिश की वजह तथा पुष्पन अवस्था पर एकसमान अनुसूची लागू होने के कारण सिंचाई जल की कम आवश्यकता होने के कारण यह अंतर हो सका। पर्ण जल विभव (-बार) टी1 में सार्थक रूप से अधिक थी और सिंचाई जल के अनुप्रयोग की प्रवृत्ति का पालन किया तथा टी3 उपचार में सबसे कम था। आधारीय (चित्र 14) तथा फलत (चित्र 15) छंटाई मौसम के दौरान टी1 मे सबसे कम पर्ण जल विभव (-बार) थी और सतही टपक सिंचाई वाली लताओं में दिये गए जल की मात्रा के लिए इसी तरह की प्रवृत्ति का पालन हुआ। उपचारों के बीच फल कलिका विभेदन अवस्था पर लताओं के पर्णवृन्त में नाइट्रोजन, फोस्फोरस तथा पोटेशियम की मात्राओं में असार्थक अंतर था। पूर्ण पुष्पन अवस्था पर, टी1 तथा टी2 की अपेक्षा टी3 में पर्णवृन्त नाइट्रोजन तथा पोटेशियम की मात्रा सार्थक रूप से कम थी।

T4 (subsurface) utilised least irrigation water of 141.2 mm with highest WUE of 131.5 kg/mm of irrigation water followed by T5 (PRD) thereby, signifying the importance of these techniques under low availability of irrigation water. In fact, the yield with T2 was only two ton more than the subsurface treatment (T4) at the cost of 121 mm more irrigation water.

The photosynthetic and transpiration rates recorded up to 60 DAP were significantly lower in the T3 compared to T1 and T2 during foundation pruning season. However, during fruit pruning season no significant differences were observed among the treatments in respect of transpiration rates up to 60 DAP whereas the photosynthetic rate was significantly lower in the T3 as compared to T1 and T2 up to 90 DAP. This difference could be due to intermittent rains in October and November and similar schedules at flowering stage necessitating less application of irrigation water. Leaf water potential (-bars) was significantly higher in T1 and followed similar trend as per the irrigation water applied with least observed in T3 treatment. The leaf water potential (-bar) during foundation (Figure 14) and fruit pruning (Figure 15) season was least in T1 and followed trend similar to the quantum of irrigation water applied in surface drip irrigated vines. The petiole N, P and K content of the vines at the fruit bud differentiation stage did not differ significantly between the treatments. At full bloom stage, petiole N and K content was significantly lower in T3 as compared to T1 and T2.




चित्र 14: आधारिय छंटाई के दौरान बदलते सिंचाई उपचार से प्रभावित पत्ती जल विभव
Fig.14: Leaf water potential as affected by varying irrigation treatments during foundation pruning season




चित्र 15: फल छंटाई के दौरान बदलते सिंचाई उपचार से प्रभावित पत्ती जल विभव
Fig.15: Leaf water potential as affected by varying irrigation treatments during fruit pruning season

लताओं के नमी प्रतिबल की प्रतिक्रिया में प्रोलीन और फिनोल परासरण रक्षक के रूप में काम करते हैं। टी3, टी4 और टी5 जहां आधारीय छंटाई के 30 तथा 45 दिन बाद टी1 एवं टी2 की अपेक्षा सिंचाई जल कम दिया गया था, में पर्ण प्रोलीन सार्थक रूप से अधिक संग्रहित हुई । तत्पश्चात एक समान उपचार होने की वजह से कोई सार्थक अंतर दर्ज नहीं किया गया। इसी तरह, टी1 और टी2 की तुलना में टी3, टी4 और टी5 के पर्ण ऊतक में भी कुल फिनोल का सार्थक रूप से अधिक संग्रहण हुआ। पर्ण में प्रोलीन और कुल फिनोल किसी अन्य उपचार की अपेक्षा टी3 में उच्चतम थे जोकि आधारीय छंटाई के मौसम के दौरान नमी की कमी का संकेत है। फल छंटाई के मौसम के दौरान, छंटाई के 30 दिन बाद निम्नतम फिनोल तथा प्रोलीन संचय में टी2 ने टी1 का अनुसरण किया। छंटाई के 120 दिन बाद से तुड़ाई तक टी4 की पत्तियों में प्रोलीन तथा फिनोल अधिक था जिसका अनुसरण टी3 ने किया। मणि में, प्रोलीन की मात्रा में तुड़ाई तक वृद्धि हुई, जबकि कुल फिनोल में समय के साथ कमी आई। टी4 जहां परिपक्वन के बाद सिंचाई रोक दी गई थी, में छंटाई के 120 दिन बाद तथा तुड़ाई पर सार्थक रूप से अधिक मणि फिनोल तथा प्रोलीन का संग्रहण हुआ । मणि प्रोलीन और फिनोल मात्रा टी1 तथा टी2 में लगातार कम बनी रही।

## पोषण प्रयोग दक्षता सुधार के लिए फार्म अवशेष सहित तकनीकें

### अंगूर लताओं में छंटाई जैवघन के पुनर्चक्रण सहित अन्य कार्बनिक पदार्थ स्रोतों की तुलना

फार्म यार्ड खाद (एफवाईएम), खाद का सबसे आम स्रोत है। हालांकि, अंगूर उत्पादक क्षेत्रों में कम उपलब्धता के कारण हाल के वर्षों में इसकी कीमत काफी बढ़ गई है। यह प्रयोग वर्ष 2013-14 के दौरान एफवाईएम को आंशिक तथा पूर्ण रूप से सस्ते कार्बनिक पदार्थों जैसे प्रैस मड कम्पोस्ट, हरी खाद तथा छंटाई जैवघन के विभिन्न संयोजनों के द्वारा प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। अनुशंसित फर्टिगेशन अनुसूची सभी उपचारों में एक जैसी थी। इस प्रयोग का यह तीसरा साल था।

जैविक स्रोतों से जुड़े उपचार के परिणामस्वरूप पुष्पन अवस्था पर पर्णवृन्त में नाइट्रोजन, पोटेशियम, मेग्नीशियम तथा फल कलिका विभेदन अवस्था पर पोटेशियम की मात्रा में सार्थक वृद्धि हुई (तालिका 13)। उन उपचारों, जहां प्रेस मड खाद अकेले या संयोजन में दिया गया था, में पर्णवृन्त की पोटेशियम मात्रा अधिक थी। एफवाईएम (1.11%) तथा हरी खाद (1.2%) की अपेक्षा प्रेस मड खाद में

Proline and phenols serve as osmoprotectants in response to moisture stress. Leaf proline accumulated significantly higher in T3, T4 and T5 where less irrigation water was applied as compared to T1 and T2 at 30 and 45 DAP during foundation pruning season. Subsequently no significant differences were recorded as the schedules were uniform across the treatments. Likewise, Total phenols in leaf tissue also showed significantly higher accumulation in T3, T4 and T5 compared to T1 and T2. The leaf proline and total phenols were highest in T3 indicating moisture stress during foundation pruning season. During fruit pruning season, the T1 followed by T2 had the lowest leaf phenol and proline content at 30 DAP. From 120 DAP to harvest, proline and phenolic contents in the leaves were higher in T4 followed by T3. In berries, proline content increased till harvest across all the treatments, whereas total phenols declined with time. Significantly higher berry phenol and proline accumulation was recorded at 120 DAP and harvest in T4 where irrigation was stopped from ripening stage onwards. The berry proline and phenol content continued to remain lower in T1 followed by T2.

## TECHNIQUES TO IMPROVE NUTRIENT USE EFFICIENCY INCLUDING FARM WASTE

### Comparison of different sources of organic matter in grapevines including recycling of pruned biomass

Farm yard manure (FYM) was the most common source of manure. However, in recent years its cost has increased due to less availability. This experiment was initiated during the 2013-14 with an objective to replace FYM either partly or fully by utilizing the cheaper sources of organic matter such as press mud compost, green manure and pruned biomass in different treatment combinations. Recommended fertigation schedule was common across all the treatments. This was the third year of experimentation.

Treatments involving organic sources resulted in significant increase in petiole N, K, Mg concentration at flowering stage and K content at fruit bud differentiation (Table 13). The petiole potassium content was higher in those treatments where pressmud compost was used either alone or in combination. The press mud compost contained 2.35% K as compared to 1.11% in FYM and 1.2% in green manure. However, there was no significant

तालिका 13: फलद कलिका भेदन अवस्था और पुष्पन अवस्था में पर्णवृन्त पोषक तत्व मात्रा पर उपचारों का प्रभाव

Table 13: Effect of treatments on petiole nutrient content at fruit bud differentiation and flowering stage

| उपचार Treatments | फलद कलिका भेदन अवस्था Fruit bud differentiation stage | | | पुष्पन अवस्था Flowering stage | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | N % | P % | K % | N % | P % | K % |
| T1 – Recommended Fertigation Schedule (No manure applied) | 1.10 | 0.57 | 1.19 | 0.91 | 0.56 | 1.91 |
| T2 – Farm Yard Manure | 1.09 | 0.57 | 1.12 | 0.95 | 0.57 | 1.96 |
| T3 - Pressmud | 1.11 | 0.59 | 1.24 | 0.98 | 0.51 | 2.16 |
| T4 - FYM + Pressmud | 1.09 | 0.59 | 1.20 | 0.95 | 0.52 | 2.14 |
| T5 - FYM + Pressmud + Pruned biomass + Green manuring | 1.08 | 0.57 | 1.18 | 0.99 | 0.57 | 2.31 |
| SEm± | 0.05 | 0.03 | 0.04 | 0.02 | 0.03 | 0.10 |
| CD (p=0.05) | NS | NS | 0.09 | 0.04 | NS | 0.22 |

पोटेशियम मात्रा 2.35% थी। हालांकि, उपज, टीएसएस, अम्लता आदि में कोई सार्थक अंतर नहीं था। जहां उपचारों में जैविक स्रोत थे वहाँ मृदा जैविक कार्बन सार्थक रूप से अधिक संचित हुआ। विभिन्न कार्बनिक स्रोतों में से, प्रेस मड अकेले अथवा संयोजन ने एफवाईएम उपचार की अपेक्षा जैविक कार्बन में सार्थक सुधार किया (चित्र 16)।

जैविक स्रोतों के बीच, जहां प्रेसमड अकेले प्रयोग किया गया था उस उपचार में लागत:लाभ अनुपात (1.611) अधिकतम था जिसका अनुसरण एफवाईएम (1.58) ने किया। इन परिणामों ने संकेत दिया कि प्रेसमड कम्पोस्ट अकेले या संयोजन में सस्ते कार्बनिक पदार्थ के स्रोत के रूप में या पोषक तत्वों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

difference with respect to yield, TSS, acidity etc. The soil organic carbon has accumulated significantly in the treatments where organic sources have been added. Among the organic sources, pressmud compost alone or in combination has significantly improved organic carbon over FYM treatment (Figure 16).

Amongst the organic sources, the cost-benefit ratio was the highest in the treatment where pressmud only was used as input (1.61) followed by FYM (1.58). These results indicated that pressmud compost alone or in combination can be used as a cheaper source of organic matter as well as nutrients.




चित्र 16: मृदा जैव कार्बन पर जैविक स्रोतों का प्रभाव

Figure 16: Effect of organic sources on soil organic carbon (%)

## जल उपयोग दक्षता में सुधार की तकनीक का अंगूर उत्पादकों के खेतों में प्रदर्शन

केंद्र में विकसित जल उपयोग दक्षता की तकनीक की प्रभावशीलता को थॉमसन सीडलैस की लताओं में प्रदर्शित करने के लिए सांगली जिले के जत तथा पलसी के दो किसानों के खेत में परीक्षण लगाए गए। जत में परीक्षण एक भूखंड में आधारीय छंटाई के दौरान जबकि पलसी में यह परीक्षण दो किसानों के भूखंडों में फलत छंटाई के दौरान लगाया गया था। यह भाकृअनुप-राअंअनुकेंद्र और म.रा.द्रा.बा.संघ के बीच एक सहयोगी परियोजना है।

जत में तीन उपचारों, फसल की वृद्धि अवस्था तथा तसला वाष्पीकरण के आधार पर सिफारिश की गई सिंचाई, उपसतही (अनुशंसित सिंचाई स्तर का 75%) और किसान की अनुसूची शामिल थे। पलसी में फसल की वृद्धि अवस्था तथा तसला वाष्पीकरण के आधार पर सिफारिश की गई सिंचाई, आंशिक जड़ क्षेत्र शुष्कन और किसान की अनुसूची (तालिका 14) पर आधारित सिंचाई के उपचार थे।

## To demonstrate techniques to improve water use efficiency in grower's field

Two trials were laid out in farmer's field at Jath and Palsi in Sangli District to demonstrate the effectiveness of the techniques developed at the Centre for improving water use efficiency in Thompson Seedless vines. The trial at Jath was laid out during foundation pruning in one plot, whereas at Palsi it was laid out during fruit pruning in two farmers plot. This is a collaborative project between ICAR-NRC Grapes and MRDBS.

At Jath three treatments viz. recommended irrigation level based upon crop growth stages and pan evaporation, subsurface (75% of the recommended irrigation level) and farmer's schedule were included. At Palsi, recommended irrigation level based upon crop growth stages and pan evaporation, partial root zone drying and farmer's schedule (Table 14) were the treatments.

तालिका 14: विभिन्न प्रयोगात्मक स्थलों पर किसान कार्यप्रणाली के मुकाबले सिंचाई जल की बचत

Table 14: Irrigation water saving in different experimental site over farmer's practice

| उपचार Treatments | प्रयोग स्थल / Experimental Sites | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | जत / Jath | | पलसी I / Palsi I | | पलसी II / Palsi II | |
| | सिंचाई जल मात्रा (ली/एकड़) Irrigation water applied (l/acre) | किसान अनुसूची के मुकाबले बचत Savings over farmer's practice (%) | सिंचाई जल मात्रा (ली/एकड़) Irrigation water applied (l/acre) | किसान अनुसूची के मुकाबले बचत Savings over farmer's practice (%) | सिंचाई जल मात्रा (ली/एकड़) Irrigation water applied (l/acre) | किसान अनुसूची के मुकाबले बचत Savings over farmer's practice (%) |
| सिफ़ारिश की गई सिंचाई स्तर Recommended Irrigation level | 14,94,678 | 25.9 | 10,23,891 | 31.6 | -- | -- |
| उपसतह सिंचाई Subsurface irrigation | 10,72,800 | 46.8 | --- | | -- | -- |
| पीआरडी / PRD | --- | -- | 12,10,208 | 19.1 | 12,69,357 | 26.6 |
| किसान क्रियाशैली Farmer's practice | 20,16,870 | ---- | 14,97,376 | --- | 16,91,976 | -- |

जत में आधारीय छंटाई के मौसम के दौरान और पुष्पन तथा विरेजन अवस्था पर पर्ण जल विभवता में उपचारों में सार्थक अंतर नहीं थे। यह स्पष्ट रूप से पता चला है कि जल उपयोग दक्षता में वृद्धि के इरादे से दिये गए उपचारों में किसान की अनुसूची की तुलना में कोई प्रतिबल दिखाई नहीं दिया। सभी उपचारों में पर्णवृन्तों में पोषक तत्व मात्रा स्तर इष्टतम पाया गया। फलत छंटाई के दौरान, उपसतह सिंचाई उपचार, सिफ़ारिश की गई सिंचाई तथा किसान की अनुसूची में क्रमश: कुल 10,72,800, 14,94,678 और 20,16,870 लीटर/एकड़ सिंचाई जल दिया गया। इस तरह सिफारिश की गई सिंचाई अनुसूची और उपसतही सिंचाई अनुसूची के तहत क्रमश: 25.8% और 46.8% सिंचाई जल की बचत हुई। किसान की क्रिया तथा सिफारिश की गई सिंचाई में औसतन 12-15 किग्रा अंगूर/लता तोड़े गए, तथापि, उपसतही सिंचाई के तहत 15-20 किग्रा अंगूर/लता की उपज प्राप्त हुई। यह स्पष्ट रूप से संकेत है कि उपसतही सिंचाई उपचार में जल का बेहतर उपयोग होता है।

पलसी के दोनों भूखंडों में फसल की स्थिति (देखने में) में उपचारों के बीच अंतर नहीं देखा गया। सभी उपचारों में पर्णवृन्तों में पोषक तत्व मात्रा इष्टतम स्तर पर पाई गई। फलत छंटाई के बाद विभिन्न उपचारों में दिये गए सिंचाई जल की मात्रा (ली/एकड़) तालिका 14 में दी गई है। यह स्पष्ट रूप से पता चला है कि किसान अनुसूची के मुक़ाबले सिंचाई जल का बेहतर उपयोग हुआ। दोनों स्थलों पर, सिंचाई जल में पर्याप्त बचत के साथ एक जैसी उपज का स्तर प्राप्त हुआ।

## अंगूर में कार्यिकी विकार एवं उनकी प्रबंधन क्रियाएँ

### थॉमसन सीडलैस और रैडग्लोब अंगूर में सनबर्न पर विभिन्न कृषि रसायनों का प्रभाव

सनबर्न एक लक्षण है, जहां अधिक देर तक अधिक तापमान के संपर्क में आने से रंग विकास में देरी होती है या रंगीन पदार्थों का घटन होता है। सनबर्न से बचाव के लिए, थॉमसन सीडलैस और रेड ग्लोब लताओं पर छंटाई के 80, 90, 100 और 110 दिनों बाद विभिन्न कृषि रसायनों जैसे कि विभिन्न कैल्शियम यौगिकों, सिलिसिलिक अम्ल, सक्रिय फास्फोरस का पोटेशियम साल्ट इत्यादि का अनुप्रयोग किया गया। फास्फोरस का पोटेशियम साल्ट 2 ग्रा/ली के अनुप्रयोग के साथ गुच्छ को पेपर बैग से ढकना थॉमसन सीडलेस को सनबर्न से 100% बचाने में प्रभावी पाया गया।

At Jath, the leaf water potential recorded at three stages during foundation pruning season and at flowering and veraison stages did not differ significantly among treatments. This indicated that the treatments intended for increasing water use efficiency did not show any stress as compared to farmer's schedule. The petiole nutrient contents were maintained at optimum levels between all the treatments. During fruit pruning, a total of 10,72,800, 14,94,678 and 20,16,870 l/acre of irrigation water was applied under subsurface irrigation, recommended irrigation and farmer's schedule respectively. This resulted in a saving of 25.8% and 46.8% irrigation water respectively under recommended and subsurface irrigation schedule. On an average, 12-15 kg/vine grapes was harvested under farmer's practice and recommended irrigation, however, higher yields of 15-20 kg/vine was recorded under subsurface irrigation. This indicated the better utilisation of water in subsurface treatment.

At Palsi, in both the plots, crop conditions (visually) did not differ among the treatments. The petiole nutrient contents were maintained at optimum levels in all the treatments. The quantum of irrigation water applied (l/acre) after fruit pruning under different treatments are given in table 14. This indicated the better utilisation of irrigation water over farmer's practice. At both the sites, similar yield levels were obtained with substantial saving in irrigation water.

## PHYSIOLOGICAL DISORDERS AND THEIR MANAGEMENT PRACTICES IN GRAPES

### Impact of different agrochemicals on sunburn in Thompson Seedless and Red Globe grapes

Sunburn is a symptom where excess exposure to high temperatures delays color development or degrades pigments. Different agrochemicals viz. various calcium compounds, silicilic acid, potassium salt of phosphorus active etc. were applied at 80, 90, 100 and 110 days after pruning on Thompson Seedless and Red Globe vines to avoid sunburn. Application of potassium salt of phosphorus @ 2g/l alongwith paper bag coverage to bunch was found effective to avoid 100% sunburn particularly in Thompson Seedless grapes.

## फैंटासी सीडलैस तथा फ्लेम सीडलैस में मणि क्रेकिंग पर विभिन्न कृषि रसायनों का प्रभाव

यह प्रयोग भाकृअनुप-राअंअनुकें पुणे में फैंटासी सीडलैस तथा नासिक में उत्पादक के खेत में फ्लेम सीडलैस में मणि क्रेकिंग को कम करने हेतु किया गया। विभिन्न कृषि रसायनों जैसे कि विभिन्न कैल्शियम यौगिकों, सैलिसिलिक अम्ल, फास्फोरस का पोटेशियम साल्ट का अनुप्रयोग दोनों क़िस्मों में छंटाई के 74, 84, 100 और 111 दिनों बाद किया गया। एक प्रारंभिक अवलोकन के रूप में, कैल्शियम क्लोराइड 1% और सैलिसिलिक अम्ल 0.2% तथा कैल्शियम क्लोराइड 1% का संयोजन फ्लेम सीडलैस में मणि क्रेकिंग को कम करने में प्रभावी पाया गया। इसी तरह, सैलिसिलिक अम्ल 16 पीपीएम की दर से कैल्शियम ग्लूकोनेट तथा वनस्पति तेल 0.3% के साथ देने के परिणामस्वरूप फेंटासी सीडलैस में मणि क्रेकिंग में कमी आई।

## अंगूर की नई किस्मों के लिए वृद्धि नियामक अनुसूची का मानकीकरण

### मांजरी नवीन की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए पादप वृद्धि नियामकों (पावृनि) का मानकीकरण

मांजरी नवीन की गुणवत्ता और शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए पावृनि का मानकीकरण करने हेतु प्रयोग किया गया था। विभिन्न जैव नियामकों (जीए$_3$ और सीपीपीयू) को विभिन्न सान्द्रताओं पर 3-4 मिमी और 6-7 मिमी मणि आकार पर दिया गया। मणि आकार में सार्थक परिणाम दर्ज किए गए। अधिकतम मणि लंबाई (27.83 मिमी और 27.26 मिमी) जीए$_3$ @ 20 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.25 पीपीएम तथा जीए$_3$ @ 30 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.5 पीपीएम की दर के अनुप्रयोग से प्राप्त हुई।

इसी तरह, अधिकतम मणि व्यास (17.36 मिमी) जीए$_3$ @ 20 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.25 पीपीएम के अनुप्रयोग से दर्ज हुआ जिसका अनुसरण जीए$_3$ @ 30 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.5 पीपीएम (17.22 मिमी) ने किया। सबसे अधिक उपज (7.45 किग्रा/लता) जीए$_3$ @ 20 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.25 पीपीएम के अनुप्रयोग से मिली। परन्तु, इन उपचारों ने मांजरी नवीन अंगूर की शेल्फ लाइफ में सुधार नहीं किया।

### Impact of different agrochemicals on berry cracking in Fantasy Seedless and Flame Seedless

The experiments to reduce berry cracking incidence in Fantasy Seedless (ICAR-NRCG) and Flame Seedless (Nasik) were conducted. The different agro chemicals viz. calcium compounds, silicilic acid, potassium salt of phosphorus active were applied at 74, 84, 100 and 111 days after pruning in both the varieties. As a preliminary observation,calcium chloride 1 % and a combination of silicilic acid 0.2 % and calcium chloride 1 % was found to be effective to reduce the berry cracking in Flame Seedless. The application of silicic acid @ 16 ppm along with calcium gluconate and vegetable oil 0.3 % resulted in reduced incidence of berry cracking in Fantasy Seedless.

## STANDARDIZATION OF GROWTH REGULATOR SCHEDULE FOR NEW GRAPE VARIETIES

### Standardization of PGR's in Manjri Naveen for improving shelf life

The experiment was carried out to standardize PGRs to improve quality and shelf life of Manjri Naveen. The different bio regulators ($GA_3$ and CPPU) were applied in different concentrations at 3-4 mm and 6-7 mm berry size. The significant results were observed in berry size. The application of $GA_3$ @ 20 ppm + CPPU @ 0.25 ppm and application of $GA_3$ @ 30 ppm + CPPU @ 0.5 ppm recorded maximum berry length (27.83 mm and 27.26 mm).

Likewise, the maximum berry diameter (17.36 mm) was recorded with the application of $GA_3$ @ 20 ppm + CPPU @ 0.25 ppm followed by the application of $GA_3$ @ 30ppm + CPPU @ 0.50ppm (17.22 mm). The highest yield (7.45 kg/vine) was obtained with the application of $GA_3$ @ 20 ppm and CPPU @ 0.25 ppm. However, these treatments did not improve shelf life of Manjari Naveen grapes.

## क्रिमसन सीडलैस में पावृनि का मानकीकरण

क्रिमसन सीडलैस लाताओं में जैव नियामकों के विभिन्न उपचारों को 3-4 मिमी और 6-7 मिमी मणि आकार पर मणि आकार और गुणवत्ता के मापदंडों के आंकलन हेतु दिया गया। उपचारों के बीच मणि आकार, जैसे मणि की लंबाई और व्यास में सार्थक अंतर देखा गया। जीए$_3$ @ 10 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.5 पीपीएम के अनुप्रयोग से अधिकतम लंबाई (17.93 मिमी) दर्ज की गई जबकि नियंत्रण में न्यूनतम मणि लंबाई (12.03 मिमी) दर्ज की गई। सामान्यत:, क्रिमसन सीडलैस में जीए$_3$ @ 30 पीपीएम + सीपीपीयू @ 0.5 पीपीएम के अनुप्रयोग को अच्छे मणि एवं गुणवत्ता मानकों के उत्पादन हेतु प्रभावी पाया गया।

## Standardization of PGR's in Crimson Seedless

The different treatments of bio regulators applied at 3-4 mm and 6-7 mm berry size on Crimson Seedless vines were evaluated for berry size and the quality parameters. Berry size, both length and diameter showed significant differences among treatments. Application of $GA_3$ @ 10 ppm + CPPU @ 0.50 ppm recorded maximum berry length (17.93 mm) whereas control recorded the minimum berry length (12.03 mm). In general, application of $GA_3$ at 30 ppm + CPPU at 0.50 ppm was found effective in producing better berry and quality parameters in Crimson Seedless.

## तास-ए-गणेश की उपज और गुणवत्ता में सुधार के लिए नये रसायन/वानस्पतिक

निम्नलिखित कृषि रसायन अंगूर की उपज और गुणवत्ता में सुधार लाने में प्रभावी पाए गए।

## NEW CHEMICALS/ BOTANICALS FOR IMPROVED YIELD AND QUALITY IN TAS-A GANESH

The following agrochemicals were found effective in improving yield and quality of grapes.

| कृषि रसायन का नाम / Name of the agrochemical | मात्रा / Dose | परिणाम / Results |
|---|---|---|
| Divya Amrut and<br>Divya Amrut- Soil Conditioner | 1-15 ml/l<br>2.5-3.5 ml/l | Improved yield and quality parameters like TSS and acidity |
| Diamore combine (Homobrassinoloide 0.03%) along with $GA_3$ 40 ppm and CPPU 2ppm | 0.03% | Improved yield and quality parameters like TSS and acidity |
| Oxyflurofen 2.5%+ Glyphosate 41% SC | 3.125-6.25 l/ha | Better weed control in grape vineyard |

## भारत में अंगूर उत्पादन के उपयुक्त क्षेत्रों का जीआईएस प्रयोग द्वारा जलवायु आधारित स्थानिक परिसीमन

यह परियोजना (i), जीआईएस उपकरण का उपयोग कर अंगूर की खेती के लिए जलवायु उपयुक्तता के स्थानिक वितरण की पहचान (ii) अंगूर की खेती के लिए जलवायु उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए भू-स्थानिक मॉडल को विकसित करना तथा (iii) जलवायु बाधाओं, जैविक और अजैविक जोखिम वाले क्षेत्रों को चित्रित करने के उद्देश्यों के साथ प्रस्तावित की गई थी।

भौगोलिक आंकड़ों की उपलब्धता को खोजा गया और वेक्टर और रेस्टर प्रारूप में संकलित आंकड़ों का इस अध्ययन में प्रयोग करने के लिए परीक्षण किया गया। भारत की प्रशासनिक सीमाओं के

## CLIMATE BASED SPATIAL DELIMITATION OF SUITABLE GRAPE GROWING REGIONS IN INDIA USING GIS

This project was proposed with the objectives (i) to identify spatial distribution of climatic suitability for grape cultivation using GIS tools, (ii) to develop geo-spatial model to assess climatic suitability for grape cultivation and (iii) to delineate regions having climatic constraints, biotic and abiotic risks.

Geographic data availability was searched and data collected in vector and raster format was examined for its use in the study. Vector data on administrative boundaries of India was sourced. Data on daily district wise normals of meteorological parameters viz.

वेक्टर आंकड़ों को मंगाया गया। मौसम संबंधी मापदंडों के दैनिक जिले वार आंकड़ों जैसे तापमान, वर्षा और आर्द्रता को आईएमडी पुणे से एक विशिष्ट प्रारूप में संकलित किया गया जिससे जीआईएस में इसका आसान उपयोग हो सके। 2.5 चाप मिनट पर चार चर मापदंड नामित औसत न्यूनतम, माध्य तथा अधिकतम तापमान और वर्षा (1950-2000 के प्रतिनिधि अवलोकित आंकड़ों का प्रेक्षप) अध्ययन के लिए उपयोगी पाए गए। जिओडाटाबेस विकसित करने के लिए आंकड़ों को जीआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर संसाधित किया गया था। अंगूर की खेती के लिए क्षेत्र की जलवायु उपयुक्तता के लिए वैचारिक मानदंड परिभाषित किए गए। क्षेत्रों की पहचान करने के लिए भौगोलिक मासिक जलवायु आंकड़ों के आधार पर तापमान और दोनों तापमान एवं वर्षा उपयुक्तता के साथ एक प्रारंभिक वैचारिक मॉडल तैयार किया गया। एक प्रारंभिक जिओडाटाबेस डिजाइन और विकसित किया गया है। स्वचालित प्रसंस्करण कार्यों को करने हेतु आर्क जीआईएस सॉफ्टवेयर के मॉडल बिल्डर उपकरण का उपयोग कर जिओडाटा प्रसंस्करण उपकरण तैयार किया गया। उपयुक्तता के लिए प्रस्तावित मॉडल के आधार पर एक प्रारंभिक विश्लेषण किया गया।

## विभिन्न राज्यों में वाणिज्यिक अंगूर खेती के लिए संभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण

देश में गैर परंपरागत क्षेत्रों में वाणिज्यिक अंगूर की खेती का विस्तार करने की संभावनाओं का पता लगाने के प्रयास में, विभिन्न राज्यों के कुछ क्षेत्रों में सर्वेक्षण आयोजित किया गया।

### हिमाचल प्रदेश के सोलन, शिमला और किन्नौर जिले

हिमाचल प्रदेश एक उत्तर भारतीय राज्य है। यह 55,670 से अधिक वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ है और उत्तर में जम्मू-कश्मीर, पश्चिम में पंजाब, दक्षिण-पश्चिम में हरियाणा, दक्षिण-पूर्व में उत्तराखंड और पूर्व में तिब्बत से घिरा हुआ है (चित्र 17)। ऊंचाई में बड़े बदलाव के कारण, हिमाचल प्रदेश में विभिन्न जलवायु परिस्थितियाँ हैं। जलवायु में विभिन्नता जैसे निचले दक्षिणी इलाकों (450-900 मी औसत समुद्र तल) में गर्म और उप-आर्द्र उष्णकटिबंधीय, मध्य पहाड़ियों (900-1800 मी औ. स. त.) में गर्म और समशीतोष्ण, ऊंची पहाड़ियों (1900-2400 मी औ. स. त.) में ठंडा और समशीतोष्ण और पूर्वी उच्च पर्वत श्रंखला के समशीतोष्ण अल्पाइन शुष्क क्षेत्र (2400-4800 मी औ. स. त.) में बर्फ़ीला है।

temperature, rainfall and humidity from IMD, Pune was compiled in a specific format for its easy use in the GIS. Monthly climate gridded data at 2.5 arc minutes on four variables: average minimum, mean, and maximum temperature and precipitations (interpolations of observed data, representative of 1950-2000) was found useful for the study. The data was processed using GIS software to develop a geodatabase. Conceptual criteria for climatic suitability of a region for grape cultivation were defined. A preliminary conceptual model to identify regions which have temperature suitability and with both temperature and precipitation suitability, was devised based on the geographic monthly climate data. An initial geodatabase has been designed and developed. Geodata processing tools were designed and developed using the model builder tool of ArcGIS software to automate the processing tasks. An initial analysis has been carried out based on the proposed model for suitability.

## SURVEY OF POTENTIAL AREAS FOR COMMERCIAL VITICULTURE IN DIFFERENT STATES

In an attempt to explore the possibilities of extending commercial grape cultivation in non-traditional areas in the country, survey was conducted in a few areas of different States.

### Solan, Shimla and Kinnaur districts of Himachal Pradesh

Himachal Pradesh is a north Indian state. It is spread over 55,670 km2 and is bordered by Jammu and Kashmir on the north, Punjab on the west, Haryana on the south-west, Uttarakhand on the south-east and by the Tibet on the east (Figure 17). Due to large variations in altitudes, there are varied climatic conditions in Himachal Pradesh. The climate varies from hot and sub-humid tropical in the southern low tracts (450–900m msl), warm and temperate in mid-hills (900–1800m msl), cool and temperate in high hills (1900–2400m msl) and cold glacial in temperate alpine dry zone (2400–4800m msl) in the northern and eastern high elevated mountain ranges.

चित्र 17: हिमाचल प्रदेश की कृषि जलवायु क्षेत्र
Figure 17: Agro-climatic zones of Himachal Pradesh

हिमाचल प्रदेश में अंगूर खेती की वर्तमान स्थिति का जायजा लेने के लिए, राज्य के शिमला, सोलन और किन्नौर जिलों में 17–28 अगस्त 2015 को एक सर्वेक्षण किया गया।

डॉ गिरीश शर्मा, प्रोफेसर (फल विज्ञान), डॉ वाईएस परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर अँड फोरेस्ट्री, नौनी, सोलन; डॉ राजेश्वर चंदेल, प्रधान वैज्ञानिक, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन एवं कृ वि कें, शार्बो के प्रभारी, श्री नादेश नेगी, बागवानी विस्तार अधिकारी, रिबबा (किन्नौर), राज्य बागवानी विभाग और स्थानीय अंगूर किसानों ने इस सर्वे में मदद की। पिछले 10 वर्षों के औसत के आधार पर, हिमाचल प्रदेश में 122.8 हे से 139.6 टन अंगूर का उत्पादन होता है अत: औसत उत्पादकता 1.14 टन/हे है। हिमाचल में किन्नौर और कांगरा मुख्य अंगूर उत्पादक जिले हैं। पिछले दस वर्षों में, इन जिलों में क्रमश: औसतन 21.6 हे और 15.4 हे क्षेत्रफल में 64.3 टन और 34.2 टन अंगूर पैदा हुआ।

सोलन और शिमला (आद्र मध्यम पहाड़ी और उच्च समशीतोष्ण नम पहाड़ी) के किसान अपने पिछवाड़े या खेत में पुश्ता बना कर स्थानीय/अंजान किस्में उगाते हैं। हिमाचल में अंगूर खेती की एक छंटाई और एक तुड़ाई पद्यति प्रचलित है। लताओं की छँटाई सर्दियों में (जनवरी–फरवरी), मार्च/अप्रैल में कलिका भंजन होता है और मणि विकास वर्षा के समय होता है, जिस कारण पाउडरी/डाउनी मिलड्यू, मणि क्रेकिंग और सड़न की व्यापकता होती है।

परंतु उच्च समशीतोष्ण शुष्क पहाड़ी (किन्नौर और लाहौल अँड स्पीति) जहां कम वर्षा होती है, में मार्च/अप्रैल से अक्तूबर/नवंबर के दौरान अंगूर की अच्छी फसल पैदा की जा सकती है। किन्नौर जिले मे अंगूर लता पर बौर मई/जून में आती है और फल पक्कन अक्तूबर/

To know present status of grape growing in Himachal Pradesh, a survey was conducted in Shimla, Solan and Kinnaur districts of the state during August 17-28, 2015.

Dr. Girish Sharma, Professor (Fruit Breeding), Dr. YS Parmar University of Horticulture & Forestry, Nauni, Solan; Dr. Rajeshwar Chandel, Principal Scientist, Regional Horticultural Research & Training Station and I/C KVK Kinnaur, Sharbo; Mr Radesh Negi, Horticulture Extension Officer, Ribba (Kinnaur), State Department of Horticulture; and local growers helped in this survey. Averaged over the last 10 years, Himachal Pradesh annually produced 139.6 t of grapes from 122.8 ha with average productivity of 1.14 t/ha. In Himachal, Kinnaur and Kangra are major grape growing districts. During the last 10 years these districts annually grew grapes on an area of 21.6 and 15.4 ha and produced 64.3 t and 34.2 t grapes, respectively.

Farmers of Solan and Shimla (humid mid-hills and high temperate wet hills) grow few vines of local/unknown varieties in their backyard or on bunds of the fields. In Himachal single pruning and one crop system of cultivation is practiced. Vines are pruned during winter season (January-February), bud break occurs in March/April and berry development coincides with rainy season leading to incidence of powdery/Downey mildew, berry cracking and spoilage.

However, in high temperate dry hills (Kinnaur and Lahaul & Spiti) where rains are scanty, good grape crop can be produced during March/April to October/

नवंबर में होता है। अप्रैल से नवंबर के दौरान, शुष्क मौषम, गरम दिन और ठंडी रातें गुणवत्ता वाले अंगूर उत्पादन के लिए उपयुक्त है। किसान के अनुसार, औसत उपज 25-100 किग्रा/लता है। यहाँ अंगूर की खेती व्यवसायिक स्तर पर नहीं है और किसान अपने घर के पिछवाड़े या खेत में या सड़क किनारे पुश्ता पर अंगूर लता लगाते है (चित्र 18)। लताओं की छंटाई और प्रशिक्षण नहीं किया जाता और अंगूर लताओं को खेत/सड़क किनारे पेड़ों पर चढ़ने के लिए छोड़ दिया जाता है।

November. Grapevines in Kinnaur district flower during May/June and fruits ripen in October/November. Dry weather, warm days and cool nights during April-November are highly suitable for development of good quality grapes. The reported average yield ranges from 25-100 kg/vine. There are no commercial vineyards and the farmers grow grapevines in backyards, on bunds of the fields and on road side (Figure 18). No pruning and training is followed and the grapevines are allowed to climb on field/roadside trees.

चित्र 18: अंगूर लता क) पेड पर उगाई गई ख) सडक के किनारे फलन अवस्था में ग) बाध पर उगाई गई

Fig 18: Grapevine growing on tree (a), fruiting grapevine on roadside (b) and grapes harvested from vines grown on bunds (c)

किन्नौर जिले में अंगूर की अनेक किस्में उगाई जाती हैं और इनमें से अनेक का गाँव के नाम पर नाम दिया जाता है। मुख्य किस्में हैं रिब्बा ब्लॅक, रिब्बा ब्लॅक ब्यूटी, रंगस्पे, छोलटू व्हाइट, भट्टा रिब्बा व्हाइट, भट्टा रिब्बा ब्लॅक इत्यादि। अधिकतर लता (90%) स्थानीय क़िस्मों की है और सिर्फ 10% लताएँ अन्य किस्में जैसे थॉमसन सीडलेस, अनाब-ए-शाही और कंधारी हैं। अनेक स्थानीय किस्में रंगस्पे के क्लोन जैसे प्रतीत हुए। अधिकतर किस्में *वीटिस लेबरुसका* या फिर *लेबरुसका* और *विनीफेरा* के संकर है। इन क़िस्मों के मुख्य लक्षण हैं फोक्सी फ्लेवर, मोटी और दृढ़ त्वचा, गोल मणि और अविरत लता तन्तु। सर्वे के दौरान किसी भी किस्म में रोग/कीट के लक्षण नहीं देखे गए। किसानों ने बताया कि छोलटू रेड, स्किब्बा अर्ली और भट्टा रिब्बा व्हाइट में इनकी रोपाई के इतने वर्षों बाद भी कभी कोई रोग प्रकोप नहीं देखा गया है। छोलटू रेड, छोलटू व्हाइट और भट्टा रिब्बा व्हाइट में मणि क्रेकिंग भी नहीं होता। ये मूल्यवान जननद्रव्य है जिन्हें प्रजनन में प्रयोग किया जा सकता है।

Many varieties are grown in Kinnaur which are mostly named after the names of the villages. Main varieties are Ribba Black, Ribba Black Beauty, Rangspay, Chholtu White, Chholtu Red, Bhatta Ribba White, Bhatta Ribba Black etc. Maximum vines (90%) are local type and only 10 % are other varieties like Thompson Seedless, Anab-e-Shahi and Kandhari. Many local varieties appear to be clonal selection from Rangspay. Most of the varieties grown in Kinnaur appear to be *Vitis labrusca* or hybrids between *labrusca* and *vinifera*. The characters of these varieties are foxy flavour, thick and tough skin, round berries and continuous tendrils. No visual symptoms of disease/ insect attack were observed. Farmers informed that varieties Chholtu Red, Skibba Early and Bhatta Ribba White had no disease incidence since their initial planting. Chholtu Red, Chholtu White, Bhatta Ribba White were also resistant to berry cracking. These are valuable genetic resources for breeding programmes.

किन्नौर जिले में उत्पादित अंगूरों का मुख्यत: परंपरागत किण्वित

Grapes in Kinnaur district are mainly used for

और आसुत पेय पदार्थ जिसे अंगूरी या किन्नौरी के रूप में जाना जाता है, बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है (चित्र 19)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने किन्नौर में हर किसान को उनके स्वयं के प्रयोग के लिए अंगूरी की चौबीस बोतल बनाने की आज्ञा दी हुई है। राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद, हिमाचल प्रदेश ने अंगूरी को भौगोलिक संकेतक सर्टिफिकेट लेने के लिए चुना है।

preparing traditional fermented and distilled beverage known as Angoori or Kinnauri (Figure 19). Each farmer has been permitted by the Government of H.P. to distil twenty four bottles of Angoori for their personal consumption. The State Council for Science, Technology and Environment, Himachal Pradesh has identified Angoori for obtaining Geographical Indication (GI) Certification.

Figure 19 (चित्र 19): Cemented pit for fermentation (a); fermented liquid that can be processed into wine or distilled to produce Angoori (b); assembling traditional distillation unit (c-f); and fermented must and distilled angoori produced by traditional method (g)

अंगूर की कुछ मात्रा घरेलु प्रयोग के लिए किशमिश बनाने के लिए भी, छत से लटका कर सुखाई जाती है। खाना बनाते समय निकले धुएँ के कारण इन किशमिश में धूम्रमय फ्लेवर होता है।

वर्तमान में किन्नौर में सेब प्रमुख फसल है, इसीलिए वहाँ स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान स्टेशन में अनुसंधान भी सेब पर केन्द्रित है। इस क्षेत्र में परंपरागत अंगूर खेत को पुनः प्रचलित किया जा सकता है खासतौर से वाइन बनाने के लिए जिस से कि अनुकूल टेररोइर का लाभ उठाया जा सके। भारत में ठंडी और शुष्क परिस्थितियों में सुखाई गईं किशमिश को अच्छी कीमत मिलती है। यदि इस क्षेत्र में किशमिश के व्यावसायिक उत्पादन को बढ़ावा दिया जाता है तो इस क्षेत्र में उत्पन्न अंगूरों का अच्छा मूल्यवर्धन किया जा सकेगा।

सर्वे के दौरान, कालका और सोलन के बीच के जंगलों में अंगूर की जंगली जातियाँ *वीटिस लेनेटा* और *वीटिस हिमालयाना* देखी गईं। *वीटिस लेनेटा,* जिसे स्थानीय तौर पर भानबे के नाम से जाना जाता है, पाउडरी/डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधी मानी जाती है। इस जाति के फल अगस्त में पकते हैं और यह प्रजाति फल क्रेकिंग प्रतिरोधी भी

Small quantity of grapes is also dried to produce raisins for household consumption by suspending them from ceiling. Such raisins have smoky flavor due to their exposure to smoke produced during cooking.

In Kinnaur presently apple is a dominant crop, hence the research at Regional Horticultural Research Station, Kinnaur concentrates on apple. Traditional grape cultivation in the area could be revived, especially for wine making so that favourable terrior can be exploited. In India grapes dried in cold and dry conditions fetch more value. If commercial production of dry grapes is promoted in this area, it could be good value addition to grapes produced in this area.

During the survey, some of the wild species of grape *Vitis lanata* and *Vitis himalayana* were noticed in forests lying between Kalka and Solan. *Vitis lanata*, locally known as bhambay is considered to be tolerant to powdery/Downey mildew. Fruits of this species ripen in August and the species is also tolerant to fruit

है। *वीटिस हिमालयाना,* जो स्थानीय तौर पर फ्लांकुर के नाम से जानी जाती है, पछेती है और इसमे अगस्त में बौर आती है और अक्तूबर/नवंबर में फल पकते है (चित्र 20)। कुछ किसान इन जातियों को घर के पिछले आँगन में भी उगाते हैं।

cracking. *Vitis himalayana,* locally known as phlankur is late maturing and flowers in August and fruits ripen in October/November (Figure 20). Some farmers also grow these species in their backyards.

Figure 20 (चित्र 20): Leaves (a), flowers (b) and fruits (c) of *Vitis himalayana* growing in the forests of Solan district

## बांकुरा, पश्चिम बंगाल

डॉ सं दी सावंत ने 1-2 जून 2015 को बनकुरा में पश्चिम बंगाल के पश्चिम क्षेत्र विकास प्राधिकरण के फ़ार्म का दौरा किया। वह राज्य बागवानी विभाग के कार्यालय भी गए और तलदंगरा में किसानों की बैठक में भाग लिया जिसमे बांकुरा, पुरुलिया, तलदंगरा आदि से 200 किसानों ने भाग लिया। संसदीय सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, डॉ करक, उप निदेशक (बागवानी) एवं डॉ एस एन घोष, बीएसकेवी, पश्चिम बंगाल के सेवानिवृत डीन और प्रोफेसर (बागवानी) भी इस बैठक में उपस्थित थे और इस क्षेत्र में अंगूर की खेती पर अपने विचार दिये (चित्र 21)।

## Bankura, West Bengal

Dr. S.D. Sawant visited the farm of Western Area Development Authority for West Bengal at Bankura during 1st – 2nd June 2015. He also visited the office of the State Horticulture Department and participated in the farmers' meeting at Taldangra. About 200 farmers from Bankura, Purulia, Taldangra, etc. were gathered. The Parliamentary Secretary, Govt. of West Bengal and the Deputy Director of Horticulture, Dr. Karak and Dr. S.N. Ghosh, Retd. Dean and Professor (Horticulture), BSKV, West Bengal were present and gave their views regarding the grape cultivation, in this area (Figure 21).

चित्र 21: बांकुरा में किसानों से परिचर्चा
Figure 21: Interaction with the Farmer's at Bankura

इस क्षेत्र में आमतौर पर अंगूर की खेती में एकल छंटाई–एकल फसल प्रणाली का अनुसरण किया जाता है। नवंबर–दिसंबर के दौरान, कम तापमान के कारण लताएँ निष्क्रिय होती हैं। जनवरी के द्वितीय अर्ध के दौरान जब लताएं सक्रिय हो जाती है, तो फल छंटाई ली जाती है और अंकुरण फरवरी के दूसरे सप्ताह में होता है। इसके बाद निरंतर उच्च तापमान के कारण, मई के अंत तक फल तुडाई की जाती है। इस क्षेत्र की मिट्टी लाल लेटराइट है और सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है ।

वर्तमान में इस क्षेत्र में मुख्यत: बीजित किस्में अर्का नीलमणि (चित्र 22), पूसा उर्वशी और अर्का वती की खेती की जाती है। परंतु ताजे फल की बीजरहित क़िस्मों को बढ़ावा दिया जा सकता है क्योंकि इसके लिए एच्छिक मौसम की पाँच महीनों की अवधि जनवरी से मई के दौरान इस क्षेत्र में उपलब्ध है। अत: इस क्षेत्र के लिए उपयुक्त कृषि प्रणाली के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

Typically single pruning-single cropping system of viticulture is followed in this area. During November-December, vines are in dormancy due to low temperatures. After vines become active during second half of January, fruit pruning is done and sprouting takes place in second week of February. Due to continuous high temperature thereafter, fruits are harvested by the end of May. The area has red laterite soils and sufficient water for irrigation is available.

Presently seeded varieties of mainly Arka Neelamani (Figure 22), Pusa Urvashi and Arkavati are grown in this area. However, the promotion of seedless varieties for table purpose can be explored as the area has five months window of required weather conditions during January to May. The development of a suitable package of practice for this region requires attention.

Figure 22: Grape cultivation at Bankura

## IV. अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन

## IV. DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF INTEGRATED PROTECTION TECHNOLOGIES IN GRAPE.

### अंगूर रोगों के जैविक नियंत्रण के लिए सूक्ष्मजैविक फोर्मूलेशन का विकास– आईसीएआर–एएमएएएस उप–परियोजना

### अंगूर बाग में पाउडरी मिल्ड्यू का जैविक नियंत्रण

विरेजन अवस्था के बाद, *ट्राइकोडर्मा कोनीनजाय* (एनएआयएम सीसी–01938) के जलीय फोर्मूलेशन ($5x10^6$ स्पोर/मिली) या *बेसिलस लाईकेनिफोर्मीस* टीएल–171 का फोर्मूलेशन ($1x10^8$ सीएफ़यू/मिली) के साप्ताहिक तीन छिड़काव करने से पाउडरी मिल्ड्यू

### ICAR-AMAAS SUB-PROJECT ON 'DEVELOPMENT OF MICROBIAL FORMULATIONS FOR BIOLOGICAL CONTROL OF GRAPE DISEASES'

### Biological control of powdery mildew in vineyard

Three weekly foliar applications of aqueous formulations of *Trichoderma koningii* (strain NAIMCC-01938) @ $5x10^6$ spores/ml or *Bacillus licheniformis*-TL-171 @ $1x10^8$ cfu/ml after veraison stage restricted the PDI of powdery mildew disease to

रोग के पीडीआई को क्रमशः 21.87 एवं 24.08 तक, अनुपचारिक नियंत्रण के पीडीआई (34.48) की तुलना में, सीमित किया।

मांजरी नवीन लताओं में उल्लेख किए गए नियमित कृषि क्रियाशैली एवं पाउडरी मिल्ड्यू नियंत्रण के लिए दस कवकनाशी स्प्रे के समेत नवम्बर से दिसम्बर तक पंद्रह दिनों के अंतराल पर लता के ड्रिप क्षेत्र में *ट्राइकोडर्मा* ($5x10^6$ स्पोर/मिली) और बॅसिलस ($1x10^8$ सीएफयू/मिली) के चार स्ट्रेन के जलीया सस्पेंशन के तीन बार प्रयोग से पाउडरी मिल्ड्यू को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिली है। सारे अनुपचारित लताओं की तुलना में उपचारित लताओं में रोग का विस्तार कम हुआ। पत्तियों और गुच्छों में *टी. हर्जीअॅनम* 5आर + *टी. विरिडी* एनएआयएमसीसी-1812 के उपयोग से पीडीआई 6.53 और 18.83 पाया गया है, जो कि कवकनाशी छिड़काव के पीडीआई (पत्तियों में 18.21 और गुच्छों में 23.83) की तुलना में बहुत कम था। इस उपचार के छिड़काव से गुच्छे के शेल्फ जीवन में सुधार हुआ। केवल *टी. हर्जीअॅनम* 5आर के प्रयोग से पत्तियों के पीडीआई में काफी महत्वपूर्ण कमी पायी गई।

सभी *बेसिलस* उपचारों ने पाउडरी मिल्ड्यू के विकास को, केवल कवकनाशी छिड़काव किए लताओं की तुलना में, प्रतिबंधित किया। केवल *बेसिलस* स्ट्रेन टीपी-232 और *बेसिलस* स्ट्रेन डीआर-92 + टीएस-45 और टीपी-232 + टीएल-171 के मिश्रीत उपयोग से पाउडरी मिल्ड्यू का पीडीआई पत्तियों और गुच्छों पर कवकनाशी उपचारित लताओं की तुलना में कम पाया गया।

## *ट्राइकोडर्मा* स्ट्रेन 5आर की पहचान और फिंगरप्रिटींग

